

■ वांगचुक का भाषण तीन मिनट का तो उसका अनुवाद आठ मिनट का क्यों -12



■ आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा दोगुना होकर 10 अरब डॉलर के पार -12



■ ईरान बोला-अगर अमेरिका प्रतिबंध हटाए तो हम समझौते के लिए तैयार -13



■ टी-20 विश्वकप में इटली को 24 रनों से हराकर इंग्लैंड पहुंचा सुपर आठ में -14


आज का मौसम
$28.0^{0}$ अधिकतम तापमान
$13.0^{0}$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.44 सूर्यास्त 06.01

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

|कानपुर नगर|

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अमावस्या 05:30 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 | मंगलवार, 17 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 178, पृष्ठ 14 | मूल्य 5 रुपये



## गारमेंट फैक्टरी में अवैध रूप से बना रहे थे पटाखे, धमाके में 7 लोग जिंदा जले

जयपुर, एजेंसी

● भिवाड़ी में घटी घटना, मैनेजर पुलिस की हिरासत में

राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी कस्बे में सोमवार को पटाखे बनाने वाली एक अवैध फैक्टरी में धमाके के साथ आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सुमित्रा पारीक ने बताया गारमेंट फैक्टरी में अंदर अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। मैनेजर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

फैक्टरी में फंसे दो लोगों को निकालकर दिल्ली के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा भिवाड़ी के खुशखेड़ा-करोली औद्योगिक क्षेत्र में हुआ। पारीक ने कहा, परिसर को गारमेंट फैक्टरी के लिए किराए पर लिया गया था, लेकिन प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार इसमें अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। पुलिस को घटना की जानकारी नियमित गश्त के दौरान मिली, इसके बाद तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार फैक्टरी में 20 से अधिक लोग मौजूद थे। आग लगते ही कुछ मजदूर बाहर निकलने में सफल रहे जबकि नौ लोग अंदर फंस गए। डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। शव बुरी तरह जले हुए थे, कई के कंकाल मिले।



फैक्टरी में धमाके के बाद लगी आग।

## पत्नी व बेटे को गोली मारकर रिटायर्ड फौजी ने भी दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से हत्या करने के बाद ट्रेन के आगे कूदकर दी जान
● हाल में बनवाया था नया आशियाना, आर्थिक संकट में वारदात की बात आ रही सामने

**अमृत विचार।** सेन पश्चिमपारा थाना क्षेत्र में 55 वर्षीय रिटायर फौजी चेतराम ने लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से पहले 47 वर्षीय पत्नी सुनीता और 15 वर्षीय बेटे दीप की गोली मारकर हत्या कर दी, इसके बाद घर से करीब दो किलोमीटर दूर भाऊपुर रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूदकर अपनी भी जान दे दी। पुलिस को पत्नी और बेटे की हत्या का पता तब चला, जब वह रिटायर्ड फौजी की शिनाख्त होने पर आत्महत्या की सूचना देने उसके घर पहुंची। इस वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। फौजी ने ऐसा कदम क्यों उठाया, फिलहाल आर्थिक तंगी की बात सामने आ रही है।

मूलरूप से घाटमपुर के पतारा में शेरूवा बखेड़िया गांव का रहने वाला चेतराम पासवान फौज से रिटायर था। वह करीब तीन महीने पहले सेनपश्चिम पारा थानाक्षेत्र के तुलसियापुरवा नई बस्ती में बनवाए गए नए मकान में रहने आया था। पिछले साल ही उसने बेटी प्रीति की शादी हापुड़ में की थी। बताते हैं कि बेटी की शादी में खर्च के बाद परिवार आर्थिक दबाव में था। इसी दौरान आवास विकास का मकान बेचकर चेतराम ने तुलसियापुरवा में नया घर बनवाया और तीन माह पहले शिफ्ट हो गया था। सेमवार सुबह घर से करीब दो किलोमीटर दूर भाऊपुर रेलवे ट्रैक पर उसका क्षत-विक्षत शव मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पास खड़ी मोटरसाइकिल से मृतक की पहचान चेतराम के रूप में की। आत्महत्या की सूचना देने पुलिस उसके आवास विकास स्थित पुराने घर पर पहुंची, जहां से पता चला कि वह परिवार समेत तीन महीने पहले नए घर में शिफ्ट हो गए हैं।



चेतराम | दीप | सुनीता वर्मा

इस पर पुलिस तुलसियापुरवा स्थित घर पहुंची, वहां दरवाजा बंद मिला। घर के अंदर जाने पर पुलिस टीम ने देखा कि बेड पर सुनीता का शव और दरवाजे के पास बेटे दीप की लाश और पास ही डबल बैरल गन पड़ी है। तुरंत घटना की जानकारी आला अधिकारियों को दी गई। मौके से चार खोखे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। दो मोबाइल फोन और पर्स भी कब्जे में लिया गया। तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए। पुलिस कॉल डिटेल, लेन-देन और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतरिम व्यापार समझौते को रूप देने अमेरिका जाएगा भारतीय दल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए भारतीय अधिकारियों का एक दल अगले सप्ताह अमेरिका जाएगा। इस समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। यह यात्रा 23 फरवरी से शुरू होने की संभावना है। भारत और अमेरिका ने इस महीने की शुरुआत में एक संयुक्त बयान जारी कर घोषणा की थी कि अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

### शबरिमला मामले में पूर्व टीडीबी सचिव जयश्री ईडी के समक्ष पेश हुईं

**कोच्चि।** शबरिमला सोना चोरी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में टीडीबी की पूर्व सचिव एस जयश्री सोमवार को पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुईं। द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्ति से तौर पर सोना गायब होने से संबंधित मामले में चौथी आरोपी जयश्री की कथित भूमिका की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा की जा रही है। उन्हें जांच के तहत उच्चतम न्यायालय द्वारा अंतरिम सुरक्षा प्रदान की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज किए गए धनशोधन मामले में भी उनका नाम आरोपी के रूप में दर्ज किया गया।

### महिला बीएलओ के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले के एक गांव में महिला बीएलओ (बूथ स्तरीय अधिकारी) के साथ दुर्व्यवहार करने, उनके सरकारी कार्य में रुकावट डालने और उनके बेटे पर हमला करने के आरोप में सोमवार को एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार यह घटना शामली जिले के झिंझाना पुलिस थाना क्षेत्र के चटेला गांव में हुई। शामली के एसपी ने बताया कि बीएलओ बबीता की शिकायत पर गुलाब नाम के आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया गया।

# भारतीय संस्कृति को रौंदने वाले गाजी की समर्थक है सपा : योगी

## विधान परिषद में गाजी मियां व वंदेमातरम् मुद्दे पर मुख्यमंत्री का तीखा प्रहार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● सीएम बोले- 2017 से पहले यूपी में माफिया चला रहे थे समांतर सरकार आज प्रदेश फियर जोन से फेथ जोन बना

**अमृत विचारः** विधान परिषद (विप) में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने गाजी मियां और वंदेमातरम् से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कहा कि सपा ऐसे गाजी के मेले का समर्थन करती है, जो भारत की परंपरा और संस्कृति को रौंदने आया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस एक ओर संविधान की दुहाई देती हैं, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रगीत वंदेमातरम् का अपमान कराती हैं, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदुस्तान में रहकर वंदेमातरम् न गाने की बात करना संविधान निर्माताओं और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान है। वंदेमातरम् को 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रगीत के रूप में मान्यता दी गई थी। प्रत्येक भारतीय का यह कर्तव्य है कि वह राष्ट्र के प्रतीकों का सम्मान करे। उन्होंने कहा कि गाजी भारत की संस्कृति और परंपरा को मिटाने आया था, लेकिन श्रावस्ती के तत्कालीन नरेश महाराज सुहेलदेव के नेतृत्व में हिंदू राजाओं ने उसे परास्त कर दिया। डबल इंजन सरकार ने महाराज सुहेलदेव को उनका उचित सम्मान दिया है, बहराइच के चित्तौड़ा में भव्य स्मारक और उनके नाम पर विश्वविद्यालय इसका प्रमाण हैं।

योगी ने वर्ष 2017 से पहले की कानून-व्यवस्था की स्थिति को याद करते हुए कहा कि उस दौर में प्रदेश में सत्ता के संरक्षण में पल रहे गुंडे और माफिया समांतर सरकार चला रहे थे। गुंडा टैक्स, अवैध वसूली, दंगे और कर्फ्यू आम बात थी। पर्व-त्योहार आस्था नहीं, बल्कि आशंका का कारण बन जाते थे। न महिलाएं सुरक्षित थीं, न व्यापारी। कहा कि 2017 के बाद यूपी ने उपद्रव से उत्सव तक की यात्रा पूरी की है। न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा है। यूपी की बढ़ती जीडीपी, किसानों को डीबीटी के माध्यम से भुगतान, ओडीओपी और एमएसएमई के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार ने विकास को गति दी है।

### बीएलओ और कर्मियों से दुर्व्यवहार कर रहे सपाई

मुख्यमंत्री ने संवैधानिक संस्थाओं पर विपक्ष के रवैये की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी समाज को जातीय आधार पर बांटने, आस्था का अपमान करने और संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार करने से नहीं चूक रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चल रही एसआईआर प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है, फिर भी सपा कार्यकर्ता बीएलओ और अन्य कर्मियों से दुर्व्यवहार कर रहे हैं, जो संवैधानिक संस्थाओं का अपमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हम संविधान की शपथ लेते हैं, तो उसकी संस्थाओं का सम्मान करना भी हमारा दायित्व है।

### नई घोषणाएं व प्रमुख दावे

- प्रदेश में तीन नई पीएसी बटालियन के गठन की प्रक्रिया तेज
- सभी नगर निगमों व गौतमबुद्ध नगर में सेफ सिटी परियोजना लागू
- फॉरेंसिक लैब और साइबर इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार
- कृषि, एमएसएमई और उद्योग में टेक्नोलॉजी आधारित योजनाओं पर जोर
- निवेश के लिए ट्रस्ट, स्टेबिलिटी और स्पीड के मॉडल को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता

## शिक्षामित्र, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकत्रियों का बढ़ेगा मानदेय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● यूपी विधान परिषद में सीएम योगी का बड़ा एलान, , पेंशन में भी बढ़ोतरी

**अमृत विचार।** विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रियों के मानदेय में बढ़ोतरी का बड़ा संकेत दिया। उन्होंने कहा कि सरकार इन वर्गों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा।

योगी ने कहा कि निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगजनों की पेंशन भी बढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही शिक्षकों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जो एक अप्रैल से लागू होगी। योगी ने याद दिलाया कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में शिक्षामित्रों की समस्या का विधिक समाधान करने का वादा किया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से शिक्षामित्रों का सहायक अध्यापक पद पर समायोजन निरस्त हो गया था। उस दौरान सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 3500 रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये प्रति माह किया था। हालांकि उसके बाद मानदेय में वृद्धि नहीं हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के विधायक लगातार बढ़ोतरी की मांग उठाते रहे हैं।

### नौ साल बाद बढ़ेगा मानदेय

प्रदेश में करीब 1.47 लाख शिक्षामित्र और 28 हजार से अधिक अनुदेशक कार्यरत हैं। सरकार लगभग नौ साल बाद इनके मानदेय में वृद्धि करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में करीब दो हजार रुपये प्रति माह तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

### 1.70 लाख आशा कार्यकत्रियों को भी राहत

प्रदेश में करीब 1.70 लाख आशा कार्यकत्रियां सेवारत हैं। एक हजार की आबादी पर एक आशा कार्यकत्री नियुक्त होती है। आशा कार्यकत्रियां गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल में ले जाकर सुरक्षित प्रसव कराने सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग करती हैं। वर्तमान में इन्हें 2500 से 3500 रुपये प्रतिमाह तक प्रोत्साहन राशि मिलती है। सरकार इस राशि में भी बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार कर रही है।

## मोदी-मैक्रों की मुलाकात आज रणनीतिक साझेदारी पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

● एआई इम्पैक्ट समिट में शिरकत करेंगे फ्रांस के राष्ट्रपति, भारत में 19 तक रुकेंगे मैक्रों

प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करेंगे और इस दौरान दोनों नेता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। दोनों नेताओं की बातचीत रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने तथा उन्हें नए और उभरते क्षेत्रों तक विस्तारित करने पर केंद्रित रहेगी।

प्रधानमंत्री मोदी 17 फरवरी को मुंबई जाएंगे, जहां फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह भारत द्वारा आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेंगे और मुंबई में प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय शिखर वार्ता करेंगे।

## एआई महाकुंभ का आगाज

नई दिल्ली, एजेंसी




दुनिया का सबसे बड़ा एआई शिखर सम्मेलन सोमवार को भारी भीड़ और लंबी कतारों के बीच यहां 'भारत मंडपम' शुरू हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्सपो का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शनी में हिस्सा ले रही स्टार्टअप कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद भी किया। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रौद्योगिकी और उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निर्माता, संस्थापक और विशेषज्ञ शामिल होंगे। राष्ट्रीय राजधानी में सम्मेलन के प्रतिनिधियों, वक्ताओं और मेहमानों के स्वागत के लिए बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए हैं। सम्मेलन के सुबह साढ़े नौ बजे से काफी पहले ही भारत मंडपम के बाहर लंबी कतारें लग गईं, जो इस विषय और सम्मेलन में लोगों की गहरी रुचि को दर्शाता है। वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गज सुंदर पिचाई, सैम ऑल्टमैन और एंथ्रोपिक के सीईओ दारियो अमोडेई के सत्र बुधवार से पहले शुरू नहीं होंगे। शिखर सम्मेलन के अंतिम दो दिन 19 और 20 फरवरी को दुनिया के 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष और सरकार के प्रमुख हिस्सा लेंगे।

## एसआईआर में लापरवाही पर प. बंगाल के 7 अधिकारी सस्पेंड

● चुनाव आयोग बोला- वोटर लिस्ट का काम संवेदनशील

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने चुनाव संबंधी विधिक प्रावधान के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए पश्चिम बंगाल में सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के रूप में कार्यरत सात अधिकारियों को गंभीर कदाचार, कर्तव्य में लापरवाही व मतदाता सूची के एसआईआर से जुड़े वैधानिक अधिकारों के दुरुपयोग के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

बूथ अधिकारी, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी व सहायक राज्य सरकार के कर्मचारी होते हैं, जो मतदाता सूची अद्यतन करने और चुनाव कराने में सहायता के लिए प्रतिनियुक्ति पर काम करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि ईसी ने राज्य की मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि संबंधित अधिकारी अपने विभाग के जरिए इन अधिकारियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई शुरू करें और इसकी जानकारी आयोग को दें।

## जेईई मेन्स : पहले फेज में 12 अभ्यर्थियों को परफेक्ट 100

नई दिल्ली, एजेंसी

● 13.04 लाख उम्मीदवारों ने दी थी परीक्षा, परफेक्ट 100 में सभी लड़के

इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मुख्य 2026 में 12 अभ्यर्थियों ने 'परफेक्ट 100' अंक प्राप्त किए हैं, जिनमें से अधिकांश राजस्थान से हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को यह घोषणा की।

इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 13.04 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। जिन प्रतिभागियों ने एनटीए में 'परफेक्ट 100' अंक प्राप्त किए हैं, उनमें से तीन राजस्थान से, दो आंध्र प्रदेश व एक-एक दिल्ली, बिहार, ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात और तेलंगाना से हैं। ये सभी 12 अभ्यर्थी लड़के हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, एनटीए स्कोर ऐसे सामान्यीकृत अंक हैं जो कई पालियों में आयोजित परीक्षा के प्रश्न पत्रों में समान रूप से मापने के लिए तैयार किए जाते हैं। ये अंक उस पाली में परीक्षा देने वाले सभी उम्मीदवारों के सापेक्ष प्रदर्शन के आधार पर निर्धारित किए जाते हैं। प्रत्येक पाली में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंक 0 से 100 तक के पैमाने में परिवर्तित किए जाते हैं। एनटीए अंक प्राप्त अंकों के प्रतिशत के समान नहीं होते। परीक्षा के सुचारू संचालन की निगरानी और सुविधा प्रदान करने के लिए एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष खोला गया था।

सुनवाई | पीठ ने कहा– यह मामला जटिल और संवेदनशील मुद्दों से संबंधित, आक्षेपित प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार

## डेटा संरक्षण 2023 कानून से संबंधी याचिका पर केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम, 2023 के कई प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने हालांकि आक्षेपित प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा कि जब तक हम मामले की सुनवाई नहीं करते, तब तक अंतरिम आदेश से संसद द्वारा लागू की गई व्यवस्था को रोका नहीं जा सकेगा।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों में संशोधन को लेकर डीपीडीपी अधिनियम और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम 2025 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र को नोटिस जारी किया। पीठ ने तीन याचिकाओं,



डिजिटल समाचार मंच 'द रिपोर्टर्स कलेक्टिव' की ओर से वेंकटेश नायक, पत्रकार नितिन सेठी और राष्ट्रीय जन सूचना अधिकार अभियान (एनसीपीआरआई) द्वारा दायर, को भी बृहद पीठ के पास भेज दिया। इन याचिकाओं में विश्वसनीयता संबंधी प्रावधानों पर चिंता जताई गई है, जो केंद्र सरकार को अपने विवेक से किसी भी डेटा प्रबंधन संस्था से डेटा प्राप्त करने की अनुमति देते हैं। पीठ ने कहा कि यह मामला जटिल और संवेदनशील मुद्दों से संबंधित है, और इसमें दो परस्पर विरोधी मौलिक अधिकारों, सूचना के अधिकार और निजता के अधिकार के बीच संतुलन बनाना शामिल है। सीजेआई ने कहा, यह परस्पर विरोधी हितों को संतुलित करने का मामला है। हमें सभी जटिलताओं को दूर करना होगा और यह निर्धारित करना होगा कि व्यक्तिगत जानकारी क्या होती है। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने ऐतिहासिक सुभाष अग्रवाल फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले ही आरटीआई और निजता के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए एक ढांचा तैयार कर लिया है। पीठ ने हालांकि कहा कि नए विधायी ढांचे के लिए एक नए, गहन परीक्षण की आवश्यकता है। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने अतिरिक्त दलीलें पेश करने की कोशिश की, लेकिन कोर्ट ने केंद्र से व्यापक जवाब सुनिश्चित करने के लिए नोटिस जारी करने की कार्यवाही शुरू कर दी। मामले की सुनवाई मार्च में निर्धारित की है।

### धार्मिक स्थलों पर महिलाओं से भेदभाव मामले की 9 जजों की पीठ करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि नौ न्यायाधीशों की पीठ केरल के शबरिमला मंदिर सहित विभिन्न धर्मों और धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव से संबंधित याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू करेगी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि गठित की जाने वाली यह पीठ सात अप्रैल को याचिकाओं पर महत्वपूर्ण सुनवाई शुरू करेगी। सुनवाई 22 अप्रैल को पूरी होने होने की संभावना है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होंने शबरिमला से संबंधित उस फैसले की समीक्षा याचिकाओं का समर्थन किया है, जिसमें केरल के पवित्र पर्वतीय मंदिर में सभी आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश की अनुमति दी गई थी। शबरिमला फैसले की समीक्षा का समर्थन करने वाले पक्षों के लिए पीठ द्वारा नियुक्त वकील कृष्ण कुमार सिंह नोडल अधिवक्ता हैं। सीजेआई ने कहा, हम यह उचित समझते हैं कि वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर और शिवम सिंह को अदालत मित्र नियुक्त किया जाए। सिंह इस न्यायालय के समक्ष सभी पक्षों के विचार प्रस्तुत करेंगे।

# धर्मस्थल केवल आस्था नहीं, राष्ट्रचेतना के भी केंद्र : योगी

## विधान परिषद में मुख्यमंत्री ने कहा- आस्था को दबाने वालों को नया उत्तर प्रदेश स्वीकार नहीं करेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विरासत पर गर्व के साथ आगे बढ़ रही डबल इंजन सरकार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धर्मस्थल केवल पूजा-अर्चना के स्थल नहीं, बल्कि राष्ट्रचेतना और सांस्कृतिक चेतना के भी केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने भारत की आस्था, विरासत और सांस्कृतिक मूल्यों को सम्मान देने का कार्य किया है। लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर को सम्मान देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा काशी विश्वनाथ धाम में उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित कराई गई, जबकि समाजवादी पार्टी उनके नाम पर जनता को गुमराह करती रही है।

विधान परिषद में सोमवार को मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस ने राम मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर और अन्य धार्मिक आयोजनों का विरोध किया। सपा सरकार के दौरान कांवड़ यात्रा, जन्माष्टमी और अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा पर रोक लगाई गई। वहीं दीपोत्सव और रंगोत्सव जैसे आयोजनों को भी बाधित किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण को मिथक बताया, जबकि सपा शासन में रामभक्तों पर गोलियां तक चलीं और मंदिर निर्माण के मार्ग में कानूनी अड़चनें खड़ी की गईं। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि भारत की आस्था को कैद करने का प्रयास अब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

योगी ने कहा कि आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन चुका है और देश-प्रदेश से हर दिन लाखों श्रद्धालु वहां दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। डबल इंजन सरकार ने आस्था को सशक्त भारत की अटल आधारशिला मानते हुए प्रयागराज, अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, विंध्याचल, चित्रकूट, शुकतीर्थ, संभल, बरेली और नैमिषारण्य सहित बौद्ध, जैन और सिख तीर्थस्थलों का समग्र विकास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की पहचान अब दीपोत्सव, देव दीपावली और रंगोत्सव जैसे आयोजनों से बन रही है। ये आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि भारत के आध्यात्मिक गौरव को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का माध्यम हैं।



विधान परिषद में भाजपा सरकार की उपलब्धियों को रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### विपक्ष पर मुख्यमंत्री का हमला

- **राज्यपाल का अपमान अस्वीकार्य–** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्यपाल संवैधानिक प्रमुख हैं, उनके प्रति अभद्र व्यवहार लोकतंत्र और संविधान दोनों का अपमान है।
- **राष्ट्रीय प्रतीकों पर दोहरा रवैया–** सपा व कांग्रेस पर आरोप लगाया कि एक ओर संविधान की बात करते हैं, दूसरी ओर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् और राष्ट्रीय प्रतीकों का विरोध कराते हैं।
- **समाज को बांटने की राजनीति–** आरोप लगाया कि सपा नेता जातीय संघर्ष भड़काने और समाज में विद्वेष फैलाने वाले बयान देते हैं।
- **संवैधानिक संस्थाओं पर हमला–** मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बीएलओ और कर्मियों से दुर्व्यवहार कर विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर रहा है।
- **कांग्रेस से सबक लेने की नसीहत–** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस विधान परिषद से बाहर हो चुकी है, सपा भी अगर अनर्गल बयानबाजी और महापुरुषों का अपमान जारी रखेगी तो उसका भविष्य भी वैसा हो सकता है।

### टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की त्रिवेणी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश बीते साढ़े आठ–नौ वर्षों में एक ऐतिहासिक परिवर्तन की यात्रा से गुजरा है। अब प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस और उत्सव प्रदेश के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश को टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की त्रिवेणी के रूप में देखा जा रहा है। यह केवल नारा नहीं, बल्कि शासन की कार्यशैली और विकास की दिशा का प्रतीक बन चुका है। यह नई त्रिवेणी प्रदेश की प्रगति, पारदर्शिता और जनविश्वास की आधारशिला बनी है। बिना अतिरिक्त टैक्स लगाए टैक्स चोरी पर रोक लगाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### ‘कुष्ठाश्रम’ शब्द हटाने का विधेयक पेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकार ने उत्तर प्रदेश के नगरीय निकाय कानूनों से भेदभावपूर्ण शब्दावली हटाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधेयक पेश किया। इसके तहत उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 और उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम, 1916 से ‘कुष्ठाश्रम’ शब्द हटाया जाएगा। यह विधेयक उस अध्यादेश के स्थान पर लाया गया है, जिसे सरकार ने दो फरवरी को जारी किया था। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के सात मई 2025 के निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है। शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों को कुष्ठ रोगियों से जुड़े कानूनों में मौजूद भेदभावपूर्ण प्रावधानों की पहचान कर उन्हें समाप्त करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि ऐसे प्रावधान मानवाधिकार और मानवीय गरिमा के प्रतिकूल हैं।

### दो राजकीय विवि की स्थापना के लिए विधेयक पारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा के बजट सत्र 2026–27 के दौरान योगी सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 और उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026 को बहुमत से पारित करा लिया। सदन में विधेयक पेश करते हुए उच्च शिक्षा राज्य मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि संशोधन विधेयक के तहत ज्ञानपुर, जनपद भदोही स्थित काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय को उन्नत कर विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाएगा। इससे आसपास के 23 महाविद्यालयों का संबद्धीकरण संभव होगा और हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और नवाचार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

### एनएचएम संविदा कर्मियों का बकाया वेतन जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश भर में स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) व अन्य इकाइयों पर तैनात राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। करीब एक लाख कर्मचारियों का दिसंबर और जनवरी का वेतन जारी कर दिया गया है। डॉ. पिंकी जोवल, प्रबंध निदेशक, एनएचएम ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) को निर्देश दिए हैं कि फरवरी माह का वेतन भी कर्मचारियों को होली पर्व से पूर्व हर हाल में उपलब्ध कराया जाए। संयुक्त एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने एमडी के निर्णय पर आभार व्यक्त किया है।

### रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग करने वाले सात गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बालीवुड में दहशत फैलाने के इरादे से फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित बंगले पर की गई फायरिंग के मामले में एसटीएफ ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। यूपी एसटीएफ ने मुंबई क्राइम ब्रांच और हरियाणा एसटीएफ को साथ लेकर मुख्य शूटर समेत गैंग के सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। सभी गिरफ्तार शूटर यूपी के आगरा, नोएडा और इटावा के रहने वाले हैं। एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, मुंबई क्राइम ब्रांच को सुराग लगा कि फायरिंग करने वाले शूटर शुभम लोनकर गैंग से जुड़े हैं। शुभम के तार लारेंस बिशनोई गैंग से भी जुड़े हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम लखनऊ आई और एसटीएफ से मदद मांगी। एसटीएफ ने हरियाणा के झज्जर में दबिश देकर आगरा के बाह थाना क्षेत्र के गांव बिजौली निवासी मुख्य शूटर दीपक, सनी, सोनू व रितिक (भाई), विष्णु कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी टीम ने गाजियाबाद के साहिबाबाद से जतिन भारद्वाज और विशाल को गिरफ्तार कर लिया।

# अखिलेश-राहुल ने चुपके से लगवाई थी वैक्सीन

## दावे पर सपा सदस्यों ने विरोध जताया तो नेता सदन ने साक्ष्य प्रस्तुत करने की बात कही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**विधान परिषद**

- बजट सत्र में उप मुख्यमंत्री ने गिनाईं उपलब्धियां
- कहा- सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ यूपी में सशक्त हो रहा स्वास्थ्य ढांचा



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**अमृत विचार :** विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री व विधान परिषद में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने बजट सत्र के दौरान दावा किया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के राहुल गांधी ने कोरोना बचाव में चुपके-चुपके वैक्सीन लगवायी थी, सपा सदस्यों ने विरोध जताया तो नेता सदन ने साक्ष्य स्वरूप फोटो प्रस्तुत करने की बात कही।

बजट सत्र के दौरान सोमवार को प्रश्नकाल के बाद शाहनवाज खान समेत सपा सदस्यों ने नियम-105 अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के गिरते स्तर मुद्दा उठाया। मुकुल यादव ने कहा कि मरीजों को अपेक्षित इलाज नहीं मिल रहा है, सरकारी अस्पतालों में 38 प्रतिशत चिकित्सक व 46 प्रतिशत नर्सेस की कमी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 45 फीसदी मरीजों को वार्ड में भर्ती करने की सुविधा नहीं है। जवाब में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार “सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास” के मूलमंत्र के साथ स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत कर रही है। प्रदेश में चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। मेडिकल कॉलेजों में विलय हुए जिला अस्पतालों सहित पीएचसी और सीएचसी में सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है, वहां निजी क्षेत्र की भागीदारी से एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसके पूर्व प्रश्न काल में शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा वर्ष 2023-24 में बिजनेस प्लान के अन्तर्गत आवंटित रुपये से पूर्व में हुए कार्यों को लेकर सवाल पूछे। ऊर्जा मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होने पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने पूर्ण कार्य की जांच कराकर सूची सदन के पटल पर रखवाने के निर्देश दिये। इसके अलावा ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कोरोना महामारी को देखते हुए सेवानिवृत्त सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों को छोड़ करके काटे गये राहत भत्तों का सवाल किया था, सत्ता पक्ष के जवाब में संतुष्ट न होने पर सभापति ने इसे दिखवा लेने के सरकार को निर्देश दिये।

शून्यकाल में निर्दलीय सदस्य राजबहादुर सिंह चंदेल एवं डॉ. आकाश अग्रवाल ने उन्नाव के परिषदीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षक, कर्मचारियों को पेंशन गणना में एक नोशनल वेतनवृद्धि का लाभ दिलाये जाने की सूचना दी, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के जवाब के बाद सभापति ने सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेज दिया।

### बजट पर नेता विरोधी दल ने सरकार को घेरा

**अमृत विचार :** परिषद में बजट पर चर्चा के दौरान नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा कि सरकार बजट का 50 प्रतिशत भी खर्च नहीं कर पाई है और विकास के बड़े–बड़े दावे कर रही है। उन्होंने बजट को जनविरोधी बताते हुए ठोस कार्ययोजना पेश करने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन उनकी आय में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हुई है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करती है, जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग है।

### पर्यटन विकास की 111 परियोजनाएं पूरीं

**अमृत विचार :** विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विधायकों ने सड़क, स्वास्थ्य सेवाओं और किसानों से जुड़े मुद्दे सदन में उठाए। सरकार ने आश्वासन दिया कि सभी मामलों की जांच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। विधानसभा में पर्यटन विभाग को लेकर सवाल उठे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 2022 से 2025–26 के बीच विभिन्न श्रेणियों में कुल 111 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं और कोई परियोजना लंबित नहीं है।

# ‘पॉलिटिकल रायता’ पर नोकझोंक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रश्नकाल में कानून-व्यवस्था और विकास योजनाओं पर गरमाई बहस
- शून्यकाल में समस्याओं के सवाल गूंजे, आशा-आंगनबाड़ी मानदेय का मुद्दा भी उठा

**अमृत विचार:** विधानसभा में प्रश्नकाल और शून्यकाल के दौरान विपक्ष ने तमाम मुद्दे उठाकर मंत्रियों को घेरा। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की ‘पॉलिटिकल रायता’ वाले बयान पर सदन में नोकझोंक हुई। बाद में अध्यक्ष के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। प्रश्नकाल में कानून-व्यवस्था और विकास योजनाओं पर बहस देखने को मिली तो शून्यकाल में स्थानीय समस्याओं की गूंज और आशा-आंगनबाड़ी मानदेय पर सवाल हुए।

विधानसभा में उस समय तीखी नोकझोंक देखने को मिली जब सपा विधायक आरके वर्मा के बोलने के दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि सीधे सवाल होंगे तो सीधे जवाब देंगे, लेकिन राजनीतिक सवाल किए गए तो ‘राजनीतिक रायता’ फैलाया जाएगा। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मंत्री सही बात कह रहे हैं। बाद में सपा विधायक कमाल अख्तर ने भी हस्तक्षेप करते हुए मंत्री से सवाल किया कि उनके विभाग में ‘रायता’ कहां बन रहा है। इस पर सदन में हल्की मुस्कान और टिप्पणी का माहौल रहा।

विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार ने निजी अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि 281 अस्पतालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई, 533 अस्पताल सीज किए गए और 1541 को नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा 426 डायग्नोस्टिक सेंटरों को नोटिस और 57 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, जबकि 91 को सीज किया गया। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय का मुद्दा उठा। प्रयागराज से सपा विधायक संदीप पटेल ने आशा बहुओं के योगदान का उल्लेख करते हुए स्थायीकरण और मानदेय बढ़ाने की मांग की। प्रतापगढ़ के विधायक आरके वर्मा ने भी पूछा कि आंगनबाड़ी कर्मियों का वेतन बढ़ाया जाएगा या नहीं। स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने जवाब में कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय दोगुना किया गया है।

### कुपोषण के मुद्दे पर मंत्री से स्पीकर ने मांगा जवाब

विधानसभा में सपा विधायक रागिनी सोनकर ने महिलाओं और बच्चों में कुपोषण व एनीमिया का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में कटौती के कारण महोबा में बच्चों को दूध में पानी मिलाकर दिया गया। महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य जब लिखित जवाब पढ़ने लगीं तो विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हें टोका और कहा कि सिस्टम में पहले से उपलब्ध जवाब न पढ़ें, बल्कि अपने स्तर से स्पष्ट उत्तर दें। इसके बाद मंत्री ने कहा कि सरकार साल में 300 दिन बच्चों को भोजन उपलब्ध करा रही है और कुपोषण के मामलों में सुधार हो रहा है।

### विधानसभा में बजट पर चर्चा जारी

विधानसभा में सोमवार को बजट पर चर्चा की भी शुरुआत हुई। सत्ता पक्ष और उसके सहयोगी दलों के सदस्यों ने बजट को सर्वतोन्मुखी और विकासोन्मुखी बताते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, जबकि विपक्ष ने इसे झूठ का पुलिंदा करार दिया। भाजपा, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) और रालोद के सदस्यों ने जहां क्षेत्रीय मांगें और विकास योजनाएं रखीं, वहीं सपा सदस्यों ने स्वास्थ्य, सड़क और शिक्षा व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए। बजट पर चर्चा मंगलवार को भी जारी रहेगी।

# विधानसभा में गूंजा जल जीवन मिशन में घपले का मुद्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अध्यक्ष ने विधानसभा की जांच समिति गठन की मांग ठुकराई

**अमृत विचार:** विधानसभा में सपा ने जल जीवन मिशन में कथित घपले का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। सपा सदस्यों ने विधानसभा की समिति बनाकर जांच कराने की मांग की। सपा का आरोप था कि प्रदेश के कई जिलों में टंकियां गिर रही हैं, नलों से पानी नहीं आ रहा और पाइपलाइन डालने के बाद गांवों की सड़कें भी दुरुस्त नहीं की जा रहीं। हालांकि अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा की जांच समिति गठन की मांग ठुकरा दी।

सपा के कमाल अख्तर और प्रभु नारायण सिंह ने नियम-56 के तहत कार्यस्थगन प्रस्ताव लाकर कहा कि योजना की अंतिम तिथि बार-बार बढ़ाई जा रही है और अब इसे 2028 तक कर दिया गया है। उन्होंने लखीमपुर और सीतापुर में टंकियां गिरने, कुछ स्थानों पर ट्यूबवेल से कम प्रेशर में जलापूर्ति होने और पाइपलाइन की गुणवत्ता खराब होने का आरोप लगाया। सपा सदस्यों ने दावा किया कि देश भर में दर्ज 17 हजार शिकायतों में से 85 प्रतिशत उत्तर प्रदेश से संबंधित हैं। साथ ही कहा कि गांवों की गलियां खोद दी गईं, लेकिन मरम्मत नहीं हो रही और हैंडपंप योजना भी बंद कर दी गई है। मामले में अध्यक्ष ने सदन में दायर याचिकाओं का छह माह में निस्तारण करने के निर्देश दिए, जिस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आश्वासन दिया कि समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

### जलशक्ति मंत्री बोले आरोप बेबुनियाद

इस पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सपा के सदस्यों की बातें आधारहीन हैं और वे अपने क्षेत्र की वास्तविक स्थिति से परिचित नहीं हैं। मंत्री ने कहा कि जहां भी गड़बड़ियां सामने आईं, वहां सख्त कार्रवाई की गई है।

# उप्र. शहरी पुनर्विकास नीति-2026 लागू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 25 वर्ष से अधिक पुराने भवनों को मिलेगा नया जीवन, स्ट्रक्चरल ऑडिट होगा अनिवार्य
- पीपीपी मॉडल, ट्रांजिट आवास और तीन वर्ष की समय सीमा के साथ शहरी पुनर्विकास

**अमृत विचार:** तेजी से बढ़ते शहरीकरण और जर्जर हो चुके पुराने आवासीय परिसरों की चुनौती से निपटने के लिए योगी सरकार ने ‘उत्तर प्रदेश शहरी पुनर्विकास नीति-2026’ लागू कर दी है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद शहरी एवं नियोजन विभाग ने इसका शासनादेश जारी कर दिया है।

इस नीति का उद्देश्य 25 वर्ष या उससे अधिक पुराने ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स को सुरक्षित, आधुनिक और सुविधायुक्त स्वरूप में पुनर्विकसित करना है, ताकि नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित आवास उपलब्ध हो सके। सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल पुराने भवनों को नया जीवन मिलेगा, बल्कि निर्माण, रियल एस्टेट और संबद्ध क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। प्रदेश के कई शहरों में पुरानी अपार्टमेंट और ग्रुप हाउसिंग परियोजनाएं संरचनात्मक रूप से कमजोर हो चुकी हैं। नई नीति के तहत वही सार्वजनिक और निजी परियोजनाएं पुनर्विकास के लिए पात्र होंगी, जो कम से कम 25 वर्ष पुरानी हों या स्ट्रक्चरल ऑडिट में असुरक्षित पाई गई हों। हाउसिंग सोसायटी या अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के मामलों में पुनर्विकास प्रक्रिया शुरू करने के लिए दो-तिहाई सदस्यों की सहमति अनिवार्य होगी। हालांकि, 1500 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल की भूमि, एकल मकान, नजूल भूमि, लीज की भूमि और इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की भूमि को इस नीति से बाहर रखा गया है।

### तीन मॉडल से होगा पुनर्विकास

सरकार ने पुनर्विकास के लिए तीन विकल्प तय किए हैं, जिसमें शासकीय एजेंसी द्वारा सीधे पुनर्विकास, पीपीपी मॉडल के तहत निजी डेवलपर की भागीदारी और सोसायटी या एसोसिएशन द्वारा स्वयं पुनर्विकास शामिल है। पीपीपी मॉडल में शासकीय एजेंसी, डेवलपर और सोसायटी के बीच त्रिपक्षीय समझौता होगा, जिसमें सभी की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से तय होंगी। हर परियोजना के लिए डीपीआर तैयार करना अनिवार्य होगा, जिसमें कॉरपेट एरिया, पार्किंग, कॉमन एरिया, ट्रांजिट आवास या किराया व्यवस्था और वित्तीय प्रबंधन शामिल रहेगा।

### तीन वर्ष में पूरी होगी परियोजना

पुनर्विकास परियोजनाओं को सामान्यत: तीन वर्ष में पूरा करना अनिवार्य होगा। विशेष परिस्थितियों में अधिकतम दो वर्ष का अतिरिक्त समय दिया जा सकेगा। नियोजन मानकों में व्यावहारिक लचीलापन रखते हुए बोर्ड की मंजूरी से कुछ शर्तों में केस–टू–केस आधार पर छूट दी जाएगी। साथ ही, आपस में जुड़े एक से अधिक भूखंडों को मिलाकर पुनर्विकास की अनुमति भी दी गई है, जिससे समेकित और बेहतर शहरी विकास संभव हो सके।

**सक्रियता** अति संवेदनशील जिलों समेत प्रदेश भर में सुरक्षा एजेंसियों को किया गया अलर्ट

# होली और रमजान एक साथ, पुलिस के लिए बड़ी चुनौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्व में उपद्रव करने के लिए बदनाम लोगों को लिया जा रहा रडार पर



**अमृत विचार:** होली और रमजान एक साथ पड़ रहे हैं तो पुलिस के लिए कानून व्यवस्था को लेकर बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। दोनों समुदायों के पर्व शांति और सौहार्द से मनाए जाएं, इसके लिए पुलिस के साथ ही खुफिया टीमों को अलर्ट कर दिया गया है। प्रदेश के अति संवेदनशील जिले लखनऊ, अयोध्या, मथुरा, बरेली, आजमगढ़, अलीगढ़, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, मेरठ, रामपुर, सहारनपुर समेत प्रदेश भर में चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उधर पुलिस ने पूर्व के उपद्रवों में शामिल रहे असामाजिक तत्वों को भी रडार पर ले लिया है।

होली का मुख्य पर्व 3 और 4 मार्च को है, लेकिन होलिका से संबंधित कार्यक्रम महा शिवरात्रि से ही शुरू हो जाते हैं। इसके तहत ब्रज क्षेत्र में तो लगातार फाग खेले जाने के आयोजन होना शुरू हो चुके हैं। दूसरी ओर 18 या 19 फरवरी से रमजान शुरू हो सकते हैं, जो कि एक महीने तक जारी रहेंगे। ऐसे में होली और रमजान का महीना साथ-साथ होंगे। इस चुनौती से निपटने के लिए पुलिस मुख्यालय से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश के सभी एडीजी, पुलिस कमिश्नर और आईजी-डीआईजी से कहा गया है कि वह फोर्स को अलर्ट मोड पर रखें। खास कर मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर विशेष नजर रखी जाए। रमजान से पहले क्षेत्र की मस्जिदों समेत सभी धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर लिया जाए।

### पीस कमेटी की बैठक शुरू करें

पुलिस और प्रशासन के अफसरों से कहा गया है कि वह अपने–अपने क्षेत्र में पीस कमेटियों की बैठक करना शुरू कर दें। सख्त हिदायत दी गई है कि पीस कमेटी की बैठकें महज रस्म अदायगी न हों, बल्कि उनमें दोनों समुदायों के कद्दावर और बड़े धार्मिक लोग शिरकत करें। उनसे खुले मन से बात की जाए। साथ ही रमजान और होलिका दहन के मौके पर आने वाली दिक्कतों के बारे में जरूर पता लगाया जाए।

### होलिका दहन स्थलों का करें सत्यापन

पुलिस को हिदायत दी गई है कि होलिका दहन स्थलों का भी पुलिस अधिकारी सत्यापन करें। यदि यदि किसी जिले में होली से पहले या फिर बाद में जुलूस की परंपरा हो तो देख लिया जाए कि पूर्व उसका रूट क्या था। कोई भी नया रूट या फिर नई परंपरा न पड़ने दी जाए। पुलिस अधिकारी रूट को पैदल गश्त करके उसका निरीक्षण कर लें। होलिका दहन भी नए स्थान पर नहीं कराया जाए। यदि विवाद की स्थिति आती है तो उसे दोनों पक्षों को बुलाकर प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए।

# फार्म-7 के दुरुपयोग को लेकर सपा विधायक चुनाव आयोग को देंगे ज्ञापन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सपा प्रमुख अखिलेश यादव

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर अज्ञात नामों से फार्म-7 भरवाए गए हैं। कन्नौज, बलिया, अयोध्या सहित कई जिलों के उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि शिकायतों के बावजूद निवार्चन आयोग की ओर से कार्रवाई नहीं हो रही।

सपा प्रमुख ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा 2027 का विधानसभा चुनाव हारने जा रही है, इसलिए मतदाता सूची के एसआईआर में फार्म-7 के जरिए बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सपा के सभी विधायक फार्म-7 के दुरुपयोग और अन्य विसंगतियों को लेकर चुनाव आयोग को ज्ञापन देंगे और विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाएंगे। उन्होंने मांग की कि नाम हटाने की प्रक्रिया केवल सरकारी बीएलओ के माध्यम से हो तथा किस बूथ पर किसके नाम से फार्म-7 जमा हुआ, इसका पूरा डेटा सार्वजनिक किया जाए। अखिलेश यादव ने मेरठ का एक वीडियो दिखाते हुए कहा कि विधायक मनोज पारस के क्षेत्र में 37 हजार और डॉ. मुकेश वर्मा के क्षेत्र में 75 हजार लोगों को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि बलिया में हमारे विधायक मो. रिजवी की पत्नी का वोट भी काट दिया गया।

### कांग्रेस के पूर्व विधायक सपा में शामिल

कांग्रेस नेता तथा पूर्व विधायक केके शर्मा ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ सोमवार को सपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का भी संकल्प लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### पत्रकार उपेंद्र अरोरा को पितृ शोक

**कानपुर देहात।** रनियां के पत्रकार उपेंद्र अरोरा के पिता एमएल अरोरा का सोमवार की सुबह देहांत हो गया। वह 80 वर्ष के थे। स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त श्री अरोरा करीब एक हफ्ते से अस्वस्थ थे।



बेटों प्रेम अरोरा और उपेंद्र अरोरा ने कानपुर के अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया था, जहां सोमवार की सुबह उनका निधन हो गया। सूचना पर शुभ चिंतक, अधिकारी, जनप्रतिनिधि उनके रनियां आवास पर पहुंचे और परिवार को सांत्वना प्रदान की। रूमा के ड्योढ़ी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर विष्णु कुमार गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, बाल जी शुक्ला, हरी शंकर ओमर, पीर मोहम्मद, शैलेंद्र तिवारी, उमाकांत कश्यप, आशीष यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, राम किशोर दिवाकर, जीतू यादव, मनोज गुप्ता आदि रहे।

### बस चालक के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

**रसूलाबाद।** शिवली थाना क्षेत्र के ललऊपूर्वा बैरी सवाई निवासी सुनील कुमार ने 20 जनवरी को पुत्र अर्पित के अपनी बहन के यहां से वापस आते समय संजय नगर कहिंजरी के समीप टक्कर मारकर घायल करने के मामले में प्राइवेट बस के चालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि केस की विवेचना कहिंजरी चौकी प्रभारी प्रवीण कृष्ण मिश्रा को सौंपी गई है।

### मेले से लापता किशोरी की गुमशुदगी दर्ज

**रसूलाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने गत 7 फरवरी को बनीपारा मेला देखने उसकी पत्नी के साथ गई उसकी 15 वर्षीय पुत्री के कहीं गायब हो जाने और काफी खोजबीन कर उसे ढूंढने का प्रयास करने पर भी उसके न मिलने की सूचना थाने में दर्ज कराई है। इसकी विवेचना कहिंजरी चौकी प्रभारी प्रवीण कृष्ण मिश्र करेंगे।

### अतिरिक्त खनन पर 12 लाख का जुर्माना

**कानपुर देहात।** खनन अधिकारी ने बताया कि भोगनीपुर तहसील के खरतला कटरी खनन क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। खनन व राजस्व विभाग की संयुक्त जांच टीम ने जांच में यहां 1851 घनमीटर अतिरिक्त खनन और परिवहन पाया। इस पर पट्टाधारक पर 12,21,890 अर्थदंड राजकोष में जमा कराया गया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध खनन व परिवहन को लेकर गठित टास्कफोर्स द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

### जन सुनवाई में जूम एप से जुड़े अफसर

**कानपुर देहात।** सोमवार को डीएम कपिल सिंह ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की। लोगों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं को प्रकरण की प्रगति उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने आईजीआरएस पोर्टल की नियमित समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए। जनसुनवाई को प्रभावी एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तर के सभी अधिकारी, एसडीएम, बीडीओ एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (ज़ूम) के माध्यम से जुड़े रहे।

### कल विकास भवन में होगा किसान दिवस

**कानपुर देहात।** शासन के निर्देश पर किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु जनपद स्तर पर हर माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 18 फरवरी, बुधवार को विकास भवन सभागार माती में सुबह 11बजे से किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। उप निदेशक कृषि ने बताया कि कार्यक्रम में कृषि एवं कृषि समावेशी विभागों यथा उद्यान विभाग, पशु पालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, सहकारिता विभाग, मण्डी समिति, लघु सिंचाई विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम, कृषि विज्ञान केन्द्र, अग्रणी बैंक मैनेजर, नेडा एवं फसल बीमा कंपनी के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। किसानों की समस्याओं को निस्तारित करने के साथ-साथ उपस्थित कृषकों को विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों एवं नवीनतम और उन्नत कृषि तकनीकी के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने का कार्य भी किया जाएगा।

## कचहरी की जांची सुरक्षा



पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के निर्देश पर सोमवार को माती जिला एवं सत्र न्यायालय के मुख्य द्वार के साथ पूरे परिसर में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभी हाल में प्रदेश की 19 कचहरी में विस्फोट की धमकी मिलने के बाद इस अभियान के अंतर्गत एंटी- सैबोटाज टीम एवं डॉग स्क्वायड की ओर से संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की सघन जांच की गई। न्यायालय परिसर में सुरक्षा को मजबूत बनाने, आम जनता में सुरक्षा एवं विश्वास को बनाए रखने और किसी भी संभावित गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने बड़ी ही सतर्कता एवं व्यवस्थित तरीके से चेकिंग अभियान चलाया। • अमृत विचार

# फसलें बचाने को रतजगा कर रहे किसान

**गोवंश का दंश**

- महज कागजों पर ही गौशालाओं में संरक्षित हो रहे मवेशी
- खेतों पर लहलहाती गेहूं की फसल बचाने को जूझ रहे किसान

संवाददाता, रसूलाबाद



गेहूं की लहलहाती फसलों को बर्बाद कर रहे आवारा गोवंश। अमृत विचार

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के अनेक गांवों में आवारा गोवंश किसानों के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं। इन गोवंशों के कारण किसानों की रबी की गेहूं चने आदि की फसलें बर्बाद हो रही हैं। इन फसलों को बचाने के लिए किसान रात रात भर जागकर खेतों की रखवाली करने को विवश हैं। इन आवर गोवंशों की रोकथाम के लिए सरकार की ओर से बनाई गई क्षेत्र की कुछ गौशालाएं केवल कागजों तक ही सीमित दिखाई दे रही हैं। इससे समस्या और बढ़ गई है।

शहबाजपुर, मुनौरापुर और आसपास के गांवों में आवारा गोवंशों के झुंड खुलेआम खेतों में घुसकर गेहूं, आलू और चना जैसी खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अनेक ग्रामीणों व किसानों ने बताया कि यदि फसलों की रखवाली न की जाए तो एक ही रात में पूरी फसल बर्बाद हो जाती है। जिससे उनकी मेहनत और लागत दोनों बर्बाद हो जाती हैं। घुक्खा पुरवा निवासी किसान संजेश दुबे ने बताया कि सरकार ने आवारा गोवंशों को गौशालाओं तक पहुंचाने की योजना जगह-जगह गौशालाएं बनाकर बनाई थी किंतु कतिपय अधिकारियों ने इसे केवल कागजों पर ही पूरा किया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि बर्रा ठर्रा गांव में गौशाला होने के बावजूद क्षेत्र में आवारा गोवंशों का जमावड़ा लगा रहता है। किसानों ने इस समस्या को लेकर कई बार संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें दर्ज कराई हैं लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। किसानों ने प्रशासन से इस समस्या के जल्द समाधान की मांग की है। अनेक किसानों ने बताया कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उनकी खेती और आजीविका दोनों संकट में पड़ जाएंगी।

### बीडीओ बोले, मामले की जानकारी नहीं

- खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच कराकर आवारा गोवंशों को नजदीकी गौशाला में भेजा जाएगा।

# 83 केंद्रों पर कल से होगी यूपी बोर्ड की परीक्षा, तैयारियां पूरी

## परीक्षाओं को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों और केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



बोर्ड परीक्षाओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचारः** अगले माह शुरू हो रही यूपी बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सोमवार को डीएम कपिल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार में परीक्षा के जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र एवं सह केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने साफ तौर पर कहा कि परीक्षाएं नकल विहीन और सुचिता पूर्ण वातावरण में कराई जाएं। इसके साथ किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं होगा।

माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाई स्कूल और इंटर मीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच होंगी। इस बार जनपद में 83 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। डीआईओएस ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक होंगी जब कि इंटरमीडिएट की परीक्षा द्वितीय पाली में अपराह्न 2 बजे से 5:15 बजे तक संपन्न होगी। जनपद में हाईस्कूल के 25,053 एवं इण्टरमीडिएट के 24,557 सहित कुल 49,610 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा को निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु 10 जोनल मजिस्ट्रेट, 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 83 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 83 केन्द्र व्यवस्थापक तथा 83 बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा अवधि में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर सतत निरीक्षण करेंगे तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों के आसपास धारा 163 का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा केन्द्रों के निकट स्थित फोटोकॉपी या प्रिंटिंग की दुकानों को परीक्षा अवधि में बंद रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील अवस्था में रहें तथा उनका कंट्रोल रूम से सतत अनुश्रवण किया जाए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। परीक्षा केंद्र पर स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, साफ-सफाई, फर्नीचर की समुचित व्यवस्था तथा विद्युत आपूर्ति का बैकअप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी बोर्ड द्वारा जारी निर्देशिका का भली-भांति अध्ययन कर लें और उसी के अनुरूप कार्यवाही करें। किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक ब्रजभूषण चौधरी, अपर जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**25,053** हाईस्कूल के परीक्षार्थी पंजीकृत

**24,557** इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी शामिल

**83** स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए

### मोबाइल फोन पर पूरी तरह रहेगा प्रतिबंध

- बैठक के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया कि प्रश्नपत्र निर्धारित समय पर ही खोले जाएं। इसके अलावा, परीक्षा कक्ष के भीतर किसी भी अधिकारी, कर्मचारी या परीक्षार्थी द्वारा मोबाइल फोन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। समस्त मोबाइल फोन एक सीलबंद या ताला बंद बॉक्स में सुरक्षित रखवाए जाएं।

### कंट्रोल रूम के जारी किए मोबाइल नंबर

- यूपी बोर्ड परीक्षाओं के लिए जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका मोबाइन नंबर 9454457387, 9305407737, 7007084001 है। किसी भी सहायता के लिए इन नंबरों पर कॉल किया जा सकता है।



बीईओ का सम्मान करते शिक्षक संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

# डूबते युवक को बचाने वाले बीईओ का सम्मान

- नहर में गिरी थी कार, डूबते युवक को बचाने कूदे थे अजब सिंह

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** नहर में 6 फरवरी को कार के गिरने से तीन व्यक्तियों की मृत्यु के मामले में बीईओ अजब सिंह द्वारा किए गए साहसिक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए शिक्षक संगठन ने उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर प्रतिक चिह्न दिया है।

मंडलीय मीडिया प्रभारी हिमांशु गुप्ता ने कहा कि उनकी बहादुरी, सजगता एवं समर्पण भाव की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने जिस साहस और दृढ़ता के साथ दायित्वों का निर्वहन किया, वह शिक्षा विभाग एवं क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के लिए उनके निरंतर प्रयासों से विद्यालयों में अनुशासन, गुणवत्ता एवं उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा मिला है। उनके नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी वे इसी प्रकार निष्ठा एवं साहस के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे। इस अवसर पर अन्य उपस्थित जनों में जिला मंत्री पुनीत अवस्थी, ब्लॉक संगठन मंत्री गौरव सिंह गौर, ब्लॉक अध्यक्ष मयंक मिश्रा, ब्लॉक महामंत्री हेमंत सिंह गौर, ब्लॉक उपाध्यक्ष सचिन छाबड़ा, अर्पित कृष्णा और आलोक रंजन आदि उपस्थित रहे।

# विधानसभा के घेराव में जाने से पहले ही कांग्रेसी नजर कैद

संवाददाता, रसूलाबाद



घर में नजर कैद की गई कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मनोरमा संखवार।

**अमृत विचारः** भाजपा सरकार के कथित कुशासन के विरोध में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की ओर से 17 फरवरी को विधानसभा के घेराव की घोषणा की गई है। विधानसभा के घेराव कार्यक्रम को विफल करने के लिए सोमवार से ही प्रमुख सक्रिय कार्यकर्ताओं को उनके घरों में ही नजर कैद कर दिया गया है।

जिले के कांग्रेसियों को घेराव में शामिल होने से रोकने के लिए पुलिस सक्रिय है। कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रत्याशी रहीं मनोरमा संखवार ने बताया कि सरकार ने दमनात्मक रवैया अपनाया है। उनके सक्रिय कार्यकर्ताओं को उनके घरों में ही कैद कर दिया गया है। उन्हें भी 17 फरवरी को लखनऊ के विधानसभा घेराव कार्यक्रम में अपने कार्यकर्ताओं के साथ जाना था, किंतु इसके पूर्व ही पुलिस प्रशासन ने उन्हें उनके घर में ही कैद कर दिया है।

## जेवर चोरी मामले में किशोर गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** डेरापुर थाने की पुलिस ने जेवर चोरी के मामले में किशोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चोरी का माल खरीदने वाले औरैया के ज्वैलर्स के खिलाफ भी पुलिस ने मुकदमा कायम किया है।

मुंगीसापुर चौकी प्रभारी अरविंद तिवारी ने बताया कि दिसंबर माह में मुंगीसापुर में चोरी हुई थी। जांच में पुलिस को जानकारी मिली कि मुंगीसापुर का एक किशोर शामिल था। चोरी के बाद से वह फरार था। सोमवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी ने चोरी किए गए गहने मुंगीसापुर कस्बे में दुकान खोले औरैया निवासी एक ज्वैलर्स को बेचे थे। इस पर ज्वैलर्स के खिलाफ चोरी के गहने खरीदने का मामला दर्ज किया गया है।

# पार्वती-महादेव के विवाह में बाजे ढोल, सजाया गया शिव का मंदिर

संवाददाता,रसूलाबाद



बारात में शंकर और पार्वती बने बाल कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर जोत ग्राम स्थित प्राचीन शंकर मंदिर परिसर में शिव-पार्वती विवाह का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ग्रामवासी उपस्थित रहे। भगवान शिव पार्वती विवाह के चलते मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

इसके साथ ही ढोल नगाड़ों व भजन कीर्तन के साथ भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की पारंपरिक झांकी निकाली गई। भक्तों ने बम बम भोले , श्हर हर महादेवश् के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से शिव-पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से अतुल भदौरिया, सौरभ सिंह, गोलू सिंह, प्रांशु, अनुराग सिंह, शनि सिंह और भूरा सिंह सहित गांव के काफी लोग मौजूद रहे।

**मांगा सहयोग** | एसआईआर को लेकर हुई बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों को दी जानकारी

# निर्वाचन कार्यालय से ढाई लाख लोगों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



कलेक्ट्रेट में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एडीएम ने बैठक की। अमृत विचार

**अमृत विचारः** एसआईआर को लेकर जनपद में अब तक ढाई लाख से अधिक लोगों को नोटिस जारी किया जा चुका है। वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए उपयुक्त कागजों की मांग की गई है। इसके साथ मौजूदा वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने और नामों के शुद्धिकरण का काम भी तेजी से चल रहा है। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी। सोमवार को वह राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी कपिल सिंह के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की जानकारी साझा की गई। साथ ही नोटिस निर्गत किए जाने एवं उनकी सुनवाई से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्रदान करने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत नवीन दिशा-निर्देशों से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखते हुए आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किए जाने पर विशेष बल दिया। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इस अवसर पर दावे एवं आपत्तियों की सूची राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं सहभागी बनाया जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दिनांक 16फरवरी तक कुल 43559 फार्म-6, 1201 फार्म-7 एवं 8447 फार्म-8 प्राप्त हुए हैं। अब तक कुल नोटिस 267389 निर्गत किए जा चुके हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण कराने की अपील की।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के सक्रिय सहयोग की अपील की गई। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में समाजवादी पार्टी से शेखू खान एवं बृजमोहन यादव, कांग्रेस पार्टी से गोविंद यादव, बहुजन समाज पार्टी से युवराज सिंह व आशुतोष गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विसायकपुर गांव में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

- रात में खाना खाने के बाद कमरे में सोया था, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** क्षेत्र के विसायकपुर गांव में रविवार रात एक युवक का फंदे पर शव लटका मिला। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

विसायकपुर निवासी बीरू (19) पुत्र रमेश कमल चकरपुर मंडी में मजदूरी करता था। बताया गया कि रात में खाना खाकर वह अपने कमरे में चला गया। सोमवार भोर पहर बरामदे में छत की सरिया से रस्सी में शव लटका मिला। सूचना पर रनियां थाने के एसआई सुरेंद्र सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद फोरेंसिक टीम को बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य संकलित किए। पुलिस ने परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की बात सामने आई है। पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। बताते हैं वीरू कमल अपने भाइयों में तीसरे नंबर का था। उसकी मां मीना देवी भाई सुभाष, मिथुन, अरुण और आर्यन रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष शिवनारायण सिंह ने कहा कि मामले जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# खेत में पानी लगाने गए अधेड़ की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

## परिजनों ने साथ गये ग्रामीण पर लगाया हत्या का आरोप, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** खेत में रात पानी लगाने गये किसान का शव पडा मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना पर पहुंची डॉग स्क्वायड, फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस जांच में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के गांव नगला वीरभान निवासी चंद्रपाल (50) पुत्र श्रीकृष्ण यादव रविवार की देर रात गांव के बाहर खेत में खड़ी फसल में अपने साथी के साथ पानी लगाने गया था। सुबह होने पर जब वह वापस नहीं लौटे तो घर वालों ने उसकी खोजबीन शुरू की तो पाया गांव के बाहर चंद्रपाल का शव पड़ा था। शव देख कर परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी होने पर आसपास से वहां भीड़ एकत्रित होने लगी। मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड में हैंडलर मानवीर सिंह व डॉग जैकी एवं फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए। पुलिस को परिवार के लोगों ने बताया चंद्रपाल की हत्या की गई।



चंद्रपाल।



घटनास्थल पर जांच करती डॉग स्क्वायड टीम व मौके पर लोगों की भीड़।

परिजनों ने उसके साथी पर हत्या का आरोप लगाया। परिजनों ने कहा कि रविवार देर रात वह अपने साथी के साथ फसल में पानी लगाने के लिए गये थे। पुलिस ने साथी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क चौड़ीकरण में लापरवाही

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन-बिल्हौर मार्ग पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण के काम ने स्थानीय निवासियों और राहगीरों की नींद उड़ा दी है। लखनऊ-इटावा राजमार्ग को 7 मीटर से बढ़ाकर 10 मीटर चौड़ा करने की कवायद तो शुरू हो गई है, लेकिन विभाग और ठेकेदारों की घोर लापरवाही के कारण यह विकास अब हादसे की आहट देने लगा है।

ककवन कस्बे के पास, नहर पुल से ठीक पहले सड़क किनारे लगभग 30 फीट गहरी खाई खोदकर छोड़ दी गई है। यह खाई एक तीखे मोड़ पर स्थित है। आधी-अधूरी तैयारी के साथ किए जा रहे इस काम ने पूरे इलाके को दुर्घटना के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। निर्माण स्थल पर न तो कोई संकेतक बोर्ड लगाया गया है और न ही सुरक्षा के लिए बैरियर लगाए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन के उजाले में तो लोग बचकर निकल जाते हैं, लेकिन रात के समय यह मार्ग किसी 'डेथ ट्रैप' से कम नहीं होता। बिना लाइट और बिना चेतावनी बोर्ड के, अनजान वाहन चालकों के इस 30 फीट गहरी खाई में गिरने की आशंका बनी रहती है। जबकि कार्यदायी संस्था के द्वारा निर्माण सामग्री में भी ठीक ढंग से प्रयोग नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते लोगों ने जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों से भी मामले की शिकायत की है।

### सपा विधानसभा अध्यक्ष ने उठाए सवाल

- इस अव्यवस्था को लेकर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कार्यदायी संस्था की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा ठेकेदार और विभाग सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर काम कर रहे हैं। जनता की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से खाई के पास बैरियर और रिफ्लेक्टर वाले बोर्ड लगाए जाएं।

### दूर करेंगे समस्याएं

- एसडीएम संजीव दीक्षित ने बताया कि मैं खुद ही मार्ग पर निर्माण कार्य को देखा है और विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही उजागर हुई है। विभाग के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर तत्काल प्रभाव में समस्याओं को दूर कराया जाएगा तथा लापरवाही भी दूर की जाएगी।

### साइट का निरीक्षण करेंगे

- एक्सईएन अखंडेश्वर प्रसाद ने कहा कि मामले की जानकारी हुई है इसी हफ्ते निर्माण कार्य की गुणवत्ता चेक करने के लिए साइट का निरीक्षण किया जाएगा तथा लापरवाही या हादसे के इंतजार से पहले सावधानी पूर्वक संकेताक बोर्ड भी लगवाए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### साइबर ठगी के शिकार युवक के वापस मिले 16 हजार

**बिल्हौर।** थाना ककवन पुलिस ने तकनीकी दक्षता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए एक युवक के साथ हुई साइबर ठगी की रकम वापस कराने में सफलता पाई है। पुलिस की इस कार्यप्रणाली की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है। थाना ककवन के ग्राम मलखरा निवासी विकास कुमार साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। उनके खाते से 16,000 रुपये अवैध रूप से निकाल लिए गए थे। पीड़ित द्वारा इस संबंध में तत्काल शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत मिलते ही पुलिस आयुक्त और अन्य उच्चाधिकारियों के निर्देशन में थाना ककवन पुलिस ने एनसीआरपी पोर्टल की मदद ली। तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए पुलिस ने ठगी गई पूरी राशि 16,000 रुपये रिकवर कर आवेदक को वापस दिला दी। डूबी हुई रकम वापस मिलने पर युवक के चेहरे पर खुशी की लहर देखी गई। रुपये वापस दिलाने वाली टीम में मुख्य रूप से जितेन्द्र सिंह राजपूत, यादवेन्द्र यादव शामिल रहे।

### हादसे में घायल दूसरे साथी की इलाज के दौरान गई जान

**बिठूर।** लोधेश्वर मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हुए हादसे में घायल दूसरे साथी ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार को रामनगर निवासी अमित मिश्रा उर्फ कन्हैया अपने साथी आमोद बाजपेई के साथ दर्शन कर लौट रहे थे। गोमती नगर के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अमित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 57 वर्षीय आमोद बाजपेई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्वजनों ने आमोद को उपचार के लिए हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान एक सप्ताह बाद दम तोड़ दिया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**हमीरपुर।** जरिया गांव निवासी बलराम पुत्र राजेश ने अपने घर की अटारी में साड़ी के फंदे से फांसी लगा ली। सोमवार सुबह जब परिजनों ने उसे मृत अवस्था में देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। परिजनों ने बताया कि बलराम अपने पिता की लगभग दो बीघा कृषि भूमि पर खेती करके परिवार का भरण-पोषण करता था। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी के चलते उसने यह कदम उठाया है।

### बोर्ड परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी

**हमीरपुर।** मुस्करा विकासखंड के उमरी के शाश्वत शांति इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। केंद्र व्यवस्थापक ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात सभी शिक्षकों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। सोमवार को सुबह से ही परीक्षार्थियों की प्रवेश पत्र लेने के लिए भीड़ एकत्र हो गई। केंद्र व्यवस्थापक अनिल कुमार पालीवाल ने बताया कि पीने के पानी, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा वॉइस रिकॉर्डर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई हैं। पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक, वहीं दूसरी पाली शाम 2:00 बजे से 5:15 तक आयोजित की जाएगी।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मामा की मौत, भांजा घायल

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

अमृत विचार। बेटी के मंडप के दिन कन्यादान का सामान लेने बाजार आए पिता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गई। जहां एक ओर बेटी हाथ पीले किए बैठी रही तो वहीं दूसरी ओर मंडप के दिन पिता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जिससे घर में खुशियों की जगह मातम पसर गया है।



सिद्ध गोपाल।

पड़ोसी महोबा जनपद के कराहरा गांव निवासी देवकरन ने बताया कि वह सोमवार को लगभग 3 बजे खरेला थाना क्षेत्र के बसौठ गांव निवासी अपने मामा सिद्धगोपाल (50) पुत्र घंसू कुशवाहा के साथ मामा की बेटी कोमल की शादी के लिए मंडप वाले दिन मुस्करा कस्बे की बाजार कन्यादान का सामान खरीदने के लिए आया था। हमीरपुर रोड पर थाना गेट से आगे सामने उनकी बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे मामा सिद्धगोपाल बुरी तरह घायल होकर गिर गया। साथ में वह भी घायल हो गया। आनन-फानन में लोगों ने दोनों घायलों को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया, जहां सिद्ध गोपाल को देखते ही डॉक्टर संतोष राजपूत ने मृत घोषित कर दिया, वहीं भांजे देवकरन को मामूली चोटें आईं। परिजनों को घटना की सूचना मिलने पर चीख पुकार मच गई। सारे रिश्तेदार सीएचसी में एकत्र हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक को ड्राइवर समेत मौके पर ही पकड़ लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि ट्रक को ड्राइवर समेत पकड़ लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आशा कार्यकर्ताओं ने सीएचसी अधीक्षक पर लगाये आरोप



ब्लाक प्रमुख शुभम वाजपेई को ज्ञापन सौंपतीं आशा बहुएं। अमृत विचार

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** ब्लॉक की आशा बहुओं ने अपनी मांग से संबंधित एक ज्ञापन ब्लॉक प्रमुख को सौंपा। ब्लाक प्रमुख ने उनकी बात शासन तक पहुंचाने की बात कही।

ब्लॉक क्षेत्र में 137 आशा बहुएं कार्यरत हैं। आशा बहुओं की मांगों का आंदोलन काफी समय से चला आ रहा है, किंतु उनकी मांग पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। इसी के चलते सोमवार को आशा बहुओं ने अपनी मांग से संबंधित एक ज्ञापन ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई को सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि हम लोगों का 3 महीने का वेतन नहीं मिला है। वहीं इंसेंटिव भी बकाया पड़ा है। साथ ही आशा बहुओं ने सीएचसी अधीक्षक पर इंसेंटिव मांगने पर 20 पर्सेंट कमीशन मांगने का आरोप लगाया है। इस मामले में सीएचसी अधीक्षक दिलीप सचान ने बताया कि कमीशन मांगने का आरोप बुनियाद है। साथ ही उन्होंने कहा कि इनका जो वेतन रुका है वह हड़ताल के समय का रुका हुआ है, जिसमें इन लोगों उस समय काम नहीं किया है। इन लोगों ने जब काम नहीं किया है तो हड़ताल के दिनों का वेतन कैसे जारी किया जाएगा।

# कबूतरबाजों के पाक से संपर्क होने का आरोप

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे सहित क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को विदेश में अच्छी नौकरी का झांसा देकर विदेश भेज कर अरबों रुपये की अवैध सम्पत्ति बनाने वाले कबूतर बाज के पाकिस्तानी एजेंटों से सम्पर्क की बात कह मुख्यमंत्री से आरोपी की गिरफ्तारी और संपत्ति सीज करने की गुहार लगाई है।

कस्बे के बड़ा चौराहा निवासी शिक्षित बेरोजगार युवक शमीम उद्दीन पुत्र फैयाज उद्दीन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मिलकर बताया कि कस्बे के मोहल्ला उपरौस निवासी कबूतर बाज सैफुल हयात ने शिक्षित बेरोजगार युवाओं को विदेश भेजकर अरबों रुपये की अवैध सम्पत्ति अर्जित की है। इतना ही नहीं पीड़ित ने मुख्यमंत्री से बताया कि आरोपी के संबंध पाकिस्तानी एजेंटों से भी हैं। पीड़ित ने आरोपी की गिरफ्तारी और संपत्ति सीज करने की मांग की है। जिस पर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया है और कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# ब्लैकमेलिंग से आहत सर्राफ ने किया आत्महत्या का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** ग्राहक की ब्लैक मेलिंग से आहत शहर के एक सराफा व्यापारी ने रविवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस घटना से नाराज सराफा व्यवसाइयों और व्यापार मंडल ने दुकानें बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

शहर के सर्राफा कारोबारी भाइयों के खिलाफ गिरवी रखे गए सोने के गहनों को वापस न करने की दर्ज की गई एफआईआर के 16वें दिन एक भाई सुरेंद्र सोनी ने रविवार को तनाव के चलते चूहा मार दवा खा ली। हालत बिगड़ने पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उसे कानपुर रेफर किया गया है। परिजनों ने एफआईआर दर्ज कराने वाले प्रांशु गुप्ता सहित तीन लोगों पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। उधर जहर खाने से पूर्व सर्राफा कारोबारी का खुद से बनाया वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

वीडियो में इस कदम के लिए शहर के सुनराही गली हाथी दरवाजा निवासी प्रांशु गुप्ता, उसके पिता सत्य प्रकाश गुप्ता, उसकी मां उर्मिला गुप्ता को जिम्मेदार ठहराया है। इस घटना से गुस्साए सर्राफा कारोबारियों ने सोमवार को अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ओमर ने एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शहर स्थित ओम ज्वेलर्स के मालिक सुरेन्द्र सोनी व राजेन्द्र सोनी उनके संगठन के सक्रिय सदस्य व पदाधिकारी हैं। आरोप लगाते हुए बताया कि बीते 02 माह से सुनराही गली हाथी दरवाजा निवासी सत्य प्रकाश गुप्ता, उनकी पत्नी उर्मिला गुप्ता व पुत्र प्रान्शू गुप्ता उनके प्रतिष्ठान में अभद्रता एवं धमकी देकर गलत तरीके से मुकदमे में फंसाने के लिए प्रताड़ित कर रहें है।

इसी के चलते रविवार को सुरेन्द्र सोनी ने जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या का प्रयास किया।

# कत्थक नृत्य के साथ भजनों में झूम उठे बुंदेले

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सूर्य महोत्सव में रविवार की शाम भजन गायकों के नाम रही। हमीरपुर से भजन गायक मलय सोनकर और बावला ब्लाइंड स्टार ग्रुप महोबा ने भजनों की शानदार प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय कर दिया। भजन सुनकर श्रोता पंडाल में ही भजन गुनगुनाते रहे। वहीं आल्हा गायक वंशगोपाल यादव ने आल्हा की चौपाई सुनाकर श्रोताओं में जोश भर दिया।

फर्रुखाबाद से आई अंजली चौहान ने कत्थक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। कत्थक नृत्य देखने के लिए लोग शांति से डटे रहे। द हिलियन्स ग्रुप ने शिव बारात और सूर्य भगवान की बेहतर प्रस्तुति देकर दर्शको की वाहवाही लूटी। इसके बाद स्कूली बच्चों ने भी अपनी शानदार कला की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बुंदेलखंड में आज भी आल्हा गान के शौकीनों की कमी नहीं है। आल्हा गायन के कार्यक्रम की खबर लगते ही दर्शकों से पंडाल भर गया। आल्हा गायन सुनने के लिए शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के सबसे ज्यादा लोग दिखाई। आल्हा सम्राट वंशगोपाल यादव ने आल्हा गायन बुंदेलखंड की प्रसिद्ध वीर गाथा सुनाई।

धर्म अध्यात्म

शिव हरी धाम में धूमधाम से निकली शिव बारात, लोगों ने जगह-जगह किया स्वागत

# पार्वती जी के जयमाल पड़ते ही हुई पुष्पवर्षा, लगे जयकारे

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** शिव हरी धाम स्थित बाबा भूतेश्वर महादेव मंदिर में भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया। यहां पर धूमधाम के साथ शिव बारात निकाली गई। बारात में भूत पिशाच, देवता और हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए। इस दौरान हजारों की संख्या में मौजूद लोग भोले बाबा के बाराती बने। साथ ही महिलाएं पार्वती माता की ओर से जनाती बनीं। बारात भ्रमण करने के बाद मंदिर परिसर पर पहुंची। वहां पर बाबा का विवाह मां पार्वती के साथ संपन्न हुआ। जिसके बाद मां पार्वती और बाबा भोलेनाथ की झांकी नगर के विभिन्न गलियों से होते हुए। बाबा भूतेश्वर महादेव महाराज जी मंदिर पहुंची। जहां पर बारात का समापन हुआ।

महाशिवरात्रि के अवसर पर धूमधाम के साथ भोलेशंकर की बारात निकली। बारात दोपहर करीब 11 बजे बाबा भूतेश्वर महादेव महाराज जी महादेव मंदिर से निकली। यहां पर आगे चल रहीं दर्जनों गाड़ियों में लगाए गए बड़े बड़े लाउडस्पीकरों शिव स्तुति समेत विभिन्न भक्ति गीत बजते रहे। वहीं ट्रैक्टरों में शिव के विभिन्न रूप की झांकिया माहौल को शिवमय करती रहीं। शिव बारात के साथ में दिवारी नृत्य, भागड़ा, शिव तांडव, घोड़े का नृत्य लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों के अलावा हनुमान जी, राम लक्ष्मण सीता, वहीं यमराज की झांकियां भी आकर्षक का केन्द्र बनी रहीं। इस दौरान यहां पहुंची घाटमपुर विधायक सरोज कुरील, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण समेत मनीष तिवारी, अंकित दीक्षित, पंडित ओमप्रकाश मिश्रा, राजेंद्र सिंह चौहान ,रामकुमार द्विवेदी, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील पांडे, जीतू चौरसिया, पंडित शिवकुमार द्विवेदी, राजू मिश्रा, चौबेपुर राजेश अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह राजावत, टीटू पांडे समेत सैकड़ों लोगों ने भगवान शिव की आरती उतारी। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात रहा है। बाद में यहां पर हुए भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते कलाकार। अमृत विचार



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

- शिव बारात में झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

# यूजीसी के समर्थन में निकाला जुलूस

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के ब्रह्मानंद महाविद्यालय से यूजीसी के समर्थन में एक आंदोलनकारी जुलूस निकाला गया। ओबीसी, एससी एसटी संयुक्त मोर्चा के तहत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने नारेबाजी करते हुए जुलूस निकालकर व प्रदर्शन कर राठ तहसील में उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार को ज्ञापन सौंपा।

धर्मपाल सिंह जखेड़ी व सपा के सत्यपाल यादव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यूजीसी विनियमों पर लगाए गए स्टे को तत्काल हटाने के लिए संवैधानिक एवं विधिक प्रयास किए जाएं। समता दूत, समता स्क्वाड एवं मॉनिटरिंग कमेटी की नियुक्ति के लिए रोस्टर प्रणाली निर्धारित की जाए। ताकि सबका पर्याप्त प्रतिनिधित्व निष्पक्ष, पारदर्शी एवं संवैधानिक आरक्षण नीति के अनुरूप हो।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### सूचना

पहले मेरा नाम ZABIYA KHATOON था अब मैने बदलकर अपना नाम JABIYA KHATOON रख लिया है भविष्य में मुझे JABIYA KHATOON के नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O- ABDUL AZIZ R/O- 119/VILL AND POST KAHLA MALIHABAD RAHIMABAD, LUCKNOW

### सूचना

मेरा पुत्र वरूण कुमार पाण्डेय एवं वरुण पाण्डेय (पुत्र स्व अरुण कुमार पाण्डेय),दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। **श्रीमती बीना पाण्डेय पत्नी स्व अरुण कुमार पाण्डेय पता 323, आदर्श नगर जे0 के0 कालोनी कालोनी कानपुर नगर**

### सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम AMIT JAISWAL था से बदलकर AMIT KUMAR JAISWAL रख लिया है। अब मुझे AMIT KUMAR JAISWAL के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-AMAR KUMAR JAISWAL ADD-954/397E-13, MEERAPUR VTC ALLAHABAD DIST-PRAYAGRAJ-211003

### सूचना

मेरी पुत्री विधी मिश्रा के पासपोर्ट सं0–V0254030 में त्रुटिवश मेरा नाम PREET MISHRA अंकित हो गया है। इसे संशोधित कर मेरा सही नाम PREETI MISHRA लिखा व पढ़ा जाये। **प्रीति मिश्रा पत्नी राजेश कुमार मिश्र, नि0–54, मानस विहार कालोनी, सर्वोदय नगर, इंदिरा नगर, लखनऊ। पिन कोड–226016**

### सूचना

मैं **काजी क़ाज़ी मसीउद्दीन पुत्र मोहम्मद युनुस निवासी–ग्राम भगवाभीट थाना पूराकलन्दर तहसील सदर जिला अयोध्या,** मेरा पूर्व में नाम क़ाज़ी मसीउद्दीन सिद्दीकी था। जबकि मेरा नाम आधार कार्ड में क़ाज़ी मसीउद्दीन है, जो सही है। अतः मुझे मेरे संशोधित नाम क़ाज़ी मसीउद्दीन के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जाय।

### सूचना

मैं **ज्वाला सिंह पुत्र स्व0 अमर नाथ सिंह, ग्राम व पोस्ट–हल्दी, तहसील व जिला–बलिया, उ0प्र0–277001,** मेरी पत्नी रेखा सिंह का स्वर्गवास दिनांक 15/03/2024 को, निवास स्थान – महाराव भीमसिंह चिकित्सालय, जिला–कोटा, राजस्थान में हो गया था। मै ज्वाला सिंह पुत्र स्व0 अमर नाथ सिंह, धर्मेश कुमार सिंह एवं दुर्गेश कुमार सिंह पुत्रगण ज्वाला सिंह उत्तराधिकारी हैं, इसके अलावा कोई अन्य सदस्य उत्तराधिकारी नहीं है।

### सूचना

मैं अपनी विवाहित पुत्रियों क्रमशः सरिता देवी, रेनू, प्रियंका व प्रिया जिनका चाल चलन आचरण ठीक नहीं है, उनसे अपना समस्त रिश्ता व आवागमन बंद करने के साथ ही चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके द्वारा किये गए कार्यो की वह स्वयं जिम्मेदार होंगी। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का उनके कृत्यों से कोई सरोकार नहीं रहेगा। **प्रार्थी सतगुरुसरन पुत्र फली निवासी ग्राम पूरेचुरई मजरे कोटवासड़क थाना व तहसील रामसनेहीघाट जिला बाराबंकी। मो0न0 8953362029**

### सूचना

मेरे पुत्र MOHAMMAD FAHEEM के पासपोर्ट संख्या– पी 8619200 में त्रुटि वश मेरा नाम HAFIZ MOHAMMAD KALEEM अंकित हो गया है। इसे संशोधित कर मेरा सही नाम MOHAMMAD KALEEM लिखा व पढ़ा जाए। MOHAMMAD KALEEM पुत्र ABDUL KALEEM निवासी– 401/80, अब्दुल अजीज रोड, लखनऊ।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड में विवाह के पहले मोनी रस्तोगी पुत्री फूलचन्द्र रस्तोगी अंकित है, परन्तु अब विवाहोपरान्त मैने अपना नाम मीना कुमारी पत्नी दीपेश कुमार सोनी कर लिया है। **मोनी रस्तोगी पत्नी दीपेश कुमार सोनी निवासी-टेढ़ी बाजार, पर0 तह0 व जिला गोण्डा**

### सूचना

अब्दुल रईस पुत्र अब्दुल सकूर तथा मो0 रहीस पुत्र मो0 सकूर, निवासी 86 चौराहा पूर्वी नई कालोनी, कछौना हरदोई दोनों नाम मेरे है दोनों नाम से मुझे जाना एवं पहचाना जाता है मेरी पत्नी रहीसा का बीमा पालसी संख्या 223327529 है।

### सूचना

मैं **धोबी रेनूबेन धर्मपाल पत्नी धर्मपाल मूल निवासी ग्राम बदैयनखेड़ा पोस्ट पहुँतेरा तहसील बिलग्राम व जिला हरदोई अस्थाई निवासी जमुनादास नौ चाली नियर शुभलक्ष्मी फ्लैट, बापूनगर अहमदाबाद गुजरात।** मेरे पति की पालिसी जिसका नम्बर 223664109 है में मेरा नाम जनता देवी अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड पर मेरा वास्तविक नाम धोबी रेनूबेन धर्मपाल अंकित है। यहकि जनता देवी व धोबी रेनूबेन धर्मपाल दोनों मेरे ही नाम है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। इस नाम व बलदियत की कोई भी महिला मेरे पड़ोस में निवास नहीं करती है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम आदिल खान पुत्र मो0 एजाज खान निवासी– म0न0– डीपी/0346, देवा रोड, अस्करी नगर, दुर्गापुरी, नवाबगंज, बाराबंकी, जो मेरे शैक्षणिक अभिलेखों में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं0–9169 8732 9673 में मेरा नाम ख्वाजा अल्तमश एजाज खान हो गया है। जो कि गलत है। **भविष्य में मेरा सही नाम आदिल खान पुत्र मो0 एजाज खान के नाम से जाना व पहचाना जाये।**

### Public Notice

I, Syed Mumtaz Alam, S/o Late Shahzade Ishrat,Resident of 358/33, Biharipur, Raja Ji Puram, Lucknow – 226017,hereby declare that the name of my minor son has been wrongly recorded as "Mohd Ali" in his Birth Certificate and Aadhaar Card.However, his correct and full name is "Mohd Ali Alam".Henceforth, he shall be known and called by the name Mohd Ali Alam s/o Syed Mumtaz Alam for all purposes including official records, educational records and other documents.

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## शहर में आज

- **सेमिनार** : हर्ष नगर एएनडी कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन सुबह 10 :30 बजे।
- **बैठक** : सेंट्रल वर्क ऑफ यूनियन कार्यालय रावतपुर में ऑल इंडिया ई पी एफ 95 संघर्ष समिति की बैठक 12 बजे।
- **कार्यशाला** : भारतीय बाल रोग अकादमी द्वारा जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के एलटी-1 हॉल में कार्यशाला 12 :30 बजे।
- **संवाद** : एसएन सेन डिग्री कॉलेज माल रोड में केंद्रीय बजट युवा संवाद में कैबिनेट मंत्री दोपहर दो बजे।
- **सम्मेलन** : बृजेंद्र स्वरूप पार्क लॉन-2 में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में सम्मेलन दोपहर तीन बजे।
- **व्यापारी सत्र** : सिविल लाइंस, डॉ. गौर हरी सिंघानिया कांफ्रेंस हॉल एमसीयूपी में व्यापारी सत्र शाम छह बजे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# 153 करोड़ से चौड़ी की जाएंगी जिले की 12 सड़कें

## लोक निर्माण विभाग ने सड़क चौड़ीकरण के लिए जारी किए टेंडर, 12 माह के अंदर काम पूरा करना होगा

गुड न्यूज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोक निर्माण विभाग ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र की 12 प्रमुख सड़कों को चौड़ा करने का फैसला लिया है। विभाग ने चौड़ीकरण के काम के लिए करीब 153 करोड़ रुपये का टेंडर जारी कर दिया है। टेंडर प्रक्रिया में चयन होने वाली कंपनियों को 12 माह तक कार्य पूरा करना होगा और पांच वर्ष तक उसकी निगरानी करनी होगी।

घंटाघर से बांसमंडी होते हुए डिप्टी पड़ाव तक मार्ग पर प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। अति व्यस्त इस सड़क की चौड़ाई कम होने से दिनभर जाम लगता है। अब लोक निर्माण विभाग ने घंटाघर से डिप्टी पड़ाव तक सड़क का चौड़ीकरण कराने की तैयारी की है।

इसके अलावा विजय नगर सब्जीमंडी चौराहा से संत नगर चौराहा के पास मरियमपुर चौराहा तक मार्ग का भी चौड़ीकरण किया जाएगा। कल्यानपुर-बिठूर मार्ग भी करीब पांच किलोमीटर तक चौड़ा किया जाएगा। श्याम नगर चौराहे से हाइवे तक करीब दो किलोमीटर तक मार्ग को भी लोक निर्माण विभाग चौड़ा करेगा।



खाड़ेपुर नई बस्ती की सड़क की हालत। अमृत विचार



पाल चौराहा की सड़क की दुर्दशा। अमृत विचार

## नाम नई बस्ती, पर सड़क वही गड्ढा, मिट्टी व बजरी वाली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सड़क जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में हो रही परेशानी

**अमृत विचार।** कानपुर दक्षिण में आपने खाडेपुर नई बस्ती का नाम तो सुना ही होगा। यहां पर बस्ती जरूर नई बसा दी गई है, लेकिन सड़क वही गड्ढा, मिट्टी व बजरी और जलभराव से युक्त है। हजारों वाहन सवार हिचकोले खाते हुए बर्रा से नौबस्ता, बिधनू, घाटमपुर व हमीपुर की ओर जाने को मजबूर हैं। इसके अलावा पाल चौराहा की स्थिति भी बेहद खराब है।

खाडेपुर मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं, जिनमे बाइक, स्कूटी, ई-रिक्शा, ऑटो, कार, ट्रक व डंपर शामिल रहते हैं। यहां पर बीते 10 सालों में तेजी से बस्ती बसी, लेकिन क्षेत्र का विकास जिम्मेदार विभाग के अधिकारी अभी तक भी नहीं कर सके हैं। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गड्ढा मुक्त सड़क अभियान पूरी तरह से दम तोड़ता हुआ नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वच्छ भारत अभियान की भी धज्जियां जमकर उठाई जा रही है। क्योंकि यहां पर जलभराव की काफी समस्या है। नाले व नालियों की सफाई नहीं होने की वजह से गंदगी जमा है और दूषित पानी सड़क पर फैल जाता है। यही हाल पाल चौराहा रोड का भी है। मार्ग पर गड्ढे होने और ऊबड़-खबड़ रास्ते होने से बाइक व स्कूटी सवार गिरकर चुटहिल तक हो जाते है।

### शोभन मंदिर जाने में अब नहीं होगी दिक्कत

- चौबेपुर-बेला मार्ग से जादेपुर होते हुए अब शोभन मंदिर पहुंचना काफी आसान हो जाएगा। यह मार्ग यातायात लोड के हिसाब से पतला है। इसलिए बड़े वाहन कई बार फंस जाते हैं। लोक निर्माण विभाग ने इस मार्ग को शोभन मंदिर तक चौड़ा करने के लिए 6.86 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है। वहीं, रमरईपुर से जामू जमरही कठारा रेलवे स्टेशन होते हुए कठेरुआ कठारा मार्ग छह किलोमीटर तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके लिए 9.12 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया है। कंपनी का चयन होते ही काम शुरू हो जाएगा।

### ये सड़कें होंगी चौड़ी

- शिवराजपुर आबादी क्षेत्र से करीब साढ़े तीन किलोमीटर तक – 5.77 करोड़
- डुडवा जमौली रानेपुर अनेई मार्ग एक किमी से 10 किमी तक – 14.84 करोड़
- गोपालपुर कोरिया होते हुए सवाईपुर तक चौड़ीकरण – 17.90 करोड़
- ककवन मद्दूपुर मार्ग से फत्तेपुर अम्बारिहार पुरा नदीहा मार्ग – 10.39 करोड़
- कल्यानपुर से बिठूर मार्ग 4.900 किलोमीटर तक चौड़ीकरण – 15.65 करोड़
- जीटी रोड मार्ग से पूरा राधन मार्ग तक 4.700 किमी तक – 8.74 करोड़
- भोगनीपुर-झींझक-विसधन-बिल्हौर मार्ग का चौड़ीकरण – 46.36 करोड़
- श्याम नगर चौराहे से हाइवे तक दो किलोमीटर तक – 7.24 करोड़
- घंटाघर से डिप्टी पड़ाव तक सड़क चौड़ीकरण-5.87 करोड़
- विजय नगर सब्जीमंडी चौराहा से संत नगर चौराहा के पास मरियमपुर तक-4.60 करोड़
- चौबेपुर-बेला मार्ग से जादेपुर होते हुए शोभन मंदिर तक चौड़ीकरण – 6.86 करोड़
- रमईपुर से जामू जमरही कठारा रेलवे स्टेशन होते हुए कठेरुआ कठारा मार्ग तक – 9.12 करोड़

### फोरलेन की जाएंगी दो सड़कें



- **कानपुर।** घंटाघर चौराहा से बांसमंडी होते हुए डिप्टी पड़ाव चौराहा और विजय नगर चौराहा से मरियमपुर चौराहे तक सड़क दोनों तरफ सात-सात मीटर चौड़ी की जाएंगी। साथ ही बीच में 50 सेमी चौड़े डिवाइडर का भी निर्माण किया जाएगा। अभी दोनों ही मार्ग में डिवाइडर नहीं है। इस वजह से ओवरटेकिंग की वजह से कई बार वाहन सवार टकराने से बचते हैं। इसलिए लोक निर्माण विभाग दोनों सड़कों को नए सिरे से बनाएगा। अधीशासी अभियंता अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि जाम की समस्याओं को देखते हुए शहर की इन दोनों प्रमुख सड़कों को डिवाइडर युक्त फोरलेन किया जाएगा। इसके अलावा श्याम नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों के चौड़ीकरण के लिए टेंडर निकाले गए हैं। सड़कों का निर्माण होने से जाम की समस्या से काफी राहत मिलेगी। निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने सर्वे करा लिया है।

## कलेक्ट्रेट में सगे भाइयों ने किया आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट परिसर में दो सगे भाइयों ने अपने शरीर पर पेट्रोल डालकर माचिस से आग लगाकर आत्मदाह करने का प्रयास किया जिन्हें वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने बचा लिया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर इतना बड़ा कदम उठाने के पीछे की वजह के बारे में पूछताछ की।

सोमवार को सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में उस वक्त अफरातफरी मच गयी जब सगे भाइयों ने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। माचिस निकालते ही वहां मौजूद गार्ड अशोक कुमार को किसी अनहोनी की आशंका हुई और गार्ड ने तत्परता दिखाते हुए माचिस छीन और पेट्रोल की बोतल छीन ली। इस दौरान वहां मौजूद अन्य पुलिस कर्मी भी वहां पहुंच गए और दोनों भाइयों को पकड़ लिया जिसपर दोनों भाई दहाड़े मारकर रोने लगे और कहा कि हम दोनों को मर जाने दो क्योंकि कुछ दबंगों ने उनकी जमीन को बेच दिया और उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। घटना की जानकारी होते ही जिलाधिकारी जीतेंद्र प्रताप सिंह ने दोनों भाइयों को अपने पास बुलाया और घटना की जानकारी ली। उसके बाद डीएम ने एडीएम वित्त एवं राजस्व विवेक चतुर्वेदी को मौके पर भेजा।

### 9 बीघा जमीन पर कब्जा करने का आरोप

- मैथा निवासी पदम सिंह और मोती सिंह नौबस्ता के आवास विकास में रहते हैं। सोमवार को आत्मदाह के लिए दोनों भाई अपनी-अपनी पत्नी, बच्चों और बूढ़ी मां के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। पीड़ितों ने बताया कि लगभग 60 साल पहले आवास विकास ने उनकी 9 बीघा जमीन का अधिग्रहण किया था लेकिन कुछ महीने बाद ही अधिग्रहण वापस हो गया था लेकिन उसके बाद से मेरी जमीन वापस नहीं की जा रही और आरोप लगाया कि उनके 9 बीघा जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जमीन का कुछ हिस्सा बेच भी दिया है। लगातार तहसील और थानों के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। डीएम ने दोनों भाइयों को जांच कराकर न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

## बाइक सवार युवक को कट्टे की बट मार आठ लाख लूटे

● श्याम नगर में दो बाइकों पर सवार चार युवकों ने सरेराह घटना को दिया अंजाम

**चकेरी।** श्याम नगर में शताब्दी उद्यान मोड़ के पास सोमवार देर शाम को बाइक सवार युवक को दो बाइकों से आये चार युवकों ने सरेराह मारपीटा। इसके बाद बैग छीनकर भाग निकले। पीड़ित के अनुसार बैग में आठ लाख रुपये थे। जो गांव की जमीन बेचकर मिले थे। सूचना पाकर मौके पर डीसीपी पूर्वी समेत पुलिस बल पहुंचा और पीड़ित से पूछताछ की। पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। पुलिस पीड़ित से बातचीत कर मामले की जांच पड़ताल करने के प्रयास में जुटी है।

यशोदा नगर निवासी मोहम्मद वासिद के अनुसार उन्होंने गांव की जमीन बेची थी। जिसकी रकम निकालने वह श्याम नगर स्थित बैंक की शाखा आये थे। रकम निकालने के बाद देर शाम को वह बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी श्याम नगर में शताब्दी उद्यान मोड़ के पास वे बाथरूम करने के लिए रुके।

उसी दौरान दो बाइक में सवार चार युवक आये और उन्हें घेरकर हेलमेट से मारापीटा। फिर सिर में कट्टे की बट मारकर उन्हें लहुलुहान कर दिया और आठ लाख की नकदी से भरा बैग लूटकर भाग निकले। घटना के बाद वासिद मौके पर लहुलुहान पड़े थे। तभी आस पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें कांशीराम अस्पताल लेकर गई। जहां पर उपचार कराने के बाद वासिद को पूछताछ के लिए श्याम नगर चौकी लेकर आई। जहां पर पूछताछ के दौरान वासिद ने पुलिस को कुछ नहीं बताया। सूचना पर डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता भी पहुंचे और घटनास्थल पर जांच भी की। डीसीपी पूर्वी ने भी पीड़ित से पूछताछ की लेकिन उसने घटना के बारे में कुछ भी सही सहीनहीं बताया। पीड़ित के चक्कर आने पर परिजन उसे उपचार के लिए ले गये। मामले में डीसीपी पूर्वी ने बताया कि पीड़ित ने अभी तक न तो घटना की पूरी जानकारी दी और न ही तहरीर दी है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों से बात करने पर पता चला है कि बाइक सवार युवकों ने मारपीट की थी और पीड़ित के पास मौजूद बैग को लूट लिया था। घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। साथ ही पीड़ित से बातचीत कर तहरीर लेकर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।



भाजपा ने हेल्प डेस्क लगाई। अमृत विचार

## भाजपा ने लगाई गुरुद्वारा में हेल्पडेस्क

**कानपुर।** किदवई नगर स्थित गुरुद्वारा नामदेव बारादेवी में हेल्पडेस्क लगाई गई। जहां भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर अभियान के अंतर्गत किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से अपील की कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके कोई भी युवा मतदाता बनने से वंचित न रहे। युवा मतदाताओं को फार्म 6 उपलब्ध कराया गया।

## डीसीएम की टक्कर से स्कूटी सवार नर्स की मौत

**कानपुर।** रामादेवी के समीप सोमवार देर रात डीसीएम की टक्कर से नर्स 28 वर्षीय अनामिका की मौके पर मौत हो गई उसकी सहेली का पति उसे घर छोड़ने के लिए स्कूटी से जा रहा था हादसे में सहेली के पति को भी चोटें आई हैं। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से फतेहपुर के बिंदकी की रहने वाली अनामिका एक निजी अस्पताल में नर्स थी। वह अपनी बहन पूजा के साथ श्यामनगर में किराए पर रहती थी। सोमवार को कांचीखेड़ा में रहने वाली सहेली दीपा के साथ ऑडिट के लिए लखनऊ गई थी। रात 10 :00 बजे दोनों बस से रामादेवी चौराहा पहुंची जहां दीपा का पति अरविंद सक्सेना स्कूटी से उसे लेने आया था।

पं. आर. के. शुक्ला डिग्री कॉलेज
अमिलिहा, चौबेपुर, कानपुर नगर
आवश्यकता है
प्राचार्य एवं रसायन विज्ञान (सह० आचार्य) की
प्राचार्य हेतु अर्हता-पी०एच-डी० एवं 15 वर्षों का अनुभव
रसायन विज्ञान (सह० आचार्य) हेतु अर्हता-नेट/पी०एच-डी० (रसायन विज्ञान)
ई-मेलः viz.0512@gmail.com
सिटी ऑफिस - हर्षा अपार्टमेन्ट, विकास नगर, कानपुर
मो.: 6387154887, 9839717797



## सिटी ब्रीफ

### कृषि निवेश मेला कल से

**कानपुर।** उप कृषि निदेशक आरएस वर्मा ने बताया कि कृषि तकनीक, उत्पादन वृद्धि की तकनीक समेत किसानों को विभिन्न जानकारी देने के लिए चौबेपुर में 18 फरवरी, शिवराजपुर 19, बिल्हौर 20, ककवन 21, बिधनू 23, पतारा 24, घाटमपुर 25, सरसौल 26, कल्याणपुर 27 और भीतरगांव में 28 फरवरी को कृषि निवेश मेला लगेगा।

### पनकीधाम में ट्रेनों की संख्या बढ़ेगी

**कानपुर।** पनकीधाम रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर मंथन चल रहा है। कानपुर सेंट्रल स्टेशन के अलावा गोविंदपुरी स्टेशन से भी बड़ी संख्या में ट्रेनों का संचालन हो रहा है और अब पनकीधाम स्टेशन पर ट्रेनों की संख्या बढ़ेगी।

### मसऊद गाजी की दरगाह पर सलामती की दुआ मांगी

**कानपुर।** तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत के सदर हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल बहराइच शरीफ में हजरत सैयद सालार मसऊद गाजी के आस्ताना में हाजिरी देकर मुल्क में अमनों सलामती की दुआ की गई। मोहम्मद अजीम, मोहम्मद आफताब, तौहीद रजा एवं कौनैन रजा आदि थे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

सेन पश्चिम पारा में पत्नी व बेटे की हत्या कर रिटायर फौजी के जान देने की घटना

# बेटी की शादी का बाकी था कर्ज रात में पत्नी से हुआ था झगड़ा


चेतराम के घर के बाहर लगी भीड़। अमृत विचार


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पिछले साल बेटी की शादी के लिए एक बीघा जमीन 12 लाख रुपये में बेची थी
- लगभग चार लाख का कर्ज अभी चेतराम पर बाकी होने की बात आई सामने

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के तुलसियापुरवा गांव स्थित घर में लाइसेंसी बंदूक से पत्नी सुनीता (47) और 15 वर्षीय बेटे दीप की सिर में गोली मारकर हत्या करने के बाद ट्रेन से कटकर अपनी भी जान देने वाले रिटायर्ड फौजी चेतराम (55) ने आखिर ऐसी जघन्य वारदात क्यों अंजाम दी, पुलिस इस सवाल का जवाब तलाशने में जुटी है। फिलहाल बेटी की शादी में लिए कर्ज के कारण परिवार की आर्थिक हालात बिगड़ने की बात सामने आ रही है। परिजनों के मुताबिक चेतराम ने पिछले साल बेटी प्रीति की शादी में गांव की एक बीघा जमीन करीब 12 लाख रुपये में बेची थी, इसके बावजूद लगभग चार लाख रुपये का कर्ज उस पर बाकी था। आर्थिक तंगी को लेकर पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था। ऐसे में आशंका है कि रविवार देर रात हुए विवाद के बाद चेतराम ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। पुलिस घर से बरामद मोबाइल की कॉल डिटेल, लेन-देन के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है।संयुक्त पुलिस आयुक्त विपिन ताडा व डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने फोरेंसिक टीम से घर और ट्रैक से सभी साक्ष्य जुटाने को कहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती जांच में ऐसा ही प्रतीत हो रहा है कि आर्थिक संकट मे पत्नी और बेटे की हत्या के बाद चेतराम ने सुसाइड किया है। लेकिन पुलिस सभी अन्य पहलुओं की भी गहनता से पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

#### जमीन और मकान बेचने पर भी दुश्वारियां न हुईं कम

- बेटी की शादी की खुशियों के बाद पड़े आर्थिक बोझ ने चेतराम के परिवार की नींव हिला दी। जमीन और मकान बेचने के बावजूद शादी में लिया कर्ज समाप्त नहीं हुआ। सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ महीनों से घर में इसी कारण तनाव बढ़ गया था।

#### अनुशासन की जिंदगी, दर्दनाक फैसला

- सेना में वर्षों सेवा देने वाले चेतराम को इलाके में शांत और जिम्मेदार व्यक्ति गिना जाता था। किसी को अंदाजा नहीं था कि उसके भीतर चल रहा मानसिक और आर्थिक दबाव इतना भयावह अंजाम ले लेगा।

#### बेटे के साथ हाथापाई मारपीट के मिले निशान

- **कानपुर।** पुलिस के अनुसार घटना रात करीब दो से तीन बजे के बीच हुई। चेतराम ने पहले पत्नी सुनीता को सोते समय कनपटी पर गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर बेटा दीप दौड़कर कमरे में पहुंचा। उसने मां को खून से लथपथ देखा तो पिता का विरोध किया। कमरे में मारपीट के निशान भी मिले हैं। अंदेशा है कि इसी दौरान चेतराम ने दीप पर भी गोली चला दी, पहली गोली कंधे और दूसरी कनपटी पर लगते ही उसकी मौके पर मौत हो गई। बंदूक में एक गोली फंसी मिली है। इससे माना जा रहा है कि उसने खुद को गोली मारने की कोशिश की, लेकिन फायर नहीं हो सका। इसके बाद वह बाइक से करीब दो किलोमीटर दूर कठोंगर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर पहुंचा और मालगाड़ी के आगे लेट गया। आरपीएफ निरीक्षक प्रभाकर द्विवेदी ने बताया कि चालक ने सुबह 5:50 बजे सूचना दी कि एक युवक हॉर्न बजाने पर भी ट्रैक के पास से नहीं हटा और अचानक ट्रेन के आगे लेट गया, इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता तब तक इंजन उसके ऊपर से गुजर गया।

#### महाशिवरात्रि पर्व के शोर में दबी गोलियों की आवाज

- महाशिवरात्रि के कारण पास के मंदिर में देर रात तक भजन-कीर्तन और तेज साउंड सिस्टम चल रहा था। इसी वजह से लोगों को गोलियों की आवाज सुनाई नहीं दी। पड़ोसियों का कहना है कि चेतराम और उसकी पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता था।

# कार में टक्कर मारने पर डंपर चालक को उठाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** रामादेवी फ्लाई ओवर पर बीते शनिवार की रात को एक डम्पर ने कार में टक्कर मार दी। जिस पर कार सवारों ने क्षतिग्रस्त हुई कार की मरम्मत के लिए रकम मांगी। रकम न दे पाने पर कार सवारों ने चालक व परिचालक से विवाद किया। इसके बाद उन्हें जबरन कार में बैठाकर अगवा कर लिया। फिर कार सवार चालक व परिचालक को फतेहपुर के टोल के पास छोड़कर आगे निकल गए। इधर डंपर मालिक को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने चकेरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने दोनो को बरामद कर पूछताछ शुरू की। साथ ही कर सवारों की भी तलाश शुरू के दी है। कानपुर देहात के अकबरपुर थानाक्षेत्र के खलीलपुर निवासी अजीत सिंह के अनुसार उनका डंपर जिले के बलिहारा गांव निवासी अनिल यादव और परिचालक रणधीर सिंह चलाते हैं। अजीत ने बताया कि बीते शनिवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे डम्पर की एक कार से टक्कर हो गयी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गयी। इस पर कार सवार चालक व परिचालक से कार की मरम्मत के लिए रकम मांगने लगे। ज़िस पर चालक ने रूपये देने में असमर्थता जताई तो कार सवार विवाद करने लगे। इसके बाद चालक ने अजीत को फोन कर घटना बताई और कहा कि कार सवार उन दोनों का अपहरण कर रहे हैं। रुपये नही दिए तो उन दोनों को जान से मार देंगे। इसके बाद अजीत चकेरी थाने पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने अजीत की तहरीर पर अपहरण समेत अन्य धारा में मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किए। जिसके चलते कार फतेहपुर की तरफ जाती दिखी। साथ ही फुटेज में दिखा कि कार सवार चालक व परिचालक को फतेहपुर के टोल के पास उतारकर प्रयागराज की तरफ निकल गए। पुलिस फुटेज खंगालने के बाद दोनो को फतेहपुर से बरामद किया और वापस थाने लेकर आये। जहां पर दोनो से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि कार सवार उन्हें फतेहपुर टोल के पास उतारकर चले गए थे। लेकिन इसके बाद दोनो फतेहपुर में अपने रिश्तेदार के यहां चले गए थे। जहां से उन्हें बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनो से पूछताछ की जा रही है। वही कार प्रयागराज निवासी एक युवक के नाम है। उसकी भी तलाश की जा रही है।

# 15 लाख रु. हड़पने का आरोप लगा कमीशन एजेंट ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काकादेव थानाक्षेत्र के शास्त्री नगर मतैयापुरवा की घटना, पांच पन्नों का सुसाइड नोट मिला
- मृतक के दोस्त के नाम पर फाइनेंस कराकर अपने खाते में लेकर हड़पी रकम


रवि यादव।

**अमृत विचार।** काकादेव में वाहन खरीदने बेचने का काम करने वाले कमीशन एजेंट ने सोमवार दोपहर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काकादेव पुलिस मौके पर पहुंची तो तलाशी के दौरान मृतक की जेब से पांच पन्नों का सुसाइड नोट बरामद हुआ। जिसमें क्षेत्र में रहने वाले कमीशन एजेंट दो सगे भाइयों पर 15 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उसके दोस्त को भी फंसाने का आरोप लगाया है।

काकादेव थानाक्षेत्र के शास्त्री नगर मतैयापुरवा में रहने वाला 37 वर्षीय रवि यादव दोपहिया समेत कार, पिकअप आदि वाहनों को कमीशन पर खरीदने बेचने का काम करता था। उसके साथ उसे दो बड़े भाई अंबिकाप्रसाद और पंकज भी ये काम करते हैं। रवि के परिवार में पत्नी दीपिका दो बच्चे और मां मानती देवी हैं। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे रवि यादव ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। भाइयों ने देखा तो तुरंत उसे फंदे से उतारकर एलएलआर अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। काकादेव पुलिस को सूचना दी तो गई तो मौके पर पहुंची। जहां तलाशी के दौरान रवि यादव की जेब में पांच पन्नों का एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। जिसमें क्षेत्र में रहने वाले युवराज यादव और उसके भाई संतोष यादव ने रवि ने वाहन खरीदने बेंचने के नाम पर करीब 15 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सुसाइड नोट कब्जे में लिया है जिसकी जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई होगी। काकादेव थाना प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी गए मोबाइल खोज निकाले

**कानपुर।** पूर्वी जोन में पुलिस की टीम ने पिछले कुछ समय से चोरी हुए 101 मोबाइल खोज निकाले। जिसके बाद सोमवार को डीसीपी पूर्वी ने पीड़ितों के मोबाइल वापस लौटाए हैं। बरामद हुए मोबाइल की कीमत करीब 25 लाख रुपये तक है। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि सीआर पोर्टल और यूपीकॉप एप पर मोबाइल चोरी और गुम होने की 101 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। जिसमे कार्रवाई के दौरान साइबर और पुलिस टीम को सफलता मिली है। इसके बाद शिकायत से संबंधित मोबाइल स्वामियों से संपर्क किया गया था। वहीं, मोबाइल पाकर उनके चेहरे खिल उठे। उन्होंने पुलिस का आभार भी जताया। एक महिला तो पुलिस टीम के लिए मिठाई भी लेकर पहुंची थी।

# अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल पर आग से अफरातफरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बहुमंजिली इमारत की आग बुझाने को फायर स्टेशन से गाड़ियां पहुंचीं
- क्षेत्रीय लोगों ने इमारत में फंसे परिवारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया
- गोविंदनगर के साईं विला अपार्टमेंट में घटना, घर का सामान खाक हुआ

**अमृत विचार।** गोविंद नगर स्थित साईं विला अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल पर फ्लैट में आग लगी क्षेत्रीय लोगों की मदद से फायर जवानों ने फंसे परिवारों को बाहर निकाल लिया।

साईं विला अपार्टमेंट में राजकुमार अपने परिवार के साथ 5वें फ्लोर पर रहते हैं। सोमवार को प्रातः 8.30 बजे उनके गैस गीजर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। कुछ ही देर में शोलों ने फ्लैट को घेरे में ले लिया। फ्लैट में लपटें और धुआं देख लोगों ने शोर मचाया और फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा की अगुवाई में फजलगंज फायर स्टेशन समेत कई फायर स्टेशनों की दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया।


अपार्टमेंट की आग बुझाते दमकल कर्मी।


कार्यशाला की तैयारी बैठक करते भाजपा नेता। अमृत विचार

## केशवपुरम में भाजपा की कार्यशाला कल

**कानपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 को लेकर 18 फरवरी को कानपुर उत्तर जिले की कार्यशाला का आयोजन गार्डन विला केशवपुरम में आयोजित की जाएगी। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर के जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में तैयारी बैठक हुई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि ये कार्यशाला प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगी। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश स्तर के कई पदाधिकारी शामिल होंगे।

# गौतमबुद्ध पार्क में गंदा पानी भरने पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम व जिला प्रशासन के खिलाफ लोगों ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार।** कल्याणपुर के इंदिरा नगर स्थित गौतम बुद्ध पार्क में सीवर का गंदा पानी भरने से क्षेत्र के लोग कई दिनों से परेशान हैं। लोगों ने सोमवार को नगर निगम व जिला प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया।

इंदिरा नगर स्थित गौतम बुद्ध पार्क के पास रहने वाले क्षेत्र के लोगों ने बताया कि वर्ष 1997 में कानपुर विकास प्राधिकरण ने करीब 33 एकड़ क्षेत्र में करोड़ों रुपये खर्च कर गौतम बुद्ध पार्क का निर्माण कराया था। आरोप है कि पार्क के उत्तरी हिस्से में स्थित अपार्टमेंट परिसरों ने निकासी नाला बंद कर दिया है, जिससे पार्क में टहलना मुश्किल हो गया है और प्रदूषण का खतरा बढ़ गया है। पार्क में स्थापित बुद्ध प्रतिमाएं उपेक्षित हैं, जबकि भिक्षु गृह, पुस्तकालय, कैंटीन और पंप हाउस जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। नागरिकों ने जांच समिति गठित कर दोषियों पर कार्रवाई और पार्क के पुनरुद्धार की मांग की है। प्रदर्शन में नरेंद्र सिंह (पूर्व संयुक्त विकास आयुक्त), राजेंद्र पाल सिंह, घनश्याम सिंह, जगदीश सिंह, आरके गौतम मौजूद रहे।


गौतमबुद्ध पार्क में जलभराव। अमृत विचार

# छत पर मिला संदिग्ध भ्रूण, होटल पर आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा क्षेत्र में एक घर की छत पर संदिग्ध भ्रूण मिलने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बर्रा-दो निवासी मनोज कुमार शुक्ला एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। सोमवार सुबह वह ड्यूटी पर गए थे। इसी दौरान उनकी पत्नी प्रभा रोज की तरह छत पर झाड़ू लगाने पहुंचीं। झाड़ू उठाते ही उन्हें वहां भ्रूण जैसा कुछ पड़ा दिखाई दिया, जिसे देख वह घबरा गईं। उन्होंने तुरंत अपने पति को फोन कर जानकारी दी।इसके बाद मनोज कुमार शुक्ला ने पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। मनोज ने पड़ोस के एक होटल के कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि होटल स्टाफ पहले भी उनके घर की छत पर गंदगी फेंकता रहा है।

## तकनीक

जनरल से एसी कोच तक ट्रेनों की सफाई से कोई समझौता नहीं

# अब एआई के जरिये होगी ट्रेनों की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ट्रेनों में यात्रियों को कोई परेशानी न हो, विशेष नजर रखी जाएगी
- सभी ट्रेनों की सफाई व्यवस्था और चाक-चौबंद होगी


प्रतीकात्मक फोटो।

**अमृत विचार।** अब रेलवे ने ट्रेनों की सफाई एवं यात्रियों को बेहतर यात्रा देने के लिए ट्रेनों पर एआई के जरिये निगरानी रखने की तैयारी की है। रेलवे ट्रेनों की संपूर्ण सफाई सुनिश्चित करेगा।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि मौजूदा व्यवस्था के तहत, सफाई मुख्य रूप से आरक्षित डिब्बों तक ही सीमित थी, रेलवे के इतिहास में पहली बार, सामान्य डिब्बों की सफाई को पूरी तरह से प्रणाली में एकीकृत किया गया है। सफाई के अलावा, छोटे-मोटे यांत्रिक और विद्युत संबंधी मरम्मत करने में सक्षम कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी, जिससे एकीकृत ऑन-बोर्ड सेवा उपलब्ध कराई जा सके।

जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि क्षेत्रीय अनुभव और बेहतर परिचालन क्षमता के आधार पर सभी भारतीय रेलवे में कार्यान्वयन की योजना बनाई गई है और 124 मल्टी-मोडल टर्मिनल कार्गो-प्लस-प्रोसेसिंग हब बनाने की योजना है। लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 500 से अधिक गति शक्ति कार्गो टर्मिनल स्थापित करने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि भारतीय रेलवे द्वारा 2026 के दौरान 52 सप्ताहों में 52 सुधार करने के संकल्प के अनुरूप, दो नए सुधारों को अनुमोदित किया गया है और इनका कार्यान्वयन तत्काल प्रभाव से शुरू होगा। दावा है कि जो काम पहले छह साल में पूरा होता था, वह अब लगभग तीन महीनों में पूरा होने लगा है, और इंजीनियरिंग ड्राइंग, सिग्नलिंग प्लान और इलेक्ट्रिकल प्लान के अनुमोदन को सुव्यवस्थित किया गया है। इसके परिणामस्वरूप, लगभग 20 करोड़ टन की अनुमानित यातायात क्षमता और लगभग 20,000 करोड़ रुपये वार्षिक राजस्व क्षमता वाले 124 बहु-मॉडल कार्गो टर्मिनल विकसित किए गए हैं।

## पनकी में युवक ने फांसी लगाई

**कल्याणपुर।** पनकी के गंगागंज में एक प्राइवेट कर्मी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मूल रूप से हरदोई के सुरसा पंचकूला निवासी 40 वर्षीय मानसिंह पनकी की गंगागंज भाग तीन स्थित किराए के मकान में रहकर दादा नगर स्थित रांगा फैक्ट्री में ऑपरेटर थे। सोमवार दोपहर मानसिंह ने अपने कमरे के अंदर पंखे से गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता कृष्ण पाल सिंह ने बताया कि मानसिंह पिछले कुछ दिनों से किसी बात को लेकर मानसिक तनाव में चल रहा था। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। परिजनों से जानकारी जुटाई जा रही है।

# जमीन कब्जाने के मामले में छह अधिवक्ताओं पर रिपोर्ट

कल्याणपुर संवाददाता

- रामलला ट्रस्ट का फर्जी एग्रीमेंट करा किया जमीन पर कब्जे का प्रयास

**अमृत विचार।** रावतपुर में शातिर अधिवक्ताओं ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर रामलला ट्रस्ट के फर्जी दस्तावेज तैयार करा विनायकपुर स्थित एक भूखंड पर कब्जे का प्रयास किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी छह अधिवक्ताओं समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

चमनगंज निवासी डॉ मिराज जाफरी छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है। डॉ. मेराज के मुताबिक उनके पिता स्वर्गीय हसन अब्बास ने ग्राम विनायकपुर स्थित आराजी संख्या 806 को रजिस्टर्ड बैनामा कराया था। उनका आरोप है कि उनकी मृत्यु के बाद हबीब व हलीमा समेत अधिवक्ता एमए खान, इमरान खान, मोहम्मद सलीम, अली अकबर अंसारी, राघवेंद्र पाल व पुण्य प्रताप ने उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाते हुए श्री राम लला ट्रस्ट के नाम से उर्दू में कूटरचित एग्रीमेंट तैयार करा जमीन को रावतपुर गांव की दूसरी आराजी बताते हुए जबरन कब्जा कर लिया। जबकि ट्रस्ट एक हिंदू धार्मिक संस्था है, जो किसी गैर-समुदाय के व्यक्ति को संपत्ति का दान या उसके उपयोग की अनुमति नहीं देती है। डॉ. मिराज का आरोप है कि इसके बावजूद शातिरों ने ट्रस्ट के फर्जी दस्तावेज दस्तावेज तैयार करा उनकी जमीन पर कब्जे का प्रयास किया। इतना ही नहीं जमीन पर अधिवक्ता संगठन का फर्जी बोर्ड लगाकर वहां निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया।

उन्होंने बताया कि विरोध करने पर दबंग मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी।

इस संबंध में रावतपुर थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर दस्तावेजों की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### एसएन सेन डिग्री कालेज में बजट संवाद आज

**कानपुर।** मंगलवार 17 फरवरी को एसएन डिग्री कॉलेज में केंद्रीय बजट युवा संवाद होना सुनिश्चित हुआ है जिसमें मुख्य अथिति प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह होंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू के नेतृत्व में केंद्रीय बजट युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। सोमवार को कानपुर उत्तर जिला अध्यक्ष शिवांग मिश्रा, रविंद्र सिंह चौहान, प्रवेश कटियार, कौशलेंद्र परिहार, खेमराज शर्मा, मनीष बाजपेई, सचिन शुक्ला रोहित शुक्ला ने भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को ये जानकारी दी।

### किशोरी को पीटने पर पिता-पुत्र पर कार्रवाई

**कानपुर।** गुजैनी पुलिस ने मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद मामले को संज्ञान में लिया और आरोपियों गिरफ्तार किया। गुजैनी थानाप्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि 13 फरवरी को बर्रा-आठ निवासी रामसेवक पांडेय का बेटा अनमोल घर के बाहर गेंद खेल रहा था। तभी पड़ोसी देवेश कुमार उर्फ मोंटी उसकी गेंद उठाकर ले गया था। इसी बात पर अनमोल की बहन मानसी ने विरोध किया तो आरोपित मोंटी और उसके पिता सुनील ने उसे पीट दिया था। वीडियो वायरल होने से इसकी जानकारी मिली। दोनों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है।

### मुकदमा वापस न लेने पर मारपीट, एफआईआर

**कानपुर।** किदवई नगर थाना क्षेत्र निवासी महिला का आरोप है कि मोनू और रिंकू उसकी बेटी से छेड़छाड़ करते थे। इस पर उसने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसे वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। मना करने पर मोनू, रिंकू और उसके परिवार की आशा, साधना व रामजानकी ने मारपीट की। किदवई नगर थानाप्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि तीन महिलाओं समेत 5 आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरोपियों तलाश की जा रही है।



जनसंपर्क करते अध्यक्ष पद के उम्मीदवार दिनेश कुमार शुक्ला। अमृत विचार



महामंत्री प्रत्याशी रुद्रप्रताप सिंह ने मांगे वोट। अमृत विचार



महामंत्री पद के उम्मीदवार विनय कुमार शुक्ला ने किया जनसंपर्क। अमृत विचार

# आज तय होगा 94 उम्मीदवारों का भाग्य

## मतदाताओं को लुभाने के लिए झोंकी ताकत, देर रात तक प्रचार, जुलूस निकालकर मांगे वोट, प्रतिद्वंद्वियों को कराया ताकत का अहसास

**बार एसोसिएशन चुनाव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए मंगलवार को डीएवी डिग्री कॉलेज में मतदान होगा। इस चुनाव में विभिन्न पदों के लिए कुल 94 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनके भविष्य का फैसला 7,198 मतदाता करेंगे। मैदान मारने के लिए उम्मीदवारों ने सोमवार को ताकत झोंक दिया।

कचहरी में उन्होंने जुलूस निकाला और जीत के दावे किए। इस दौरान कहीं उनमें टकराव न हो जाए इसके लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। अध्यक्ष पद के लिए सात, महामंत्री के लिए नौ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए आठ व कनिष्ठ के लिए पांच, मंत्री के लिए 11, कोषाध्यक्ष के लिए छह प्रत्याशी मैदान में हैं।

बार एसोसिएशन चुनाव के लिए 8 व 9 जनवरी को पर्चा भरा गया था। दो दिन चली नामांकन प्रक्रिया के दौरान 96 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था लेकिन महामंत्री व कनिष्ठ कार्यकारिणी के एक- एक उम्मीदवार का पर्चा खारिज हो गया था। ऐसे में अब 94 प्रत्याशी मैदान में हैं।

संयुक्त मंत्री प्रशासन के लिए पांच उम्मीदवार, प्रकाशन के लिए छह व पुस्तकालय के लिए पांच प्रत्याशियों के साथ वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकारिणी के छह-छह पदों के लिए वरिष्ठ में 11 और कनिष्ठ में 21 प्रत्याशी चुनावी समर में उतरे हैं।

अध्यक्ष पद के उम्मीदवार दिनेश शुक्ला, योगेंद्र अवस्थी, सुरेंद्र कुशवाहा व अन्य प्रत्याशियों ने जुलूस निकाला। इसी तरह महामंत्री पद के उम्मीदवार रुद्र प्रताप सिंह, विनय कुमार मिश्रा, सत्येंद्र सिंह गौतम आदि उम्मीदवारों ने जुलूस निकालकर ताकत का अहसास कराया।

### अध्यक्ष पद के उम्मीदवार

- दिनेश कुमार शुक्ल, योगेंद्र कुमार अवस्थी, सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, रवींद्र शर्मा, संदीप कुमार सिंह, सर्वेश कुशवाहा व रमेश चंद्र वर्मा।

### महामंत्री पद के प्रत्याशी

- रुद्र प्रताप सिंह, विनय कुमार मिश्रा, सुशील कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह गौतम, हेमेंद्र कुमार श्रीवास्तव, रामजी दुबे, संगीता द्विवेदी, चंद्रशेखर तिवारी, संजीव कुमार यादव।

**08** बजे सुबह से शाम पांच बजे तक मतदान होगा

**07** प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए मैदान में हैं

**09** उम्मीदवार महामंत्री पद के लिए ताकत झोंक रहे हैं

**06** बजे सुबह से शाम 6 बजे तक रूट डायवर्जन रहेगा



डीएवी कॉलेज में बनाया गया बूथ। अमृत विचार

### मतदान को लेकर एल्डर्स कमेटी के आदेश

- डीएवी डिग्री कॉलेज से 500 मीटर दूर गोरा कब्रिस्तान तिराहे तक रेड जोन रहेगा
- रेड जोन में प्रत्याशी अपने होर्डिंग बैनर नहीं लगा सकेंगे और न ही मतदान पर्ची बनाएंगे।
- मतदान स्थल के अंदर कोई भी मतदाता मोबाइल लेकर नहीं जा सकेगा।
- मतदान के लिए मतदाता को सीओपी कार्ड के साथ ही क्यूआर कोड की हार्ड कॉपी लानी होगी।
- मतदान स्थल पर किसी तरह का हथियार अथवा शस्त्र ले जाना भी प्रतिबंधित रहेगा।
- बार कोड की मतदाता पर्ची बार एसोसिएशन काउंटर से प्राप्त की जा सकती है।
- कानपुर बार एसोसिएशन डॉट कॉम पर यूपी बार काउंसिल का रजिस्ट्रेशन नंबर डालने पर पर्ची मिलेगी।
- प्रत्याशी अथवा समर्थक बैरीकेडिंग के अंदर मतदाता से वोट नहीं मांगेंगे।

### रूट डायवर्जन का भी ख्याल रखें

- फूलबाग चौराहा की ओर से आने वाले वाहन मेघदूत तिराहा से वीआईपी रोड, सरसैया घाट की तरफ नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन मेघदूत तिराहा से बड़ा चौराहा से सीधे परेड चौराहे से मूलगंज, चुन्नीगंज व दाहिने ग्रीनपार्क व एमजी कॉलेज होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।
- टैफ्को तिराहा व मर्चेंट चैंबर की ओर से आने वाले वाहन ग्रीनपार्क चौराहा से वीआईपी रोड होकर डीएवी तिराहा की तरफ नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन ग्रीनपार्क चौराहे से बाएं मुड़कर पुष्पेंद्र चौक (यूनियन बैंक तिराहे) से दाएं मुड़कर ग्रीनपार्क स्टेडियम से पीछे वाले मार्ग से डीएवी तिराहा से वीआईपी रोड आएंगे और अपने गंतव्य को जाएंगे। ऐसे वाहन डीएवी तिराहा से मधुवन तिराहा की तरफ नहीं जा पाएंगे।
- म्योरमिल तिराहा से कोई भी वाहन भार्गव चौराहे की तरफ नहीं जा सकेगा।
- सिलबर्टन तिराहा की ओर से आने वाले वाहन एमजी कॉलेज चौराहे से मधुवन तिराहा की ओर नहीं जा सकेंगे। उन्हें एमजी कॉलेज से बाई तरफ मुड़कर ग्रीनपार्क चौराहे से पुष्पेंद्र चौक (यूनियन बैंक तिराहा) से दाएं मुड़कर जाना होगा।
- बड़ा चौराहे से कोई भी वाहन चेतना चौराहा, सरसैया घाट, वीआईपी रोड की तरफ नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन बड़ा चौराहा से मेघदूत व परेड चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- चेतना चौराहे से अधिवक्ताओं के वाहन पुलिस ऑफिस से आगे मधुबन तिराहे की तरह नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन पुलिस ऑफिस से दाहिने मुड़कर तिकोनिया पार्क की तरफ पार्क होंगे।

### यहां बनाया गया पार्किंग स्थल

- जेएनके इंटर कॉलेज (चेतना चौराहे के पास) पर वाहन खड़े कर सकते हैं।
- मधुबन तिराहा के बगल में डीएवी कॉलेज ग्राउंड
- मकराबर्टगंज हॉस्पिटल पार्किंग (मर्चेंट चैंबर के सामने)
- गैस गोदाम ग्राउंड (लट्ठा कोठी के पास)
- नगर निगम इंटर कॉलेज (एमजी कॉलेज चौराहा के पास)

## हलीम ग्राउंड को तरावीह के लिए समतल करने का काम तेज

- गुरुवार से तरावीह शुरू होने की उम्मीद शहरभर में तैयारियां
- सड़क पर नमाज नहीं हो, कई मस्जिदों में विशेष व्यवस्था की

**कानपुर।** चमनगंज स्थित हलीम मुस्लिम कालेज ग्राउंड पर इस बार 50 हजार से अधिक मुसलमान तरावीह की नमाज अदा करेंगे जिसके लिए ग्राउंड को समतल करने का काम तेज कर दिया गया है।

सोमवार को कमेटी के अध्यक्ष शकील अहमद एडवोकेट, क्षेत्रीय पार्षद लियाकत अली आदि की अगुवाई में हलीम ग्राउंड को ठीक करने का काम शुरु हो गया है। पहले हलीम कालेज चौराहा तक मुसलमान तरावीह की नमाज अदा करते थे लेकिन अब हलीम ग्राउंड के अंदर ही नमाज होने लगी है। यहां रमजान की 6 तारीख को तरावीह खत्म हो जाएगी।

उधर शहर के विभिन्न मदरसों में भी तरावीह की नमाज की तैयारियां मुकम्मल कर ली गयी है। मदरसा कलीमिया तालीमुल क़ुरआन में 6 रमजान को तरावीह खत्म हो जाएगी। जामा मस्जिद शफियाबाद में 26 रमजान को तरावीह खत्म होगी। यहां मस्जिद की ऊपरी मंजिल पर भी तरावीह होगी। पहले यहां अजमेरी चौराहा तक नमाजियों की भीड़ होती थी।

बताते चलें कि गुरुवार से रमजान-उल-मुबारक के शुरु होने की उम्मीद है। मदरसों, मस्जिदों, खानकाहों, विभिन्न ग्राउंड आदि पर तरावीह की नमाज की तैयारियां शुरु लगभग पूरी हो चुकी हैं।

तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत के सदर हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने मुसलमानों को रमजान-उल-मुबारक की मुबारकबाद देते हुए कहा ये महीना रहमतों व बरकतों वाला महीना है।



जानकारी देते डॉ.जेके गुप्ता, साथ में डॉ.शैलेंद्र यादव व डॉ.अरुण कुमार आर्या।

## डॉक्टर-मरीज के बीच अच्छे रिलेशनशिप से बढ़ता विश्वास

**कानपुर।** वर्तमान में डॉक्टर और मरीज के बीच विश्वास को चोट लगी है। दोनों के बीच अच्छे रिलेशनशिप से यह विश्वास बढ़ सकता है। अब कई बार गंभीर मरीजों को देखने से डॉक्टर डरते हैं, क्योंकि कुछ तीमारदार मरीज की मौत होने पर डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा व तोड़फोड़ पर उतारू हो जाते हैं। जबकि डॉक्टर मरीज को बचाने का पूरा प्रयास करता है। यह जानकारी भारतीय बाल रोग अकादमी के अध्यक्ष डॉ.जेके गुप्ता ने दी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के सभागार में सोमवार को मेडिकोलीगल पर एक गोष्ठी हुई, जिसमे अध्यक्ष डॉ. जेके गुप्ता ने बताया कि चिकित्सा व्यवसाय में कानूनी अड़चनें, डॉक्टरों और अस्पतालों पर मुकदमे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। डॉक्टरों पर उपभोक्ता फोरम के अलावा क्रिमिनल मुकदमें दर्ज हो रहे हैं, जिससे चिकित्सा जगत आहत है। सभी प्रदेशों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है, जिसमें क्लिनिक, अस्पताल आदि में हिंसा पर तीन साल की कैद और 50 हजार जुर्माने का प्रावधान है। इसके बाद भी पुलिस क्लिनिक और अस्पतालों में तोड़फोड़ पर मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट में मुकदमा दर्ज नहीं करती है। सरकार और पुलिस प्रशासन को विशेष ध्यान देना चाहिए। शहर में जो अस्पताल बिना पंजीकरण व मनाक के विहीन चल रहे हैं, उसपर जरूर कार्यवाही होनी चाहिए।

## अमेरिका से डील एकतरफा-किसानों के हित में नहीं

**कानपुर।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय सचिव कारी अब्दुल मुईद चौधरी ने भारत-अमेरिका समझौते को एकतरफा बताते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और इसे किसानों के हितों के खिलाफ बताया है।

सोमवार को राष्ट्रीय सचिव ने पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि ये समझौता पूरी तरह दबाव में किया गया है जिसका सबसे ज्यादा नुकसान देश के किसानों को उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति बिल्कुल अलग है। अंतरराष्ट्रीय समझौते से विदेशी कंपनियों और बड़े कारोबारी घरानों को फायदा होगा, जबकि छोटे और मध्यम किसान आर्थिक संकट में फंस जाएंगे। यदि विदेशी सब्सिडी वाला कृषि उत्पाद भारतीय बाजार में बड़े पैमाने पर आया तो स्थानीय किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा। कारी अब्दुल मुईद चौधरी ने घोषणा की कि भारतीय किसान यूनियन (भानू) चुप नहीं बैठेगी।

## पुलिस को चकमा देकर कांग्रेसी गए लखनऊ

- लखनऊ में विस घेराव से पहले ही कांग्रेसियों की धर-पकड़ शुरू की गई
- कई नेताओं के घर पहुंची पुलिस और हाउस अरेस्ट किया, कई नेता चकमा दे गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में मंगलवार को कांग्रेसियों ने लखनऊ में विधानसभा घेरने की घोषणा की है। कांग्रेसियों का डर था कि पुलिस उन्हें लखनऊ नहीं जाने देगी, इसलिए दोपहर में ही कई कांग्रेसी लखनऊ रवाना हो गये।

सोमवार को कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता समेत कई कांग्रेसी लखनऊ के लिए रवान हो गये। उनके जाने के थोड़ी देर बाद ही महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता के कैंट स्थित आवास पर पुलिस ने धावा बोला लेकिन तब तक पवन गुप्ता लखनऊ के लिए निकल चुके थे।

पवन गुप्ता के आवास के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात कर दिया गया है। महानगर अध्यक्ष का कहना है कि मंगलवार को विधासभा घेराव के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचेंगे और राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में विधानसभा का घेराव करेंगे।

उधर कानपुर नगर ग्रामीण जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला के आवास पर भी शाम को एसीपी दलबल के साथ पहुंचे लेकिन संदीप शुक्ला नहीं मिले। संदीप शुक्ला ने बताया कि उनकी माता जी लखनऊ के वेदांता में भर्ती हैं, इसलिए वे लखनऊ में ही हैं, उनकी पूरी टीम कल लखनऊ पहुंचेगी और वे खुद भी हॉस्पिटल से घेराव करने करने के लिए विधानसभा पहुंचेंगे। हरप्रकाश अग्निहोत्री, महेश मेघानी, नौशाद आलम मंसूरी, सुनील अग्रवाल समेत कई कांग्रेसी नेताओं के आवास पर पुलिस पहुंची।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## डिजिटल मार्केटिंग से छोटे उद्यमी भी बड़े बाजार पहुंच सकते

**कानपुर।** डीएवी कॉलेज में विस्तार इकाई, सुगंध एवं सरस विकास केंद्र कानपुर (एफएफडीसी) ने एरोमा उद्योग पर आधारित जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें प्रतिभागियों को इस क्षेत्र में स्वरोजगार, उद्यमिता विकास और बाजार की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी गई। एफएसडीसी के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ने कहा कि सुगंध उद्योग में अगरबत्ती, धूपबत्ती, एसेन्शियल ऑयल, हर्बल उत्पाद, परफ्यूम और अन्य सुगंधित उत्पादों के निर्माण में रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को कच्चे माल की उपलब्धता, उत्पादन प्रक्रिया, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन रणनीतियों की जानकारी दी गई। बताया कि डिजिटल मार्केटिंग और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से छोटे उद्यमी भी अपने उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचा सकते हैं। सीसजेएम के इन्नोवेशन फाउंडेशन के अनिल त्रिपाठी ने कहा कि सुगंध एवं सुरस उद्योग आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बनेगा।



नगर आयुक्त को ज्ञापन देते कांग्रेस नेता व अन्य। अमृत विचार

## मलिन बस्तियों की दयनीय स्थिति के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मलिन बस्तियों की दयनीय स्थिति के खिलाफ कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया और समस्याओं का समाधान करने के लिए नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता और एआईसीसी सदस्य महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा अटल पाल के नेतृत्व में जे.के. मंदिर के पास राजापुरवा और डीबीएस कॉलेज मलिन बस्ती समेत शहर की मलिन बस्तियों में गंदगी के चलते नारकीय जिंदगी जी रहे लोगों की समस्याओं का समाधान करने की मांग करते हुए कांग्रेसियों ने प्रदर्शन और नारेबाजी की। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि जलभराव, बंद नाले, पानी के निकासी की समस्या, कूड़े के ढेर, टूटी सड़कें के कारण मलिन बस्तियों के लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं। प्रतिभा अटल पाल ने कहा कि गंदगी के कारण बच्चे बुजुर्ग बीमार हो रहे हैं। यहां तक कि मरने और शादी तक में भयावह स्थिति के कारण लोग परेशान हैं। जलभराव के कारण घर के बाहर निकलना दूभर हो गया है सैमुअल लकी सिंह, पदम मोहन मिश्रा, धर्मेंद्र चौहान, राकेश साहू, विनोद अवस्थी, अजय श्रीवास्तव शीलू, आफताब हसन, विवेक पाल, चमन खन्ना, रामपाल नागवंशी, रोहित मिश्रा, रजत मिश्रा थे।

**अनदेखी** | हैलट में प्राइवेट हॉस्पिटल के संचालन से लग सकता अवैध निजी नर्सिंग होम पर अंकुश

# अवैध निजी अस्पताल चल रहे, हैलट में बंद पड़ा प्राइवेट हॉस्पिटल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले में कल्यानपुर व चकेरी क्षेत्र में अवैध व मानक विहीन निजी नर्सिंग होमों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है, जिसकी जानकारी तब हो रही है, जब स्वास्थ्य विभाग निरीक्षण कर रहा है। निजी हॉस्पिटल में इलाज पाने के लिए कुछ लोग अपनी जान तक गवां चुके हैं। बावजूद इसके प्रशासन जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट परिसर में 50 नंबर प्राइवेट हॉस्पिटल का संचालन नहीं कर रहा है। इसके संचालन से कई मरीज निजी नर्सिंग होमों के चक्कर काटने से बच सकते हैं।

हैलट अस्पताल परिसर में बना 50 नंबर प्राइवेट अस्पताल करीब 18 सालों से बंद है। बीते वर्ष अस्पताल में प्राइवेट रूम की संख्या कम होने और मांग अधिक आने पर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 50 नंबर प्राइवेट वार्ड को दोबारा चालू करने का निर्णय लिया था। शासन से इन वार्डों के नवीनीकरण की मांग पर 16 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। कॉलेज प्रशासन ने शासन से मिले रुपये से सभी 50 वार्डों व परिसर में नवीनीकरण का कार्य कराया है।

निर्माण कंपनी अभी तक इसकी फिनिशिंग नहीं कर सकी है। प्रशासन द्वारा भी इस बिल्डिंग पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि दिसंबर 2024 में आए तत्कालीन प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन ने यहां के निर्माण कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट मांगी थी और मार्च तक इसके संचालन की बात कही थी, लेकिन पूरे एक साल बीतने के बाद भी यह प्राइवेट वार्ड शुरू नहीं हो सके हैं। इस वजह से कहीं न कहीं निजी नर्सिंग होमों को भी बढ़ावा मिल रहा है। अगर शासन व प्रशासन द्वारा इसपर ध्यान दिया जाए और निजी नर्सिंग होम व हॉस्पिटल में दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा इन 50 बेड में शुरू की जाए तो मरीजों को काफी राहत मिल सकती है। बता दें कि यहां पर 24 कमरे ऊपर और 24 कमरे नीचे हैं। एक बड़ा कमरा डॉक्टर और एक नर्सिंग स्टाफ के लिए है। हर वार्ड में एक कमरा, बरामदा, किचन, टॉयलेट और बाथरूम है। इसके साथ ही यहां पर एसी, पंखा व एलईडी की भी सुविधा उपलब्ध होगी।



हैलट अस्पताल में बंद 50 नंबर प्राइवेट हास्पिटल। अमृत विचार

### अभी तय नहीं हुआ वार्ड का रुपया

- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के 50 नंबर प्राइवेट हास्पिटल में मरीजों को एक वार्ड में एक दिन रुकने का कितना किराया देना होगा, अभी यह तक तय नहीं हो सका है। प्राइवेट हॉस्पिटल में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ व चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की तैनाती नहीं हो सकी है। शासन स्तर से भी इसपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में हैलट में प्राइवेट वार्ड की सुविधा नहीं होने से मरीजों को निजी नर्सिंग होम में इलाज कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

# वर्षों से लटके वाद जल्द निपटाएं

- पांच साल से शस्त्र नवीनीकरण नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी
- बड़े बकायेदारों की सूची तैयार करके उनसे वसूली की जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किरायेदारी जैसे वाद वर्षों से लंबित हैं, ऐसे वादों का निस्तारण जल्द करें। पांच साल से जिन शस्त्रों का नवीनीकरण नहीं हुआ है तो उनकी भी सूची तैयार करें। बड़े बकायेदारों की भी सूची बनाएं और उनके वसूली की जाए।

सोमवार की शाम को कलेक्ट्रेट पहुंचने पर मंडलायुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया। अनुभाग के निरीक्षण के दौरान उन्हें अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 39,318 शस्त्र लाइसेंस निर्गत हैं। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि विगत पांच वर्षों से जिन लाइसेंस धारकों द्वारा नवीनीकरण नहीं कराया गया है, उनकी पृथक सूची तैयार कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंडलायुक्त ने न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, एडीएम न्यायिक न्यायालय, एडीएम सिटी न्यायालय, एसडीएम सदर न्यायालय, एफएसडीए स्टोर रूम, एनआईसी कक्ष, औषधि निरीक्षक कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं एवं संबंधित पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के संधारण, वादों की प्रगति तथा कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य राजस्व लेखाकार कार्यालय के निरीक्षण में उन्होंने दैवीय आपदा राहत एवं कृषक दुर्घटना बीमा योजना से संबंधित प्रकरणों की स्थिति जानी तथा शासन द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने जनपद के सबसे बड़े राजस्व बकायेदारों की समीक्षा की और अभियान चलाकर वसूली के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई व्यवस्था की जानकारी देते हुए फरियादियों के लिए उपलब्ध प्रतीक्षाकक्ष एवं सुविधाओं का विवरण प्रस्तुत किया। मंडलायुक्त ने आईजीआरएस, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, मत्स्य पट्टा एवं कुम्हारी कला पट्टा से संबंधित आवेदनों की प्रगति की भी समीक्षा की। एडीएम न्यायालय में 266 राजस्व वाद एवं 586 किरायेदारी वाद प्रक्रियाधीन पाए गए, जिनमें पांच वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने अर्बन सीलिंग एवं रूरल सीलिंग भूमि का अद्यतन विवरण प्रस्तुत करने को कहा।

## सिटी ब्रीफ

### 19 तक भर सकते हैं आवेदन

**कानपुर**। स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर, आईआईटी कानपुर, पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी की ओर से छात्रों, शोधकर्ताओं, डेवलपर्स, स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स के लिए इनोवेट 4 एनपीएस हैकाथॉन के लिए आवेदन लेने शुरू कर दिए हैं। यह आवेदन 19 फरवरी तक ऑनलाइन लिए जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन प्रतिभागियों को फिनटेक, सार्वजनिक नीति, साइबर सुरक्षा और बड़े पैमाने की डिजिटल प्रणालियों पर कार्य करने का अवसर प्रदान करता है। जहां ऐसे समाधान विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जो केवल प्रोटोटाइप तक सीमित न रहें, बल्कि वास्तविक दुनिया में भी लागू किए जा सकें। इस प्रतियोगिता में यह हैकाथॉन विद्यार्थियों, स्टार्टअप्स, डेवलपर्स और प्रौद्योगिकी नवोन्मेषकों के लिए खुला है। इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 19 फरवरी रखी गई है। प्रतिभागी इस प्रतियोगिता के जरिये डेवलपर्स, स्टार्टअप्स और इनोवेटर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं और नई खोज में योगदान दे सकते हैं।



### परीक्षा केंद्र में हंगामा

कानपुर। सचेंडी के चकरपुर में आरसीआरडी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र में एसएससी एमटीएस के परीक्षार्थियों ने हंगामा किया। सर्वर और देरी से प्रवेश को लेकर अभ्यर्थियों का गुस्सा फूट पड़ा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परीक्षार्थियों को शांत करा कर सभी को प्रवेश दिलाया। कुछ ही देर में परीक्षा निरस्त होने की जानकारी मिलते ही फिर से हंगामा शुरू हो गया।

### बच्चों ने किया भ्रमण

**कानपुर**। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के तहत बच्चों ने भ्रमण किया। कानपुर देहात के विकास खंड झींझक के विभिन्न उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विज्ञान विषय में विशेष रूचि रखने वाले छात्र छात्राओं को कई विभागों से परिचय कराया गया। इस दौरान मौसम वेधशाला, विद्यार्थी प्रशिक्षण प्रक्षेत्र, मृदा विज्ञान प्रयोगशाला, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय कीट विज्ञान तथा पादप रोग विज्ञान आदि विभागों की कक्षाओं और प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी हासिल की।

# मोबाइल से रहे दूर, नंबर पाए भरपूर

## जेईई मेन परीक्षा का परिणाम हुआ जारी, परीक्षा में सफल होने वाले शहर के मेधावियों में खुशी की लहर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। जेईई मेन राउंड वन का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया। परीक्षा परिणाम के जारी होने के बाद युवाओं में उत्साह रही। शहर के मेधावियों ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत व परिवार को दिया। युवाओं ने अपना लक्ष्य भी बताया। मेधावियों की पहली पसंद आईआईटी दिल्ली व कानपुर को माना। फिलहाल युवा लक्ष्य के अपने अगले चरण पर फोकस कर रहे हैं। मेधावियों ने जेईई की तैयारी की अपनी रणनीति भी बताई। कहा कि इसके लिए मोबाइल से दूरी बहुत जरूरी है। जितना संभव हो उतना ही मोबाइल पर समय बिताना चाहिए। मोबाइल फोन एकाग्रता में कमी और समय को काफी व्यर्थ करता है। इसलिए जितना संभव हो उतना कम स्क्रीन टाइम होना चाहिए।



परिजनों के साथ अरिहंत मिश्रा। अमृत विचार



परिजनों के साथ खुशी मनाता अभि पोरवाल। अमृत विचार

### 12वीं का बोझ कम करें



सार्थक।

- परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए 11वीं में मेहनत से पढ़ाई करनी चाहिए। इससे बारहवीं में पढ़ाई का बोझ बेहद कम होता है। तैयारियों में बचे हुए समय का उपयोग इस परीक्षा के लिए किया जा सकता है। यह कहना है कि आवास विकास निवासी सार्थक सिंह का। सार्थक ने बताया कि उनकी सफलता में बीएसएनएल में कार्यरत उनके पिता भानू प्रताप सिंह व शिक्षिका मां रेखा सिंह का सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्होंने कम से कम मोबाइल फोन में समय बिताया। इसके अलावा पढ़ाई में निरंतरता रखी जिसका बेहतर परिणाम सामने आया।

### नियमित करनी चाहिए पढ़ाई

- परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अरिहंत मिश्रा ने बताया कि उन्होंने नियमित तैयारी की है। इस परीक्षा में पढ़ाई को निरंतर जारी रखना ही सबसे बड़ी चुनौती है। ऐसे में लक्ष्य का निर्धारण करते हुए लगातार मेहनत करना चाहिए। यशोदा नगर निवासी अरिहंत ने बताया कि उनके पिता अमित मिश्रा एक बिल्डर है और मां प्रीती सिंह को सबसे बड़ा आदर्श बताया। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए मोबाइज फोन से दूरी जरूरी है।

### 7 से 8 घंटे की पढ़ाई

- बेहतर परीक्षा परिणाम हासिल करने वाले अभी पोरवाल ने बताया कि जेईई की तैयारी करते कुछ भी नहीं छोड़ना चाहिए। बेहतर तैयारी में यह आत्मविश्वास बढ़ाता है। इससे प्रश्न पत्र हल करते समय काफी लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि उनके पिता राजेंद्र कुमार गुप्ता व मां मनोरमा गुप्ता ने उनका सबसे अधिक सहयोग किया है। अभी ने यह भी बताया कि बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए लगातार पढ़ाई करना जरूरी है। कोशिश की जाए कि एक भी दिन पढ़ाई करना छूटना नहीं चाहिए।

# सार्वजनिक स्वास्थ्य पर गहन शोध जरूरी

- एसआईआईसी, आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों ने की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। स्टार्टअप इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर, आईआईटी कानपुर ने वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा संबंधित डीप-टेक क्षेत्र में बेहतर परिणाम के लिए एक व्याख्यान आयोजित किया। इस दौरान कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटोबा का एक विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल भी आयोजन मे शामिल हुआ। इस दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में गहन शोध की बेहद जरूरत है।

कार्यक्रम में प्रो. दीपू फिलिप (प्रोफेसर इन चार्ज) ने एसआईआईसी के नवाचार इकोसिस्टम तथा शोध-आधारित डीप-टेक स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया। प्रो. बुशरा अतीक (अधिष्ठाता, अंतरराष्ट्रीय संबंध, आईआईटी कानपुर) ने संस्थान की शैक्षणिक संरचना और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के बढ़ते दायरे पर प्रकाश डाला। उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. बसंत कुमार नमसिवायम (पूर्व





आईएएस) और विकास गोठलवाल (पूर्व आईएएस) भी कार्यक्रम में शामिल रहे। कार्यक्रम में डॉ. दीप्ति चुघ, डोमेन हेड (बायोटेक, मेडटेक) ने स्वास्थ्य-तकनीक स्टार्टअप्स को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए एसआईआईसी की संरचित सहायता प्रणाली पर प्रकाश डाला, जिसमें लक्षित मेंटरिंग, अत्याधुनिक अवसंरचना तक पहुंच और रणनीतिक औद्योगिक सहयोग शामिल हैं। कनाडा के प्रतिनिधिमंडल में डॉ. माइकल बेनारोच (अध्यक्ष एवं कुलपति), डॉ. पीटर निकर्सन (अधिष्ठाता, रेडी फैकल्टी ऑफ हेल्थ साइंसेज), डॉ. जोसे जी. लावोई (अधिष्ठाता, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी एंड ग्लोबल हेल्थ) शामिल रहे।

# यूपी बोर्ड के ऑनलाइन-ऑफलाइन कंट्रोल रूम शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**46,430** स्टूडेंट दसवीं में होंगे शामिल

**92,444** कुल परीक्षार्थी जिले में परीक्षा देंगे

**46,014** परीक्षार्थी इस बार 12वीं में होंगे शामिल

**18** फरवरी से शुरू हो रही है बोर्ड परीक्षा

- डबल-लॉक में रखे गए प्रश्न पत्र 18 फरवरी से परीक्षा
- केंद्र में रखे प्रश्न पत्रों की 24 घंटे होगी निगरानी, ड्यूटी लगी

**अमृत विचार**। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में तैयारी पूरी हो गई है। 18 फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए दो कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। इनमें ऑनलाइन और ऑफलाइन कंट्रोल रूम शामिल हैं। दोनो कंट्रोल रूम शुरू हो गए हैं। केंद्रों में पहुंचे प्रश्न पत्रों की इन कंट्रोल रूम के जरिए 24 घंटे निगरानी की जाएगी।

यूपी बोर्ड परीक्षा में इस बार 92,444 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इन परीक्षार्थियों के लिए केंद्रों में प्रश्न पत्र पहुंच गए हैं। प्रश्न पत्रों को डबल लॉक में रखा गया है। इसके लिए केंद्रों में सीसीटीवी भी लगाए गए हैं।

इन्हीं कैमरों के जरिए ऑनलाइन कंट्रोल रूम में प्रश्न पत्रों और सुरक्षा की निगरानी जीजीआईसी चुन्नीगंज स्थित कंट्रोल रूम से की जा रही है। केंद्र व्यवस्थापकों को भी परीक्षा की सुरक्षा संबंधी सभी जानकारियां पूर्व की बैठकों में बता दिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. संतोष राय ने बताया कि परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों की निगरानी हो रही है।

**124 केंद्रों में होगी परीक्षा**

जिले के 124 परीक्षा केंद्रों पर होने वाली यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 92,444 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके अलावा जोनल मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी भी लगाई गई है।

### आज से शुरू होंगे सीबीएसई के पेपर

- **कानपुर**। शहर में मंगलवार से सीबीएसई की परीक्षा आयोजित होंगी। परीक्षा के लिए इस बार 25500 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षार्थी शहर के 27 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए सभी केंद्रों में तैयारी पूरी हो गई है। परीक्षा के पहले दिन दसवीं के परीक्षार्थी मैथमेटिक्स स्टैंडर्ड व बेसिक के प्रश्न पत्रों को हल करेंगे। इसी तरह दसवीं के परीक्षार्थी बॉयोटेक्नोलॉजी, शॉर्टहैंड इंग्लिश व हिंदी का प्रश्न पत्रों को देंगे। उधर नोडल अधिकारी बलविंदर सिंह ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा संबंधी सभी इंतजाम पूरे कर लिए हैं। परीक्षा केंद्रों में सभी परीक्षार्थियों पर सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जाएगी। कड़ी सुरक्षा के बीच प्रश्न पत्रों के पैकेट को खोला जाएगा। इसके अलावा वितरण में भी विशष सावधानी बरती जाएगी।

### कंट्रोल रूम का ट्रायल

- परीक्षा के लिए ऑनलाइन कंट्रोल रूम का ट्रायल भी किया गया। सभी केंद्रों के सीसीटीवी का कनेक्ट कंट्रोल रूम से हुआ। कंट्रोल रूम में तैनात सभी कर्मचारियों को भी निर्देश दिए गए। ऑफ लाइन कंट्रोल रूम में केंद्र व्यवस्थापक फोन कर अपनी समस्याएं बता सकते हैं। इसके नंबर सभी केंद्रों तक पहुंचाया गया है।

### डबल लॉक में प्रश्न पत्र

- शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा के लिए सभी विषयों के प्रश्न पत्र जिले में आ गए हैं। सभी को शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा केंद्रों में भेज दिया गया है। स्ट्रांग रूम में प्रश्न पत्रों को डबल लॉक में रखा गया है। स्ट्रांग रूम की ऑनलाइन कंट्रोल रूम से ऑनलाइन निगरानी की जा रही है।

# अगर डर जाओ तो फटाफट शीशे में अपना चेहरा देखो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। उप्र संगीत नाटक अकादमी लखनऊ द्वारा आयोजित संभागीय नाट्य समारोह 2025–26 में सोमवार को कानपुर की नाट्य वास्तु सांस्कृतिक व सामाजिक संस्था प्रस्तुति दी। कथासार तुम्हें कौन सा रंग पसंद है रहा, जिसमे बताया कि जब कभी अकेलेपन में आप शीशे के सामने खड़े हो जाते हो तो शीशा आपसे सवाल करता है।

अगर आप डर जाओ फटाफट अपना चेहरा देखो और भाग जाओ, तो अलग बात। लेकिन अगर आप उससे बात करने लगे तो वो आपके अंदर उतर जाएगा। आप वो हो जाओगे और वो आप हो जाएगा। डीके ने शीशा देखा, फिर टेबल की तरफ देखा तो उसका अंतर्मन अजनबी के रूप में बाहर आ चुका था और जिसे डीके समझ



मंचन करते कलाकार।

- संभागीय नाट्य समारोह 2025–26 में आयोजित किया नाट्य

नहीं पाया। अब शुरू हुआ सवाल जवाब का सिलसिला, जिसमें डीके फसता जाता है। डीके एक कंपनी के विजिट पर एक प्रोजेक्ट पास करने आया है। कंपनी का एक नौजवान एक्जीक्यूटिव उसे 10 लाख रुपये और एक औरत का ऑफर देता है। इसी बीच वेटर एक औरत के आने की सूचना देता है। उसका अंतर्मन उसे रिश्वत और औरत के लिए धिक्कारता है। डीके और अजनबी के माध्यम से नाटक विवाहेत्तर संबंधों (पोस्ट मैरिज रिलेशन) और लिव इन रिलेशंस पर एक स्वस्थ बहस प्रस्तुत करता है। कहा कि बहुत सी प्राइवेट कंपनिया अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए अनैतिक संबंधों का सहारा लेती हैं। हमारा समाज मजबूत पारिवारिक संबंधों पर टिका है और यदि हम अनैतिक संबंधों की वकालत करेंगे तो यह हमारी सामाजिक परंपराओं के लिए खतरा है। मुख्य पात्र डीके के रूप में प्रवीन अरोड़ा, अजनबी के रूप में कामेश सेठी ने बेहतर अभिनय किया। जबकि नौजवान की भूमिका में कृष्णा चौधरी व वेटर की भूमिका कुलदीप मिश्रा ने निभाई । संगीत कृष्णा व प्रकाश संचालन आयुष यादव ने किया। नाटक का लेखक पाली भूपिंदर सिंह व निर्देशन प्रवीन कुमार अरोड़ा ने किया। प्रस्तुति प्रबंधन शैली अरोड़ा का रहा।

### जन्मदिन पर काटा केक



**कानपुर**। गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में 8 पेटल्स का जन्मदिन मनाया गया। जहां संस्थापक लवांश कटियार (पॉलिसी रिसर्चर, मिनिस्ट्री ऑफ फॉरेन अफेयर्स, ग्रेनाडा) की परिकल्पना पर एक पॉडकास्ट में चर्चा हुई। इस संवाद में डॉ. हीरा लाल (आईएएस), सचिव, राष्ट्रीय एकता विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि 8 बुद्धिमत्ताएं ओर ये 8 लेब्स ही शिक्षा का भविष्य हैं। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस नॉलेज पार्टनरशिप और 8 इंटेलिजेन्सेस पर एक पेनल चर्चा आयोजित की गई। जिसमें मधु शर्मा (केम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस), आरती कटियार, डॉ. शीला चित्रांशी, रश्मि गौर प्रो. तनुजा भट्ट (प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, सीएसजेएमयू) तथा लवांश कटियार शामिल रहे। अमृत विचार

# खेल दिवस का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस 'उड़ान' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्पोर्टस नृत्य, वक्का-वक्का नृत्य और ड्रिल ऑफ टिनी मार्च से हुई। इसके बाद जिम्नास्टिक योग, स्पोर्ट ड्रिल, ताइकॉन्डो और एरोबिक्स का प्रदर्शन भी किया गया। मनोरंजक दौड़ों, बैलून रेस, कछुआ दौड़, बनी रेस, बत्तख दौड़, मकड़ी दौड़, कलेक्टिंग फ्लावर रेस, स्टैंडिंग रेस, जिग-जैग रेस, थ्री लेग्स रेस, संतुलन रेस ८० से १०० मीटर दौड़, बालपिक और ड्राप दौड़, बाधा दौड़, रस्सी कूद दौड़, शटल रेस, रिले रेस में बच्चों ने प्रतिभा दिखाई। विद्यालय के निदेशक पुष्पेन्द्र सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्या एम सिंह व प्रधानाचार्या एल. हसन ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।



स्कूल में बच्चों ने मॉडल बनाए। अमृत विचार

### दौड़ में आरणा प्रथम और मनस्वी को दूसरा स्थान

- **कानपुर**। बचपन स्कूल अहिरवां में आयोजित वार्षिक समारोह में एलकेजी के बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता काफी रोचक रही। इसमें आरणा को प्रथम और मनस्वी को दूसरा स्थान मिला। तीसरे स्थान पर अनायता रहीं। इस अवसर पर प्रबंधक सदाशिव तिवारी, प्रीति सिद्दीकी, डोरा चैटिंर्जी, आशीष, अनुपम आदि रहे।



प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को मेडल दिए। अमृत विचार

**आयोजन** | चार दिन तक कई नाटकों का मंचन करेंगे रंगमंच कलाकार

# सीएसजेएमयू में 'सम्भागीय नाट्य समारोह' का मंच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में सोमवार को कैम्पस के यूआईईटी के लेक्चर हॉल एक में चार दिवसीय 'सम्भागीय नाट्य समारोह की शुरुवात हुई। यह आयोजन उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ और विश्वविद्यालय की 'स्वामी हरिदास संगीत एवं नाट्य अकादमी' की ओर से हुआ। चार दिन तक अलग-अलग नाटकों की प्रस्तुति होगी।

कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि रंग मंच कलाकार अश्वनी कांत श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि रंग मंच कलाकार रतन राठौर व प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने की। इस दौरान विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि रंगमंच की कार्यशाला से हमारे यहां कैंपस में चल रहे फिल्ममेकिंग कोर्स में गुणवत्ता आएगी और काफी सुधार भी होगा। बताया गया कि यह आयोजन चार दिन चलेगा जिसमें हर दिन एक एक नाटक का मंचन होगा । आयोजन के पहले दिन पाली भूपिंदर सिंह द्वारा लिखित और प्रवीण कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित नाटक ''तुम्हें कौन सा रंग पसंद है'' से हुई। समारोह के दूसरे दिन मंगलवार को मुंशी प्रेमचंद की रचना ''नशा'' का मंचन किया जाएगा। तेजेंद्र सिंह ''तेजू'' के निर्देशन में कौशाम्बी की ''इंडियन आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी'' इस नाटक के माध्यम से सत्ता, वर्ग-भेद और अहंकार के उस 'नशे' पर करारी चोट करेगी। 18 फरवरी की शाम लखनऊ के प्रसिद्ध 'यायावर रंगमंडल' के नाम होगी। जयवर्धन द्वारा लिखित और मोहम्मद हफीज द्वारा निर्देशित नाटक ''हाय हैंडसम' बुजुर्गों के अकेलेपन और आधुनिक पारिवारिक ढांचे के बीच बढ़ती दूरियों को हास्य और व्यंग्य पेश करेगा। समारोह का समापन 19 फरवरी को प्रयागराज की संस्था ''माध्यम'' द्वारा प्रस्तुत नाटक ''किराये का मकान'' से होगा। कार्यक्रम का मंच संचालन कांची त्रिपाठी ने किया । इस दौरान स्वामी हरिदास नाट्य अकादमी के निर्देशक डॉ.राज कुमार त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश संगीत नाट्य अकादमी के निर्देशक डॉ. शोभित कुमार नाहर, प्रशांत यादव,डॉ मीत कमल, सुन्दरम मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।



समारोह का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

# ये मेरा दिल प्यार का दीवाना...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में सजी सुरमयी संगीत संध्या में कलाकारों ने समां बांधा जिससे दर्शक मुग्ध हो गये और तालियों की गड़गड़ाहट से प्रदर्शनी गूंज उठी। गायिका अर्चना पांडे ने अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति से समां बांध दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत गीत "यह मेरा दिल प्यार का दीवाना" पर दर्शक भावविभोर होकर झूम उठे।

सोमवार को खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी के अंतर्गत आयोजित विशेष संगीत संध्या में स्थानीय कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदीप श्रीवास्तव म्यूजिकल ग्रुप के सौजन्य से किया गया। देर रात तक चले इस आयोजन में गीत-संगीत की मधुर स्वर लहरियां वातावरण में गूंजती रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सुप्रसिद्ध गजल एवं गीत गायक प्रदीप श्रीवास्तव की भावपूर्ण प्रस्तुति से हुआ। उनकी सधी हुई एंकरिंग और मधुर गायन ने श्रोताओं को शुरुआत से ही बांधे रखा। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। इसके उपरांत कानपुर की। संजय निगम ने प्रसिद्ध गीत "छू कर मेरे मन को, किया तूने जो इशारा" प्रस्तुत कर खूब सराहना बटोरी। वहीं गोविंद सिंह ने गायक मुकेश की शैली में "जाने कहां गए वो दिन" की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावुक कर दिया। युवा गायक अंकुश श्रीवास्तव ने देशभक्ति एवं प्रेम गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया। कीबोर्ड पर अभिनव श्रीवास्तव ने जबकि मनीष धोले ने इलेक्ट्रॉनिक पैड पर उत्कृष्ट ताल संगत की। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, सुरेश गुप्ता के अलावा मनोज पाठक, अखिलेश कुमार अग्निहोत्री, राजीव द्विवेदी, मनोज शुक्ला आदि मौजूद रहे।





खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में संगीत संध्या हुई। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ


जरूरतमंदों को बांटा गया कंबल।

### जरूरतमंदों को कंबल देकर दी राहत

**हसनगंज, उन्नाव, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के हाजीपुर तरेहा गांव निवासी समाजसेवी राहुल रावत ने गांव में 1000 से अधिक जरूरतमंद महिलाओं व वृद्धजनों को कंबल व शाल वितरित किए। कार्यक्रम में सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटी रही। राहुल रावत ने कहा कि सर्दी में पहले भी हमसे जो हो सका था गरीब व असहायों की मदद की थी। जो अन्य लोग रह गए थे उन्हें आज वितरण किया है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सरोज, साहब लाल, आदित्य, दीपक, जय श्री, युवा भाजपा नेता आलोक सिंह रहे।

### कार्य के चलते पांच घंटे तक बंद रहेगा त्रिभुवनखेड़ा उपकेन्द्र

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** मंगलवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र त्रिभुवन खेड़ा पर स्थापित पावर परिवर्तक, ब्रेकर व पैनल का परीक्षण व यार्ड में अनुरक्षण कार्य होगा। इस कारण उपकेंद्र से निर्गत सभी 11 केवी फीडरों से पोषित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति करीब 5 घंटे बाधित रहेगी। निर्धारित समय दोपहर 12 से सायं 5 बजे तक रहेगा। एक्सईएन विद्युत वितरण खंड मगरवारा ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 4 ने लगाई फांसी

## विवाहिता, छात्रा, युवक व अधेड़ के फंदे से लटके मिले शव, विवाहिता के परिजनों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के सत्यनारायण खेड़ा गांव निवासी विवाहिता ने फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। वहीं दही थानाक्षेत्र में अलग-अलग गावों में स्नातक की छात्रा व युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इसके अलावा गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में अधेड़ ने फंदे से लटककर जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने जांच के बाद शवों के पोस्टमार्टम कराए हैं।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मऊ सुल्तानपुर गांव के मजरा सत्यनारायण खेड़ा निवासी पूनम (26) का शव सोमवार सुबह उसके कमरे में साड़ी के फंदे से लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। पति की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। बाद में फोरेंसिक टीम पहुंची जिसने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य किए। पति गोपी ने बताया कि पूनम दो बेटों रिशू व ऋषभ के साथ रविवार रात खाना खाकर कमरे में सोने गई थी। वह बरामदे में चारपाई पर सोया था। सोमवार सुबह 6 बजे जब पूनम कमरे से बाहर नहीं आई तो वह कमरे में पहुंचा जहां उसका शव साड़ी के फंदे से लटका मिला। बेटी की मौत की सूचना पर लखनऊ के थाना बंथरा क्षेत्र के गांव सहजनपुर निवासी पिता सुनील बेटी की ससुराल पहुंचे। बताया कि बेटी की शादी 15 जून-2020 को की थी। आरोप लगाया कि शादी के बाद से कार की मांग को लेकर ससुराल वाले बेटी को प्रताड़ित करते थे। एक महीने पहले भी इन लोगों ने बेटी को पीटा था। इससे वह मायके आ गई थी। 15 दिन पहले ही गोपी अपनी गलती मानकर मारपीट न करने की बात कह बेटी को ले आया था। आरोप लगाया कि पति ने परिजनों की मदद से बेटी को मारकर फंदे से लटकाया है। बेटी की मौत से मां शिवपाता, पिता, छोटी बहन शबनम, भाई विपिन, दादी दुर्गादेवी, चाची मंजू व चाचा रामबिलास बेहाल हैं। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि पति ने ही सूचना दी थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। अभी किसी ने लिखित तहरीर नहीं दी है।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद दही थानाक्षेत्र के गजौली गांव निवासी प्रियंका के परिजन।


गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत हुई घटना में जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान, मचा कोहराम


लवकुश की फाइल फोटो।

**शुक्लागंज, उन्नाव :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बिंदा नगर चौकी अंतर्गत कंचन नगर बी मोहल्ला निवासी लवकुश (55) कानपुर में प्राइवेट नौकरी करता था। उसके छोटे बेटे सुनील ने बताया कि सोमवार को वह अपनी पत्नी के साथ दवा लेने गया था। जबकि मां कमलेश कानपुर में रह रही बीमार बहन मिथिलेश को देखने गई थी। घर पर कोई नहीं था। जब वह लौटा तो देखा कि पिता का शव आंगन में लगे लोहे के जाल में साड़ी के फंदे से लटका था। यह देख वह फूट-फूटकर रोने लगा। उसकी चीख सुन आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची गंगाघाट पुलिस ने जांच के बाद शव फंदे से नीचे उतरवाया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लवकुश की मौत से पूरे परिवार में शोक है। पत्नी व बेटे का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक का बड़ा बेटा सुशील हैदराबाद में नौकरी करता है। जिसे पिता की मौत की सूचना दे दी गई है। सूचना से वह भी व्यथित है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### स्नातक छात्रा व विवाहित युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**बिछिया, उन्नाव :** दही थानाक्षेत्र के गजौली गांव निवासी प्रियंका (19) पुत्री स्व. राम खेलावन बीएससी की छात्रा थी। मां सुनीता ने बताया कि सोमवार सुबह बेटे कमल व विजय काम पर गए थे। वह पड़ोसी के घर गई थी। प्रियंका घर पर अकेली थी। लौटने पर जब उसने बेटी को आवाज दी तो कोई उत्तर नहीं मिला। इस पर वह कमरे में पहुंची तो बेटी का शव फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए। चीख सुन पड़ोसी पहुंचे। जिनकी सूचना पर दही पुलिस ने जांच कर शव फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रियंका की मौत पर मां, भाई व विवाहित बहने पूजा व पप्पी रो-रोकर बेहाल रहीं। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों का कोई आरोप नहीं है। उन्होंने बेटी के आत्महत्या करने की स्पष्ट वजह भी नहीं बताई।


पंकज की फाइल फोटो।

वहीं इसी थानाक्षेत्र के दरोगा खेड़ा गांव निवासी पंकज यादव (35) पुत्र सियाराम मजदूरी करता था। ग्रामीणों के मुताबिक वह शराब का लती था। इससे उसका पत्नी से विवाद होता था। बताते हैं कि रविवार रात वह नशे में घर लौटा था। जिसे लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद पंकज ने घर के दरवाजे के पास गमछे के फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि पंकज के माता-पिता दिव्यांग हैं। उसके 3 बेटियां श्रृष्टि, आरना, टोजो हैं। पति की मौत से पत्नी सन्नो बेहाल है। गांव में चर्चा रही कि पत्नी से विवाद की वजह से उसने ऐसा किया है। एसओ दही ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम कराए गए हैं। दोनों की हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।

### अराजक तत्वों ने पान मसाले की गुमटी में लगाई आग, हजारों का नुकसान


आग से जली पड़ी पान मसाले की गुमटी। ● अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गाजीखेड़ा गांव निवासी एक युवक की पान मसाले की गुमटी को अराजकतत्वों ने आग के हवाले कर दिया। घटना राजमार्ग स्थित आदर्श नगर मोड़ के पास देररात ढाई बजे की बताई जा रही है। आग लगते ही गुमटी से उठती लपटें व धुआं देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद गंगाघाट पुलिस द्वारा दमकल विभाग को अवगत कराया गया। सूचना पर फायर सर्विस की छोटी गाड़ी पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक गुमटी में रखा पान मसाला, सिगरेट, गुटखा आदि सामान जलकर राख हो चुका था। गाजीखेड़ा निवासी विशाल गौतम ने बताया कि वह आदर्श नगर मोड़ के पास पान मसाले की गुमटी लगाकर परिवार पालता है। आग की घटना में उसे करीब 20 हजार का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने अराजकतत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### 20 दिनों से खुदी पड़ी सड़क, आवागमन बाधित


रहमत नगर में इस तरह खुदी पड़ी इंटरलॉकिंग सड़क।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नगर में इन दिनों अमृत योजना के तहत भूमिगत पाइप लाइन डालने का काम कराया जा रहा है। इसे लेकर रहमत नगर में कार्यदायी संस्था द्वारा पाइप लाइन डालने के लिये नई इंटरलॉकिंग सड़क खोद दी गई। बीते करीब 20 दिनों से सड़क खुदी पड़ी है। जिससे क्षेत्रीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर पालिका द्वारा हाल ही में नाथू खेड़ा प्राथमिक स्कूल से रहमत नगर की सड़क बनवाई गई थी। इधर अमृत योजना के तहत कार्यदायी संस्था ने नई इंटरलॉकिंग सड़क खोद दी और भूमिगत पाइप लाइन डालनी काम की थी। लेकिन करीब 20 दिनों से पाइप लाइन डालने का काम बंद पड़ा है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद कार्यदायी संस्था की ओर से न तो काम पूरा किया जा रहा है और न ही अस्थायी मरम्मत की व्यवस्था की गई है।

# जमीन कब्जाने की कोशिश में दो पर केस दर्ज

शुक्लागंज उन्नाव


जमीन पर पड़े दबंगों द्वारा काटे गये अमरूद के पेड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सुखलाल खेड़ा गांव में दबंगों पर जमीन कब्जा करने की नीयत से अमरूद का बाग उजाड़ने का आरोप है। आरोप है कि शनिवार रात दबंगों ने एक के बाद एक करीब 100 अमरूद के पेड़ों पर आरा चलवा दिया। विरोध करने पर झोपड़ी में आग लगा दी और परिवार को गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

● कब्जा करने को झोपड़ी में लगाई आग अमरूद के पेड़ों पर चलवाया आरा

सुखलाल खेड़ा निवासी भैयालाल निषाद की पत्नी खुशबू ने गंगाघाट पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव में उसकी करीब डेढ़ बीघा जमीन है। जिस पर तीन पीढ़ियों से उसका परिवार काबिज है। इस भूमि पर अमरूद का बाग लगा है। आरोप है कि 14 फरवरी की रात गांधी नगर निवासी दीपेंद्र शुक्ला व अनुज कुमार कुछ अन्य लोगों के साथ बाग में पहुंचे व खड़े फलदार पेड़ों को कटवा दिया। इसकी सूचना पर जब खुशबू परिवार के साथ वहां पहुंची तो आरोपियों ने उनसे गाली-गलौज की, झोपड़ी में आग लगा दी और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना से पीड़ित परिवार में दहशत है। वहीं बाग उजड़ने से भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध मारपीट, धमकी व भारतीय वन अधिनियम 1927 आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# प्रमुख चौराहों व धार्मिक स्थलों पर लगेंगे सीसीटीवी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


पन्नालाल सभागार में बैठक करते डीएम गौरांग राठी। ● अमृत विचार

● डीएम की अध्यक्षता में हुई समीक्षात्मक बैठक में नगर निकायों के हो रहे विकास कार्यों की जांच की गई


**अमृत विचार:** कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में नगर निकायों द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की जांच की गई। इसमें डीएम ने स्पष्ट किया कि शहर की स्वच्छता, सुरक्षा व नागरिक सुविधाओं में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य वित्त आयोग व 15वें वित्त आयोग से प्राप्त बजट का समयबद्ध तरीके से सदुपयोग करें। कहा कि आवंटित राशि में से कोई भी हिस्सा अवशेष नहीं रहना चाहिए और विकास कार्यों की गुणवत्ता मानक के अनुरूप हो। शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर डीएम ने कहा कि सभी प्रमुख मंदिरों व मस्जिदों, चौराहों, तिराहों व पड़ाव स्थलों का चिन्हांकन कर वहां प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। टेंपों स्टैंड व पड़ाव स्थलों की समीक्षा में डीएम ने कहा कि वहां पेयजल, शौचालय, छाया व प्रकाश की व्यवस्था हो। निर्देश दिए कि वसूली की रेट लिस्ट व आपातकालीन मोबाइल नंबर का बोर्ड लगाया जाए। कार्यरत कर्मियों के पास अनिवार्य रूप से आईकार्ड हो। जल्द ही इन स्थलों का औचक निरीक्षण व सत्यापन किया जाएगा। शहर को व्यवस्थित करने के लिए डीएम ने ईओ को निर्देश दिया कि लोहे व पत्थर का काम करने वाले व्यापारियों को पूर्व में निर्धारित स्थलों पर ही स्थापित किया जाए। इसके लिए पहले नोटिस जारी करने व मुनादी कराने के निर्देश दिए, ताकि मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण न हो। नगर निकायों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट व एमआरएफ सेंटरों के बेहतर संचालन के निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि नालों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को ऐसी कार्ययोजना तैयार करने को कहा जिससे शहर स्वच्छ व सुंदर दिखे।

इस दौरान एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, एसपी जय प्रकाश सिंह, ईओ नगर पालिका समेत सभी नगर निकायों के अधिकारी रहे।

# बोर्ड परीक्षा को लेकर गंगाघाट क्षेत्र में तैयारियां तेज, 5 स्कूल बने केंद्र

शुक्लागंज, उन्नाव


ओपीजेडी केन्द्र में परीक्षा की तैयारियों में जुटे व्यवस्थापक। ● अमृत विचार


सीट में रोल नंबर की पर्चियां लगाते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षाओं के सुचारु व निष्पक्ष संचालन के लिए गंगाघाट क्षेत्र में 5 विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा की तैयारियों को लेकर केंद्र व्यवस्थापक व शिक्षक अभी से सक्रिय हो गए हैं तथा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

परीक्षा केंद्रों पर पारदर्शिता व सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके साथ बैठने की व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, परीक्षा सामग्री व आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। केंद्र व्यवस्थापकों का कहना है कि समय से पहले सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। ताकि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। गंगाघाट क्षेत्र में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में राजमार्ग स्थित ओम प्रकाश ज्वालादेवी इंटर कॉलेज, कंचन नगर स्थित महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, गंगानगर स्थित गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर, गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज व पोनीरोड स्थित डॉ. लोहिया स्कूल शामिल हैं। जिनमें 1903 हाईस्कूल व 1643 इंटर के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इन सभी केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटर के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सोमवार को ओपीजेडी इंटर कॉलेज में शिक्षकों व परीक्षा व्यवस्थापकों ने तैयारियों का जायजा लिया। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, अनुशासन बनाए रखने व परीक्षार्थियों की सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था पर जोर दिया गया। शासन की ओर से सख्त निर्देश हैं कि परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। सभी कक्षों में सीसीटीवी निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। साथ ही प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए परीक्षार्थियों हेतु जरूरी गाइड लाइंस भी जारी की जाएंगी।


### नकल रोकने के लिए बनाए गए 6 सचल दल

माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक दो पालियों में होनी हैं। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए जहां जिले को 6 जोन व 11 सेक्टर में बांटा गया है वहीं नकल रोकने के लिए 6 सचल दल बनाए गए हैं। जिसमें पहले सचल दल का नेतृत्व डीआईओएस करेंगे। दूसरे सचल दल का नेतृत्व बीएसए, तीसरे का जीआईसी प्रधानाचार्य परमात्मा शरण, चौथे का प्रधानाचार्य कमलेश कुमार, पांचवे का इनायतपुर बर्रा के प्रधानाचार्य अरसान हफ़ीज व छठवें का नेतृत्व जीजीआईसी अचलगंज की प्रधानाचार्या उपमा त्रिपाठी करेंगी।

### प्रश्नपत्र उतारकर लौट रही डीसीएम पलटी चालक और कर्मचारी बाल-बाल बचे

**संवाददाता, उन्नाव :** यूपी बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल व इंटर के प्रश्नपत्रों को डीसीएम से विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर रविवार को भेजा गया था। जहां से सोमवार भोरपहर माखी थानाक्षेत्र के बिरसिंहपुर स्थित इंटर कालेज में प्रश्नपत्रों का आखिरी कार्टन उतारकर लौटते समय थानाक्षेत्र के परेंदा-राजाबाग मार्ग पर डीसीएम चालक जफर निवासी उम्मीदों का शहर सदर कोतवाली को झपकी आ गई। इससे डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें चालक व दो शिक्षा विभाग के कर्मचारी बाल-बाल बच गए। वहीं सोमवार को कुछ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रश्नपत्र लेकर जा रहे वाहन के पलटने की खबर वायरल हो गई। जिसका डीआईओएस सुनील दत्त ने खंडन करते हुए बताया कि वाहन वापसी में पलटा था। माखी एसओ योगेश सिंह ने भी खाली डीसीएम पलटने की बात बताई है। बताया कि मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गया। जिसे क्रेन से निकलवा दिया गया है।

### डीआईओएस कार्यालय में बना कंट्रोल रूम


कंट्रोल रूम में कंप्यूटर सेट करते टेक्नीशियन।

**संवाददाता, उन्नाव :** डीआईओएस कार्यालय स्थित कक्ष में बोर्ड परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम बना दिया गया है। जिसमें 12 कंप्यूटर लगाए गए हैं। जो जिले के 122 परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे। इसके लिए हर कंप्यूटर पर एक-एक कंप्यूटर (एक्सपर्ट) शिक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। जो परीक्षा के दौरान केंद्रों पर होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रखेंगे। सुबह पाली का प्रभारी शिक्षिका सीमा व दूसरी पाली का प्रभारी अल्का सचान को बनाया गया है। ज्ञात हो कि कंट्रोल रूम को सुसज्जित करने के लिए डीआईओएस द्वारा बीते दिन 24 घंटे का समय दिया था। जिससे आनन-फानन टाइल्स मंगवाकर उसे सुसज्जित कराया गया और उसमें सोमवार को कंप्यूटर लगवा दिए गए। ताकि परीक्षा शुरू होने से पहले हर केंद्रों की निगरानी कंट्रोल रूम से की जा सके।

### 27 परीक्षा केंद्रों में पहुंचे प्रश्नपत्रों के कार्टन

माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की 18 फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए सोमवार को शेष 27 परीक्षा केंद्रों के प्रश्नपत्रों के कार्टन शाम 5 बजे तक जीजीआईसी स्थित कंट्रोल रूम से भेजे गए। डीआईओएस सुनील दत्त, स्ट्रांग रूम प्रभारी राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परमात्मा शरण व पुलिस बल की उपस्थिति में बोर्ड के प्रश्नपत्रों के कार्टन बसों व छोटे वाहनों से भेजे गए। हर छोटे-बड़े वाहनों में केंद्रों के प्रश्नपत्रों के कार्टन के साथ दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, दो शिक्षक व दो पुलिस के जवान ड्यूटी में लगाए गए। डीआईओएस ने कहा कि जिले के 122 केंद्रों में से 95 केंद्रों के प्रश्नपत्र कल तक भेजे जा चुके थे। शहर व शुक्लागंज क्षेत्र के 27 केंद्रों के प्रश्नपत्रों के कार्टन आज भेजे गए हैं।

## सड़क हादसों में वृद्धा समेत चार घायल

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव नयाखेड़ा के मजरा देवागांव का श्यामू (65) सफीपुर-रसूलाबाद मार्ग पैदल पार कर रहा था। तभी रसूलाबाद जा रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी। वहीं, दूसरी घटना में कोतवाली क्षेत्र नौबतपुर गांव निवासी लवकुश पत्नी प्रीती (35) व बेटे आयुष (3) को बाइक पर बैठाकर उन्नाव जा रहा था। तभी उसने उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के साल्हेनगर गांव निवासी संतोषी (43) पत्नी रज्जन लाल को सड़क पार करते समय टक्कर मार दी। इसमें संतोषी व बाइक सवार प्रीती व आयुष घायल हो गए। सभी को लोगों ने सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। जहां डाक्टर ने संतोषी व श्यामू को जिला अस्पताल भेज दिया।

# पीक ऑवर में नवीन पुल पर जाम से दो घंटे थमी रफ्तार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)**

**अमृत विचार:** पीक ऑवर के दौरान नवीन पुल से बालूघाट मोड़ के संकरे रास्ते के कारण सोमवार को एक बार फिर भीषण जाम की स्थिति बन गई। सुबह से ही यातायात का दबाव बढ़ने पर पुल से लेकर फोरलेन तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम खुलवाने में जुटे पुलिसकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन वाहनों का अत्यधिक भार होने से करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

जाम की आशंका को देखते हुए स्थानीय पुलिस और यातायात पुलिस सुबह से ही मौके पर मुस्तैद रही, लेकिन बालूघाट मोड़ के संकरे मार्ग के आगे पुलिस भी बेबस नजर आई। सोमवार सुबह करीब दस बजे जैसे ही वाहनों की संख्या बढ़ी, जाम लगना शुरू हो गया और कुछ ही देर में पुल से फोरलेन तक वाहन रेंगने लगे। जाम में टेंपो, ई-रिक्शा, ऑटो, दोपहिया व चौपहिया वाहन, समेत अन्य वाहन फंसे रहे। ई-बसों के आवागमन से स्थिति और जटिल हो गई। मौके पर मौजूद यातायात पुलिस ने आड़े-तिरछे खड़े वाहनों को व्यवस्थित कराया, जिसके बाद वाहन धीरे-धीरे आगे बढ़ सके। दोपहर करीब बारह बजे यातायात की स्थिति सामान्य हो पाई।

# अभिनव के खेल से यूसीसी की शानदार जीत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


विजयी टीम के साथ मौजूद आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 रजनींद्र दीक्षित जनपदीय क्रिकेट लीग के तीसरे मैच में यूसीसी ने यूथ क्लब को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी। कप्तान अभिनव राजपूत मैच के हीरो रहे। जिन्होंने पहली गेंद से पंजा खोला फिर बल्ले से भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूथ क्लब की टीम अभिनव राजपूत व शौर्य की गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। निर्धारित 35 ओवर में पूरी टीम 23 ओवर में 92 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से अव्यक्त ने सर्वाधिक 26 व कृष्णा सोनी ने 15 रन बनाए। 93 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूसीसी की टीम ने सधी शुरुआत की। टीम ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया व 6 विकेट से जीत अपने नाम की। बल्लेबाजी में भी कप्तान अभिनव राजपूत ने 28 रनों की पारी खेली। वहीं अनुज राजपूत ने भी 28 रन बनाए। यूथ क्लब की ओर से अव्यक्त व देवाशीष ने दो-दो विकेट लिए। सम्मान समारोह मैच के बाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने अभिनव राजपूत के शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। इसमें महामंत्री पीके मिश्रा, ओम मिश्रा, साकिर हुसैन, कृष्ण नारायण अवस्थी, सौभाग्य अवस्थी, परवेज अहमद जानी आदि रहे। चौथा मुकाबला मंगलवार सुबह 9 बजे से रामकली स्टेडियम शुक्लागंज में आइडियल क्लब व इंटर नेशनल क्लब के बीच होगा।

# अमृत विचार

मंगलवार, 17 फरवरी 2026




पहली और सबसे बड़ी जीत स्वयं पर विजय प्राप्त करना है।

-प्लेटो, दार्शनिक



## रहमान को कमान

आज तारिक रहमान के शपथ ग्रहण के साथ बांग्लादेश की सत्ता चुनी हुई सरकार के हाथों में होगी। इस बदलाव का सीधा असर हसीना के समय विकसित भारत–बांग्लादेश संबंधों पर पड़ेगा। शेख हसीना के दौर में सुरक्षा, कनेक्टिविटी और ऊर्जा सहयोग में प्रगति दक्षिण एशिया में सहयोग का मॉडल मानी गई। अब नई व्यवस्था भारत के लिए अवसर बनेगी या चुनौती यह भविष्य बताएगा। सकारात्मक पक्ष यह है कि तारिक रहमान और उनके सलाहकार सार्वजनिक रूप से 'रचनात्मक सहयोग' और 'नए सिरे से संबंध' की बात कर रहे हैं। इसका अर्थ पुराने ढांचे को तोड़े बिना राजनीतिक परिवर्तनों के अनुरूप समीकरणों का पुनर्संतुलन है।

नई सरकार की संतुलित संबंधों की बात को हमें असुरक्षा के बजाय परिपक्व कूटनीति के संकेत के रूप में लेना चाहिए। एक आत्मविश्वासी भारत अपने पड़ोसी की बहुध्रुवीय कूटनीति से विचलित नहीं होता, हालांकि नकारात्मक आयाम भी कम नहीं। बीएनपी की वैचारिक पृष्ठभूमि और जमात-ए-इस्लामी जैसे दलों का संभावित प्रभाव भारत के लिए चिंता का विषय है। जमात का ऐतिहासिक झुकाव पाकिस्तान की ओर रहा है और भारत-विरोधी बयानबाजी उसकी राजनीति का हिस्सा रही है। तारिक रहमान को घरेलू दबावों के बीच 'भारत के प्रति नरम' न दिखने की मजबूरी हो सकती है, जिससे सार्वजनिक रुख कठोर और व्यावहारिक सहयोग सीमित हो सकता है। 'नए सिरे से संबंध' की अभिव्यक्ति का तात्पर्य है कि ढाका द्विपक्षीय संबंधों में अधिक समता, पारदर्शिता और पारस्परिकता चाहता है। भारत को इसे व्यापार असंतुलन कम करने, निवेश को द्विदिश बनाने और लोगों-से-लोगों के संपर्क बढ़ाने के अवसर की तरह देखना चाहिए। तीस्ता नदी जल-बंटवारा समझौते का जटिल मुद्दा नई सरकार के साथ और कठिन हो सकता है, क्योंकि तारिक को घरेलू राष्ट्रवादी दबाव झेलने होंगे। इसी तरह, कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स—रेल, सड़क, बंदरगाह और ऊर्जा ग्रिड पर भी जमात का वैचारिक विरोध बाधा बन सकता है। सुरक्षा समन्वय, विशेषकर आतंकवाद-रोधी सहयोग और सीमा प्रबंधन, हसीना काल की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। यदि नई सरकार इस सहयोग को कमजोर करती है, तो पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है, परंतु बांग्लादेश स्वयं भी उग्रवाद की पुनरावृत्ति नहीं चाहेगा; इसलिए सुरक्षा सहयोग की बुनियाद पूरी तरह ढहने की संभावना कम है। ढाका का बीजिंग या इस्लामाबाद की ओर झुकाव तभी सीमित होगा, जब नई दिल्ली भरोसे, संवेदनशीलता और व्यावहारिक लाभों पर आधारित संबंधों का नया अध्याय लिख सके। शेख हसीना की भारत में मौजूदगी और संभावित प्रत्यर्पण का प्रश्न राजनीतिक रूप से विस्फोटक है। प्रत्यर्पण विधिक प्रक्रिया और द्विपक्षीय संधियों पर निर्भर करेगा। यदि इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई के रूप में देखा गया, तो यह तारिक सरकार के लिए अंतर्राष्ट्रीय आलोचना का कारण बन सकता है। अल्पसंख्यक, विशेषकर हिंदू समुदाय की सुरक्षा नई सरकार की परीक्षा होगी।

यदि बीएनपी धर्मनिरपेक्षता के बजाय 'समानता' की भाषा अपनाती है, तो उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि समानता का अर्थ बहुसंख्यक वर्चस्व न बन जाए। हिंसा से दूरी का सार्वजनिक संदेश अंतर्राष्ट्रीय छवि सुधारने का प्रयास भी हो सकता है।

### प्रसंगवश

## ब्रह्मांड की सरकार और धरती की राजनीति

आने वाली 19 मार्च से विक्रम संवत 2083 शुरू हो रहा है। ज्योतिषियों ने बताया है कि इस बार वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति होंगे। सब लोग न ज्योतिषी हैं और न खगोल के जानकार। ग्रहों की गणना समझ से बाहर हो सकती है, लेकिन हर साल यह बात पढ़कर लोग ठहर जाते हैं। वर्ष के राजा के विचार में एक प्रतीक छिपा है, वह ध्यान खींचता है। इस विचार में सत्ता को लेकर एक ऐसी सोच छिपी है, जो हमारी रोजमर्रा की राजनीति से बिल्कुल अलग है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार हर नव संवत्सर के साथ सृष्टि की सत्ता बदलती है। एक ग्रह वर्ष का राजा बनता है, कोई मंत्री, कोई सेनापति, कोई वर्षा का अधिपति।

यह पूरी व्यवस्था प्रतीकात्मक है, लेकिन कल्पना कीजिए कि ऊपर कहीं तो यह मान लिया गया है कि सत्ता स्थायी नहीं होती। वह हर साल बदलती है। उत्तदायित्व परिवर्तित होते रहते हैं। कोई एक हमेशा के लिए नहीं बैठा रहता। यह विचार अपने आप में सुंदर है, क्योंकि हमारी धरती पर सत्ता अक्सर स्थायित्व चाहती है। यहां कुर्सी को पकड़ कर रखने की प्रवृत्ति स्वाभाविक मानी जाती है। हमारी परंपराओं में बदलाव स्वाभाविक ही नहीं है, बल्कि आवश्यक है। फिर भी बदलाव को जोखिम समझा जाता है। ज्योतिषीय मान्यताएं कहती हैं कि अगर बृहस्पति वर्ष के राजा हों तो ज्ञान, संतुलन और नैतिकता के संकेत माने जाते हैं।



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

अगर शनि हों तो अनुशासन और कठोर परिश्रम के संकेत। मंगल राजा हों तो ऊर्जा और संघर्ष होना तय है। इन मान्यताओं को कोई आस्था कहता है, कोई इन्हें सांस्कृतिक कल्पना के दायरे में रखता है, तो किसी की नजर में यह प्रतीकात्मक भाषा है। तमाम दृष्टियों के बावजूद एक बात तय है कि हर साल का स्वभाव अलग हो सकता है। हर समय एक जैसा नहीं होता।

धरती पर सत्ता का लोभ इस कदर हावी है कि हम अक्सर यह मान लेते हैं कि जो व्यवस्था आज है, वही अंतिम है। जो सोच अभी प्रबल है, वही स्थायी है, लेकिन कैलेंडर हर साल बदलकर यह स्मरण करवा देता है कि समय स्थिर नहीं है। अगर ग्रहों की कल्पित सत्ता बदल सकती है, तो मनुष्य की सत्ता क्यों नहीं? अगर ब्रह्मांड को हर साल नई दिशा दी जा सकती है, तो समाज में नई सोच क्यों नहीं आ सकती?

कई लोग तर्क-वितर्क करते हैं। ज्योतिष की सत्यता या असत्यता में उलझ जाते हैं, लेकिन बात उस प्रतीक की है, जो हमारी परंपराओं ने हमें दिए हैं। परंपराएं भूमिकाओं को अस्थायी करार देती हैं। यानी, आज जो राजा है, कल वह आम आदमी होगा। आज जो मंत्री बन उद्बोधन देता है, वह कल श्रोताओं की कतार में होगा। आज जो नीति नियंता है, निर्णय लेने में समक्ष है, कल उससे सवाल पूछे जाना अवश्यंभावी हैं, दरअसल जीवन भी कुछ ऐसा ही है। बचपन में पिता सवाल पूछते हैं, बड़ा होकर बेटा पूछने लगता है। कभी शिक्षक मंच पर होता है तो कभी शिष्य मंचासीन हो जाते हैं। कभी हम निर्णय लेते हैं, तो कभी निर्णय मानने के लिए बाध्य हो जाते हैं।

नव संवत्सर का विचार सकारात्मकता का भाव लेकर आता है। चाहे पिछले वर्ष में कितनी ही उलझनें रही हों, कितनी मुश्किलें आई हों, पर नव संवत्सर कहता है कि पुनः शुरुआत संभव है। विज्ञान कहता है कि अगर हर चक्र के उपरांत नया चक्र आने के प्रति कुदरत आश्वस्त रहती है, तो हममें यह आश्वासन का भाव क्यों नहीं होना चाहिए? लोग अक्सर बड़े सिद्धांतों में उलझ जाते हैं। सोशल मीडिया के दौर में यह सब अधिक हो गया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# गिग-इकोनॉमी में सहकारिता की दस्तक






डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

भारत टैक्सी को लेकर इस समय चर्चा आम है। कोई इसे ओला-उबर जैसी सेवाओं का सरकारी विकल्प बता रहा है, कोई गिग-इकोनॉमी में सरकार का एक प्रयास, तो कोई इसे टैक्सी बाज़ार में अनावश्यक सरकारी दखल कहकर खारिज कर देना चाहता है। इस शोर के बीच सबसे ज़रूरी बात यह है कि इस पहल को भावनात्मक या राजनीतिक चश्मे से नहीं, बल्कि उसके संस्थागत ढांचे, आर्थिक तर्क और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर समझा जाना चाहिए।

सहकारिता मंत्रालय के अधीन गठित सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित 'भारत टैक्सी' किसी निजी स्टार्ट-अप का विस्तार नहीं, बल्कि सहकारिता ढांचे में ऐप-आधारित राइड-हेलिंग का एक संस्थागत प्रयोग है। यह संस्था जून 2025 में मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज़ एक्ट, 2002 के तहत पंजीकृत हुई और कई बड़े सहकारी संगठनों की भागीदारी से इसका गठन हुआ। दिसंबर 2025 से यह दिल्ली-एनसीआर और गुजरात के कुछ शहरों में पायलट रूप में चल रही थी, जहां मंत्रालय के अनुसार रोज़ाना दस हज़ार से अधिक राइड पूरी हो रही थीं।

भारत टैक्सी के व्यावसायिक मॉडल का मूल अंतर उसके स्वामित्व ढांचे में है। निजी टैक्सी प्लेटफॉर्मों जैसे कि ओला-ऊबर में स्वामित्व निवेशकों के पास होता है और ड्राइवर स्वतंत्र कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम करते हैं। भारत टैक्सी में पंजीकृत ड्राइवरों, जिन्हें 'सारथी' कहा गया है, को सहकारी संस्था के सदस्य और शेयरधारक का दर्जा दिया जाने की बात कही गई है। न्यूनतम शेयर पूंजी के साथ वे संस्था में भागीदारी प्राप्त करते हैं और प्रतिनिधियों के चुनाव में हिस्सा लेते हैं। इसका अर्थ यह है कि प्लेटफॉर्म के स्वामित्व और लाभ के ढांचे में ड्राइवर को संस्थागत हिस्सेदारी देने का प्रयास किया गया है।

> सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित 'भारत टैक्सी' किसी निजी स्टार्ट-अप का विस्तार नहीं, बल्कि सहकारिता ढांचे में ऐप-आधारित राइड-हेलिंग का एक संस्थागत प्रयोग है।

निजी प्लेटफॉर्म आम तौर पर प्रति राइड कमीशन पर आधारित होते हैं, जो कई बार 15 से 30 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। भारत टैक्सी का घोषित ढांचा कमीशन-मुक्त है। कहा जा रहा है कि ड्राइवर से केवल सीमित सदस्यता शुल्क लिया जाएगा और किराये की पूरी राशि उसके खाते में जाएगी। सहकारी संस्था के पास जो अधिशेष रहेगा, वह भी अंततः सदस्यों की सामूहिक पूंजी का हिस्सा होगा। आय-वितरण के इस ढांचे का सीधा उद्देश्य ड्राइवर की शुद्ध आय बढ़ाना और प्लेटफॉर्म-लाभ में उसकी हिस्सेदारी सुनिश्चित करना है, हालांकि, केवल सदस्यता शुल्क से तकनीकी अवसंरचना का खर्च निकालना प्रबंधन के लिए एक चुनौती हो सकती है, जिसका उत्तर परिचालन के विस्तार में छिपा है।

यात्रियों के दृष्टिकोण से सबसे महत्वपूर्ण पहलू किराया-प्रणाली है। ऐप-आधारित सेवाओं की सबसे बड़ी आलोचना डायनेमिक या सर्ज प्राइसिंग को लेकर रही है, जिसमें मांग बढ़ने पर किराया कई गुना तक बढ़ जाता है। फिलहाल भारत टैक्सी में एल्गोरिद्मिक सर्ज प्राइसिंग नहीं रखने की नीति घोषित की गई है। इसके स्थान पर पारंपरिक मीटर-मॉडल की तरह सीमित कंजेशन सरचार्ज का प्रावधान है। उपलब्ध टैरिफ-संरचना के अनुसार न्यूनतम किराया, प्रति किलोमीटर दर, पिक-अप चार्ज और वेटिंग चार्ज पहले से निर्धारित हैं, जिससे किराये की पूर्वानुमेयता बढ़ती है।

प्रारंभिक आकलनों में यह अनुमान व्यक्त किया गया है कि कमीशन-मुक्त मॉडल के कारण किराये प्रतिस्पर्धी ऐप्स से कम हो सकते हैं, विशेषकर पीक आवर्स में। परंतु यह केवल अनुमानित तुलना है; किसी भी निष्कर्ष के लिए दीर्घकालिक परिचालन डेटा ही निर्णायक होगा। परिवहन-अर्थशास्त्र में वास्तविक लागत, राइड-वॉल्यूम और परिचालन दक्षता ही किराये के स्थायित्व को तय करते हैं।

ड्राइवर कल्याण के संदर्भ में भी कुछ ठोस प्रावधान सामने आए हैं। दुर्घटना और स्वास्थ्य बीमा कवर, ई-श्रम पंजीकरण तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़ाव जैसे कदम गिग-वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा का औपचारिक ढांचा तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण माने जा सकते हैं। भारत में गिग-इकोनॉमी का विस्तार तेज़ हुआ है, पर सामाजिक सुरक्षा उसी अनुपात में विकसित नहीं हो पाई। इस दृष्टि से यह मॉडल नीति-स्तर पर एक संरचनात्मक हस्तक्षेप का संकेत देता है।

इस सेवा की एक और उल्लेखनीय विशेषता इसका सार्वजनिक परिवहन तंत्र से संस्थागत एकीकरण का प्रयास भी शामिल है। मेट्रो स्टेशनों, एयरपोर्ट और अन्य परिवहन केंद्रों के साथ समझौतों के माध्यम से इसे फर्स्ट-माइल और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी का औपचारिक हिस्सा बनाने की योजना बनाई गई है, हालांकि प्रतिस्पर्धा का संदर्भ भी उतना ही स्पष्ट है। निजी प्लेटफॉर्म वर्षों का परिचालन अनुभव, विशाल पूंजी, डेटा-आधारित एल्गोरिद्म और व्यापक उपयोगकर्ता आधार लेकर इस क्षेत्र में स्थापित हैं। किसी भी नए प्लेटफॉर्म के लिए सेवा-गुणवत्ता, ऐप-स्थिरता, राइड-मैचिंग और ड्राइवर-उपलब्धता के समान स्तर तक पहुंचना एक कठिन प्रक्रिया होती है। सहकारी ढांचे की सफलता भी इस बात पर निर्भर करेगी कि निर्णय-प्रक्रिया कितनी पारदर्शी और सदस्य-केंद्रित रहती है।

तथ्यों के आधार पर भारत टैक्सी को न तो तात्कालिक क्रांति कहा जा सकता है और न ही इसे साधारण सरकारी हस्तक्षेप के रूप में खारिज किया जा सकता है। इस प्रयोग का वास्तविक मूल्यांकन कुछ ठोस मापदंडों पर होगा। ड्राइवर की वास्तविक आय और सामाजिक सुरक्षा में परिवर्तन, यात्रियों के लिए किराया-स्थिरता और सेवा-गुणवत्ता, तथा सार्वजनिक परिवहन तंत्र के साथ इसका व्यावहारिक एकीकरण। यही वे संकेतक हैं, जो आने वाले समय में तय करेंगे कि भारत टैक्सी भारतीय शहरी परिवहन में संरचनात्मक बदलाव लाती है या केवल विकल्पों की सूची में एक और ऐप जोड़ती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने




केरल भारत का एकमात्र राज्य है, जो गांधी जी के पदचिह्नों पर आगे बढ़ा है, जिसकी तरक्की हुई है। केरल असल में पंचायती राज वाला पहला राज्य है। वहीं कानून के मामले में देश का दूसरा सबसे अच्छा राज्य है। मुख्यमंत्री विजयन आगामी विधानसभा चुनाव में अपना पद बनाए रखेंगे।

-मणिशंकर अय्यर
कांग्रेस नेता

केरल के लोग ज्यादा जिम्मेदार और जवाबदेह शासन के लिए यूडीएफ को राज्य की सत्ता में वापस लाएंगे। इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए। वे यह भी जानते हैं कि एलडीएफ और बीजेपी गुप्त पार्टनर हैं।

-जयराम रमेश
कांग्रेस नेता



## राज्यपाल का अभिभाषण व संवैधानिकता



डॉ. कैलाश चंद सैनी
पूर्व मुख्य अंवेषण एवं संदर्भ अधिकारी
राजस्थान विधानसभा

भारतीय संसदीय लोकतंत्र में राज्यपाल का पद केवल औपचारिकता का प्रतीक नहीं, बल्कि संघीय संतुलन और संवैधानिक निरंतरता का आधार स्तंभ है। संविधान निर्माताओं ने इस पद की परिकल्पना एक ऐसे तटस्थ अभिभावक के रूप में की थी, जो निर्वाचित सरकार और संघ के मध्य समन्वय का सेतु बने। इस पद की गरिमा निष्पक्षता और संवैधानिक मर्यादा में निहित है, किंतु वर्तमान में विभिन्न राज्यों, विशेषकर केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के घटनाक्रमों ने इस भूमिका को पुनः विमर्श के केंद्र में ला दिया है।

कर्नाटक में राज्यपाल द्वारा संयुक्त सत्र के अभिभाषण की केवल दो पंक्तियां पढ़कर सदन से प्रस्थान करना, तमिलनाडु में मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदित अभिभाषण के कुछ अंशों को छोड़ना और केरल में नीतिगत असहमति व्यक्त करना- ये प्रसंग स्थापित संवैधानिक परंपराओं से विचलन के स्पष्ट संकेत हैं। इन घटनाओं से यह आभास होता है कि राज्यपाल स्वयं को निर्वाचित सरकार के समानांतर एक शक्ति-केंद्र के रूप में देख रहे हैं। यह प्रवृत्ति न केवल संसदीय शिष्टाचार के प्रतिकूल है, बल्कि संघीय ढांचे के भी प्रतिकूल प्रतीत होती है।

संविधान का अनुच्छेद 176 अनिवार्य करता है कि राज्यपाल प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र तथा आम चुनाव के बाद प्रथम बैठक में विधानमंडल को संबोधित करेंगे। यह अभिभाषण राज्य सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्यक्रमों का नीति वक्तव्य होता है। अनुच्छेद 176 के अनुसार राज्यपाल अभिभाषण एक संवैधानिक दायित्व है, जो पूर्णतः मंत्रिपरिषद की सलाह पर आधारित होता है। राज्यपाल यहां राज्य सरकार के संवैधानिक संवाहक की भूमिका निभाते हैं।

> भारतीय संसदीय लोकतंत्र में राज्यपाल का पद संघीय संतुलन और संवैधानिक निरंतरता का आधार स्तंभ है।

इसके साथ ही, अनुच्छेद 159 के तहत राज्यपाल संविधान की रक्षा और संरक्षण की शपथ लेते हैं। संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा यह है कि राज्यपाल सरकार के नीतिगत विजन से निजी तौर पर असहमत होने के बावजूद उसे पढ़ने के लिए बाध्य हैं, क्योंकि वह दस्तावेज उस जनादेश का प्रतिनिधित्व करता है, जो जनता ने सरकार को दिया है। जब राज्यपाल इसे परिवर्तित या संक्षिप्त करते हैं या पढ़ने से इनकार करते हैं, तो वे परोक्ष रूप से उस लोकतांत्रिक जनादेश का अनादर कर रहे होते हैं।

राज्यपाल की शक्तियों और सीमाओं पर न्यायपालिका ने अक्सर मार्गदर्शक रेखाएं खींची हैं। शमशेर सिंह बनाम पंजाब राज्य (1974) के ऐतिहासिक मामले में सात न्यायाधीशों की पीठ ने स्थापित किया था कि राज्यपाल, राष्ट्रपति की भांति ही अपनी शक्तियों का प्रयोग मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर ही करेंगे। इसी प्रकार, नबाम रेबिया प्रकरण (2016) में सर्वोच्च न्यायालय ने पुनः रेखांकित किया कि राज्यपाल अपनी व्यक्तिगत इच्छा या राजनीतिक पसंद के आधार पर निर्वाचित सरकार के नीतिगत कार्यों में हस्तक्षेप नहीं कर सकते। न्यायालय का मत रहा है कि अभिभाषण जैसे मामलों में राज्यपाल के पास कोई विवेकाधीन शक्ति नहीं होती; उन्हें मंत्रिपरिषद द्वारा तैयार मसौदे को ही पढ़ना होता है।

सरकारिया आयोग (1988) और पुंछी आयोग (2010) ने राज्यपाल के पद की निष्पक्षता को सुदृढ़ करने की दृष्टि से यह अनुशंसा की थी कि राज्यपाल की नियुक्ति की प्रक्रिया में संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श लेना अनिवार्य होना चाहिए। इससे पद की स्वीकार्यता बढ़ती है और राजभवन व मुख्यमंत्री सचिवालय के बीच अनावश्यक टकराव की संभावना कम होती है। वर्तमान परिस्थितियां इंगित करती हैं कि इन सुझावों की अनदेखी ने ही इस पद को अक्सर राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का उपकरण बना दिया है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान सभा में 'संवैधानिक नैतिकता' की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा था कि किसी संविधान की सफलता केवल उसके लिखित प्रावधानों पर नहीं, बल्कि उन मर्यादाओं और आत्मसंयम पर निर्भर करती है, जिन्हें पदों पर आसीन व्यक्ति अपनाते हैं। यह दृष्टिकोण आज और भी प्रासंगिक हो गया है। राज्यपाल का पद राजनीतिक संघर्ष का केंद्र नहीं बनना चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा इस परंपरा को समाप्त करने के लिए संविधान संशोधन का सुझाव और कर्नाटक में सुप्रीम कोर्ट की राय लेने पर विचार, यह स्पष्ट करता है कि विवाद अब केवल राजनीतिक मतभेद तक सीमित नहीं रहा। यह संघीय ढांचे के भीतर उभरते एक बड़े संवैधानिक टकराव का पूर्व संकेत है। समाधान राज्यपाल के पद को समाप्त करने में नहीं, बल्कि उसे उसकी मूल भावना में पुनर्स्थापित करने में निहित है।

संवैधानिक पदों की प्रभावशीलता विधिक प्रावधानों के साथ-साथ संस्थागत संयम पर टिकी होती है। राजभवन और निर्वाचित सरकारों के बीच मतभेदों को सार्वजनिक रूप से उजागर करने के बजाय बंद कमरों में संवैधानिक संवाद के माध्यम से सुलझाना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## गोंडवाना जंक्शन

मैं कन्याकुमारी की यात्रा पर गया। यह एक सुनियोजित यात्रा थी, या यूं कहिए कि कन्याकुमारी मुझे बुला रही थी। मुझे भी लगने लगा कि यह संभवतः मेरा सबसे लंबा प्रवास हो। अमूमन मैं लंबा प्रवास नहीं करता, लेकिन स्वामी विवेकानंद रॉक पर खड़े होकर समुद्रों के भिन्न-भिन्न रंग यह अहसास दिला गए कि जब संस्कृति बदलती है, जल के रंग भी बदल जाते हैं। इस स्थान को ही गोंडवाना जंक्शन कहते हैं। यही वह स्थान है, जहां से गोंडवाना के तीन बंधु हमेशा के लिए बिछड़ गए। अगर जंबूद्वीप का इतिहास समझना है, तो हमें एक बार इस पत्थर पर खड़ा होना ही होगा।



प्रवीण कुमार झा
लेखक

11.8 करोड़ वर्ष पूर्व एक ज्वालामुखी विस्फोट के बाद ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका भारत से अलग हो गए। इसी घटना से शिलॉन्ग, राजमहल, सिलहट (बांग्लादेश) की पहाड़ियां बनीं। 8.8 करोड़ वर्ष पूर्व मेडागास्कर पूरी तरह अलग हो गया और भारत समुद्र में विचरण करता स्वतंत्र द्वीप बन गया।

मेडागास्कर से अलग होने के बाद भारत लगभग 18-20 सेमी प्रति वर्ष की गति से पूर्व की ओर जाने लगा। यह किसी जहाजी यात्रा से कम नहीं थी। मुझे उस वक्त की कल्पना कर 'लाइफ़ ऑफ़ पाई' फ़िल्म याद आ गई। तमाम जंगल और डायनासॉर लिए भारत अकेला समुद्र में विचरण कर रहा था।

यहां एक बात बतानी जरूरी है कि C आकार के पैन्जिया के मध्य जो समुद्र था, वह टेथीज़ सागर कहलाता था। अब जब सभी द्वीप बिखर गए, तो वहां खुला समुद्र रह गया। भारत इसी समुद्र में आगे बढ़ रहा था, जो अब हिंद महासागर कहलाता है। अगर भारत को एक जहाज मानें, तो इसका अगला नुकीला हिस्सा आज का सिंध और कच्छ का हिस्सा था।

भारत जैसे ही मेडागास्कर से कुछ दूर आज के रियूनियन द्वीप तक पहुंचा कि अचानक जैसे लक्ष्मण-रेखा पर पैर रख दिया। ज्वालामुखी विस्फोट होने लग गए, बल्कि इन विस्फोटों से ही वह रियूनियन द्वीप बन कर तैयार हुआ। अगर भारत वहां से न गुजरता तो यह खूबसूरत स्थान ही न होता। यह विडंबना है कि इसी द्वीप पर सदियों बाद भारत से बंधुआ मजदूर ले जाए गए, जिसका विवरण मैंने 'कुली लाइन्स' पुस्तक में दिया है। लगभग 6.8 करोड़ वर्ष पूर्व यह विस्फोट शुरू हुआ और अगले 40 लाख वर्षों तक चलता रहा। भारत ने इतने घाव झेले कि लगभग संपूर्ण जीवन खत्म हो गया। डायनासॉर युग भी इसके साथ ही खत्म हो गया।

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## ब्रह्मपुत्र पुल व अंडरवाटर टनल बनेगा विकास सेतु

असम की धरती पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी की जनसभा में भारत माता की जय का उद्घोष किया, तो वह केवल एक राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि उत्तर–पूर्व के विकास को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का संदेश भी था। उनके संबोधन में संगठन की शक्ति, कार्यकर्ताओं के समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प की झलक दिखाई दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 2014 के बाद उत्तर–पूर्व को प्राथमिकता दी गई है और यह क्षेत्र अब विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। असम, जो लंबे समय तक भौगोलिक दूरी और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण पिछड़ा माना जाता था, आज बड़े प्रोजेक्ट्स के जरिए नए युग में प्रवेश कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नदी पर बने 6-लेन के आधुनिक पुल कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन किया। लगभग 3,030 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह पुल गुवाहाटी और नॉर्थ गुवाहाटी को जोड़ता है। यह पूर्वोत्तर भारत का पहला एक्स्ट्राडोज्ड पुल है, जो इंजीनियरिंग की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके बन जाने से दोनों शहरों के बीच यात्रा समय घटकर मात्र सात मिनट रह जाएगा। इससे न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। ब्रह्मपुत्र, जो असम की जीवनरेखा है, अब विकास का सेतु बन चुकी है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी उल्लेख किया कि पिछले वर्षों में उत्तर–पूर्व के 125 से अधिक महान व्यक्तित्वों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र की प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि को राष्ट्रीय मंच पर उचित पहचान मिल रही है। लंबे समय तक उपेक्षित रहे इस भूभाग को अब देश के विकास मानचित्र में प्रमुख स्थान दिया जा रहा है।

विकास की इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली ट्विन-ट्यूब अंडरवाटर रेल एवं सड़क टनल को मंजूरी दी है। यह परियोजना गोहपुर और नुमालीगढ़ के बीच बनाई जाएगी। लगभग 15.8 किलोमीटर लंबी यह टनल तकनीकी दृष्टि से अत्यंत जटिल और महत्वाकांक्षी है। पूरे प्रोजेक्ट, जिसमें अप्रोच रोड और रेलवे ट्रैक भी शामिल हैं, की लंबाई 33.7 किलोमीटर होगी और इस पर लगभग 18,600 करोड़ रुपये की लागत आएगी।


इस टनल के बन जाने से वर्तमान में 240 किलोमीटर की दूरी घटकर लगभग 34 किलोमीटर रह जाएगी। इससे न केवल समय और ईंधन की बचत होगी, बल्कि क्षेत्रीय संपर्क भी सुदृढ़ होगा। यह परियोजना सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपात स्थिति में सेना और आवश्यक संसाधनों की तेजी से आवाजाही संभव हो सकेगी। एक ट्यूब में सिंगल रेल ट्रैक की सुविधा होगी और ट्रेनें बिजली से संचालित होंगी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे इस प्रकार डिजाइन किया जाएगा कि ट्रेन के गुजरने के दौरान सड़क यातायात नियंत्रित रहेगा। इसमें बैलिस्टिक ट्रैक जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जो इसे अत्याधुनिक संरचना बनाता है।

इन परियोजनाओं का महत्व केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं है। उत्तर–पूर्व भारत लंबे समय से भौगोलिक अलगाव और सीमित बुनियादी ढांचे के कारण आर्थिक रूप से पीछे रहा है। जब मजबूत पुल, आधुनिक सड़कें और सुरक्षित रेल नेटवर्क तैयार होते हैं, तो वे केवल दो स्थानों को नहीं जोड़ते, बल्कि संभावनाओं को जोड़ते हैं। इससे उद्योग, कृषि, पर्यटन और छोटे व्यवसायों को नई ऊर्जा मिलती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

यदि हम अपने पौराणिक इतिहास का दृष्यावलोकन करें, तो सबसे बड़े दानी के रूप में हमारे सामने कर्ण का नाम आता है- कर्ण से जिसने जो मांगा, उसने वह उसको दान में दिया, परंतु यहां हम देखते हैं कि कर्ण ने सदैव अर्थ का ही दान किया, परंतु वो योद्धा जो सर्वशक्तिमान था, धर्म का ज्ञाता था, जिसने अपने शीश तक का दान दे दिया, ऐसा अभूतपूर्व परमवीर योद्धा- एक मात्र और केवल एक बर्बरीक हुए हैं। बर्बरीक भी कर्ण के काल में ही पैदा हुए और कर्ण के साथ ही महाभारत युद्ध में अप्रकट भी हो गए।



अशोक सूरी
आध्यात्मिक लेखक

## स्कंद पुराण में उल्लेख

बर्बरीक कुंती पुत्र महाबली भीम के पौत्र और अति बलशाली मायावी घटोत्कच के पुत्र थे। इनकी मां का नाम नागकन्या अहिलावती (कहीं-कहीं मोरवी) था। भारतीय पौराणिक परंपरा में कुछ पात्र ऐसे हैं, जो ग्रंथों में तो बहुत सीमित रूप से दिखाई देते हैं, परंतु लोक गाथाओं में विशाल स्वरूप धारण कर लेते हैं। बर्बरीक ऐसा ही एक नाम है, जो महाभारत के युद्ध में बिना कोई अस्त्र उठाए इतिहास में अमर हो गए। आगे चलकर यही वीर बर्बरीक खाटू श्याम के रूप में लोक आस्था का केन्द्र बने और घर-घर पूजे जाने लगे। बर्बरीक की कथा मुख्य रूप से स्कंद पुराण के कौमारिका एवं रेवा खंड में मिलती है, परंतु यहां भी बर्बरीक नाम का उल्लेख नहीं मिलता है। वर्तमान में उपलब्ध स्कंद पुराण के अवंती खंड/ रेवा खंड में श्याम/श्यामदेव की कथा का संकेत है, जिसको कलियुग में पूजे जाने का वरदान भगवान श्री कृष्ण ने दिया है और शीशदान की स्वीकृति प्रदान की है।

## प्रचलित श्लोक

शीशं मे देवदेवेश गृहाण पुरुषोत्तम। युद्ध दर्शनमिच्छामि तव प्रसादान्महामुने।। अर्थात हे पुरुषोत्तम मेरा यह शीश स्वीकार कीजिए एवं मैं आपकी कृपा से इस महायुद्ध का साक्षी बनना चाहता हूं। इसके अलावा एक और श्लोक आता है कि कलौ त्वं श्यामनामा पूज्यः सर्वजन प्रियः। भविष्यसि महामात्र भक्तानां फलदायकः।। अर्थात कलयुग में तुम श्याम नाम से पूजे जाओगे और तुम सबके प्रिय और भक्तों को वांछित फल प्रदान करने वाले होगे। पूर्व में आप श्याम के नाम से ही जाने जाते रहे और इसी नाम से आपका पूजन भी होता रहा।



# बर्बरीक: करुणा, त्याग और धर्म-संतुलन का अमर प्रतीक



## महाभारत का मौन साक्षी

पौराणिक कथाओं के अनुसार बर्बरीक एक अद्भुत वीर थे, जिन्होंने देवी की घनघोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर देवी ने भगवान शिव से बर्बरीक को वरदान देने की प्रार्थना की। भगवान शिव ने बर्बरीक को तीन अचूक बाण प्रदान किए। ये सामान्य बाण नहीं, बल्कि दिव्य और चेतन अस्त्र थे, जो युद्धभूमि में स्वयं ही शत्रु और मित्र का भेद कर सकते थे। इन्हीं बाणों के कारण बर्बरीक अपार शक्ति के स्वामी बने और एक श्रेष्ठ वीर के रूप में विख्यात हुए। बर्बरीक की विशेषता केवल उनकी शक्ति नहीं थी, बल्कि उस शक्ति पर उनका विवेकपूर्ण नियंत्रण भी था। जब उनकी माताश्री को अपने पुत्र की अद्भुत सामर्थ्य का ज्ञान हुआ, तो उन्होंने उससे एक ही प्रतिज्ञा करवाई-कि वह इन बाणों का उपयोग केवल असहाय और कमजोर समाज की रक्षा के लिए करेगा। उन्होंने पुत्र से यह भी कहा कि उसे सदैव युद्ध में हारने वाले पक्ष का साथ देना होगा। बर्बरीक ने मां की इस आज्ञा और प्रतिज्ञा का जीवनपर्यंत पालन किया। इसी कारण वे "हारे का सहारा" कहे गए।

घटोत्कच की मृत्यु के बाद बर्बरीक ने युद्ध में जाने की अनुमति मांगी। मां ने उन्हें विदा करते समय फिर से उनकी प्रतिज्ञा स्मरण कराई। महाभारत के युद्ध में उस समय कौरवों की स्थिति कमजोर थी और वे पराजय के निकट थे। अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार बर्बरीक ने कौरवों के पक्ष में युद्ध करने का निर्णय लिया। परंतु यह स्थिति धर्म के संतुलन के लिए घातक थी। भगवान श्रीकृष्ण, जो पांडवों के पक्ष में थे, बर्बरीक की शक्ति और उनकी प्रतिज्ञा को भली-भांति समझ गए। उन्होंने बर्बरीक से युद्ध में आने का कारण पूछा। बर्बरीक ने स्पष्ट किया कि वह सदैव हारने वाले का साथ देता है। यह भाव करुणा से उपजा था, किंतु धर्म की दृष्टि से विनाशकारी हो सकता था।



श्रीकृष्ण ने बर्बरीक की शक्ति की परीक्षा ली, जिसमें वे पूर्णतः सफल हुए। तब भगवान को एक कठोर और अप्रिय निर्णय लेना पड़ा। ब्राह्मण के वेश में उन्होंने बर्बरीक से शीश का दान मांगा। महादानी बर्बरीक ने दान स्वीकार किया, परंतु पहले भगवान का वास्तविक स्वरूप देखने की इच्छा प्रकट की। श्रीकृष्ण के दर्शन के बाद बर्बरीक ने कहा कि अब जीवन का कोई प्रयोजन नहीं बचा। उन्होंने केवल एक इच्छा रखी-युद्ध को अंत तक देखने की। भगवान के "एवमस्तु" कहते ही बर्बरीक ने अपना शीश अर्पित कर दिया। श्रीकृष्ण ने उस शीश को एक ऊंचे टीले पर स्थापित किया, जहां से वह संपूर्ण युद्ध देख सका। इस महान त्याग के फलस्वरूप भगवान ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि कलियुग में वे उनके ही नाम "श्याम" से पूजे जाएंगे। यही श्याम आगे चलकर खाटू श्याम के रूप में विख्यात हुए।

## राजस्थान के सीकर में प्रमुख धाम

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू उनका प्रमुख धाम है- जहां श्याम केवल एक पौराणिक स्मृति नहीं, बल्कि लोक आस्था के जीवंत देवता हैं। लोक कथाओं में प्रचलित है कि बर्बरीक के शीश का खाटू में प्राकट्य हुआ था। खाटू श्याम की विषेशता यह है कि यहां श्याम राजा नहीं, सेवक के रूप में पूजे जाते हैं, जबकि द्वारका में द्वारिकाधीश के रूप में पूजे जाते हैं। खाटू श्याम युद्ध जिताने वाले देव नहीं हैं, अपितु संकट में साथ देने वाले आराध्य हैं। लोक कथाओं के अनुसार खाटू के राजा रूपसिंह की पत्नी नर्मदा कंवर को स्वप्न में भगवान के शीश के प्रकट होने का आभास हुआ था, जिसके बाद राजा रूपसिंह चौहान ने सन् 1027 ई. में इस स्थान पर प्रथम मंदिर का निर्माण करवाया। इसके उपरांत सन् 1727 में मारवाड़ के दीवान अभय सिंह ने मंदिर का भव्य जीणोद्धार करवाया। मंदिर के निर्माण में मकराना के प्रसिद्ध सफेद संगमरमर का उपयोग हुआ है तथा गर्भगृह के दरवाजों की परतों को चांदी से मढ़ा गया है। मंदिर के पास ही श्याम कुंड स्थित है, जहां बाबा का पावन शीश प्रकट हुआ था। श्याम बाबा का पूजन गंध, पुष्प, धूप, दीप एवं भोग से किया जाता है। बाबा को भोग में विशेष रूप से चूरमा मिश्री मावा, खीर या पेड़े का भोग लगाया जाता है। बाबा को मुख्य रूप से ध्वजा को विजय प्रतीक के रूप में अर्पित करते हैं। भक्तों को मोरछड़ी से आशीर्वाद प्राप्त होता है। 21 फरवरी से 28 फरवरी तक खाटूश्याम जी मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण फाल्गुन लक्खी मेले का आयोजन किया जाएगा।

पौराणिक कथा

## सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की माया

एक बार सुदामा ने श्रीकृष्ण से जिज्ञासावश पूछा, "कान्हा, मैं आपकी माया के दर्शन करना चाहता हूं। माया वास्तव में होती कैसी है?" श्रीकृष्ण यह प्रश्न टालना चाहते थे, पर सुदामा की जिद के आगे मुस्कराते हुए बोले, "अच्छा, समय आने पर तुम्हें स्वयं दिखा दूंगा।" एक दिन कृष्ण ने कहा, "सुदामा, आओ, गोमती में स्नान करने चलें।" दोनों गोमती नदी के तट पर पहुंचे, वस्त्र उतारकर जल में उतरे। कुछ ही क्षणों में श्रीकृष्ण स्नान कर तट पर लौट आए और अपना पीतांबर पहनने लगे। सुदामा ने सोचा-मैं भी एक डुबकी और लगा लेता हूं। जैसे ही उसने डुबकी लगाई, भगवान ने उसे अपनी माया के दर्शन करा दिए। सुदामा को लगा कि गोमती में अचानक बाढ़ आ गई है और वह बहता जा रहा है। किसी तरह वह एक घाट के पास रुका और बाहर निकला। चारों ओर एक अनजान नगरी थी। वह आगे बढ़ा तो देखा-एक हथिनी आई और उसके गले में फूलों की माला डाल गई। लोग इकट्ठे हो गए और बोले, "हमारे राजा का देहांत हो गया है। परंपरा है कि हथिनी जिसके गले में माला डाल दे, वही राजा होता है। अब आप हमारे राजा हैं।"



सुदामा आश्चर्यचकित रह गया। उसका राजतिलक हुआ, राजकन्या से विवाह हुआ और समय के साथ उसके दो पुत्र भी हुए। जीवन सुख से चल रहा था कि एक दिन उसकी पत्नी गंभीर रूप से बीमार पड़ी और अंततः चल बसी। सुदामा शोक में डूब गया। तभी लोगों ने कहा, "मायापुरी का नियम है-राजा को अपनी रानी के साथ चिता में प्रवेश करना होता है।"

यह सुनते ही सुदामा घबरा गया। उसे लगा- मेरी तो मृत्यु नहीं हुई, फिर मैं क्यों जलूं? अब उसे पत्नी का शोक भूलकर अपनी ही चिंता सताने लगी। उसने कहा, "मैं इस नगरी का निवासी नहीं हूं।" पर कोई नहीं माना। अंत में उसने विनती की-"मृत्यु से पहले मुझे स्नान करने दो।" पहरे के साथ उसे नदी तक ले जाया गया। डर से कांपते हुए सुदामा ने जैसे ही जल में डुबकी लगाई और बाहर आया- मायानगरी लुप्त थी। सामने वही गोमती तट था और श्रीकृष्ण अभी भी पीतांबर पहन रहे थे। सुदामा फूट-फूट कर रोने लगा।

श्रीकृष्ण ने अनजान बनते हुए पूछा, "सुदामा, क्यों रो रहे हो?" सुदामा बोला, "प्रभु, जो मैंने देखा- वह सत्य था या यह?" कृष्ण मुस्कराए-"जो देखा, भोगा वह माया थी, स्वप्न था। सत्य तो मैं हूं। माया अज्ञान है, आत्म-विस्मरण है। जो मुझे जान लेता है, उसे माया बांध नहीं पाती।" सुदामा समझ गया और जो समझ गया, वह श्रीकृष्ण से भिन्न कैसे रह सकता है।

बोधकथा

## ईमानदारी का फल

एक था चेकपोस्ट का अधिकारी, धीरज। वह अत्यंत ईमानदार, संतोषी और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति था। भ्रष्टाचार के इस युग में ऐसे व्यक्ति का जीवन आसान नहीं होता। चारों ओर से समझौते की नीति अपनाने का दबाव रहता, छोटे-बड़े लोग तरह-तरह से उसे प्रभावित करने का प्रयास करते, परंतु धीरज अपने सिद्धांतों पर अडिग रहा। बार-बार होने वाले स्थानांतरण उसकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुके थे, किंतु उसने कभी शिकायत नहीं की।

एक बार उसने तस्करी का एक बड़ा माल पकड़ा। माल का मालिक एक प्रभावशाली व्यापारी था, जिसके संबंध बड़े-बड़े राजनेताओं और अधिकारियों से थे। पहले तो उसने धीरज को प्रलोभन देने का प्रयास किया और यहां तक कह दिया कि यदि वह आंख मूंद ले तो पचास लाख रुपये देने को तैयार है, पर धीरज तनिक भी विचलित नहीं हुआ। इसके बाद नेताओं और मंत्रियों के फोन आने लगे, दबाव डाला जाने लगा, किंतु उसने किसी की नहीं सुनी। उसने नियमों के अनुसार चालान किया और पूरा माल जब्त कर लिया। मामला न्यायालय पहुंचा, परंतु धन और प्रभाव के बल पर केस शीघ्र ही खारिज हो गया। ऊपर से मंत्रियों की नाराजगी का परिणाम यह हुआ कि धीरज को अपनी नौकरी से भी हाथ धोना पड़ा। इतनी बड़ी क्षति के बाद भी वह टूटा नहीं। उसका आत्मसम्मान और ईमानदारी आज भी उतनी ही दृढ़ थी। कुछ समय बाद एक बड़े उद्योगपति को इस पूरी घटना की जानकारी मिली। उसने धीरज को बुलाया और उसकी निष्ठा से प्रभावित होकर अपनी कंपनी में सर्वोच्च पद पर सम्मान सहित नियुक्त कर लिया। यहां उसे न केवल पहले से अधिक वेतन मिला, बल्कि सभी आवश्यक सुविधाएं भी प्राप्त हुईं। धीरज अब पहले से भी अधिक सतर्क और जिम्मेदार हो गया। वह मालिक के हितों की रक्षा करता और अधीनस्थ कर्मचारियों के अधिकारों तथा कल्याण का विशेष ध्यान रखता।



प्रत्येक माह वह सभी कर्मचारियों की बैठक करता, जिसमें कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, संतोष और परोपकार जैसे मूल्यों पर चर्चा करता। उसके नेतृत्व में कंपनी निरंतर उन्नति करने लगी। एक दिन उसने उद्योगपति को धन की असारता का बोध कराते हुए शिक्षा, चिकित्सा और असहायों की सहायता के लिए एक ट्रस्ट बनाने का सुझाव दिया। उद्योगपति ने सहर्ष यह प्रस्ताव स्वीकार किया और धीरज को ही ट्रस्ट का सचिव बना दिया। अब कंपनी की आय का एक निश्चित अंश लोककल्याण के कार्यों में व्यय होने लगा। ठीक ही कहा गया है-धन तो बहुतों को मिल जाता है, पर उसका सदुपयोग वही कर पाता है, जिसके जीवन में ईमानदारी और पुण्य का प्रकाश हो।

## क्यों लगता है मृत्यु से डर

मृत्यु जीवन का विश्राम स्थली हैं, जहां जीवात्मा अपनी थकान दूर करती, नये जीवन के लिए शक्ति प्रदान करती है। थकान दूर करने के लिए विश्राम तो नित्य ही करते हैं। पुनः नई शक्ति एवं स्फूर्ति से दैनिक कार्यों में जुड़ जाते हैं। विश्रामावधि में जाने में ना तो डर लगता है, ना ही किसी प्रकार की कठिनाई अनुभव होती है। विश्राम के अभाव में तो व्यय हुई शक्ति की आपूर्ति नहीं हो पाती। काया कमजोरी तथा श्रम के अयोग्य हो जाती है। जीवन भर की थकान को मिटाने के लिए भावी जीवन के लिए शक्ति प्राप्त करने के उद्देश्य से मृत्यु रूपी विश्राम अवधि भी उतनी ही आवश्यक है। काया-परिवर्तन इसलिए आवश्यक हो जाता है कि लंबी अवधि तक श्रम करने के कारण वह इस योग्य नहीं रहती कि कठोर श्रम कर सके। पुराने फटे वस्त्रों को बदलकर, नये पहन लिए जाते हैं। जर्जर हो गई मशीनों को पूर्ण रूपेण परिवर्तित कर देना ही उचित होता है।



शिवानंद मिश्रा
लेखक

इन परिवर्तनों में ना तो किसी प्रकार का दुराग्रह होता है, ना आसक्ति और नहीं किसी प्रकार का भय। नये के प्रति, परिवर्तन के प्रति भयभीत हो जाने अथवा पुरातन के प्रति आसक्ति बने रहने से उन लाभों से वंचित रह जाना पड़ता है, जो नए वस्त्रों एवं वस्तुओं से मिलता है। मृत्यु के संबंध में यही बात लागू होती है।

मृत्यु इसलिए भी आवश्यक एवं उपयोगी है कि जीव नये जीवन का, परिवर्तन का आनंद ले सके। मृत्यु का क्रम रुक जाय, उस स्थिति की कल्पना की जाय तो पता चलता है कि जीवन कितना नीरस एवं उभरा होगा। लंबी आयु, अमर काया, जर्जर, अशक्त बनी लाश ढोने के समान होगी, बुढ़ापा वैसे ही कितना नीरस भार भरा प्रतीत होता है। उस पर भी यदि उसके साथ अमरता का वरदान जुड़ जाए तो कितनी कठिनाई होगी। निश्चित ही कोई विचारशील, काया रूपी अमरता को स्वीकार न करना चाहेंगे। असमर्थ, अशक्त, जराजीर्ण काया की गठरी के बोझ को कौन सदा ढ़ोना चाहेगा? फिर मृत्यु से डर क्यों लगता है? शरीर के प्रति आसक्ति क्यों बनी रहती है? इन कारणों पर विचार करने पर पता चलता है, कि मृत्यु एवं जीवन के स्वरूप की वास्तविक जानकारी न होने के कारण ही भय लगता है। हमारी सत्ता शरीर से अलग है-शाश्वत, अविनाशी एवं अमर है। यह बोध बना रहे तो मृत्यु की आशंका से भयभीत होने का कोई कारण नहीं दिख पड़ता। शरीर सत्ता को ही सब कुछ मान लेने, मृत्यु के साथ जीवन का अंत समझ लेने से डर लगता है। शास्त्र इसलिए निर्देश देते हैं कि अपनी सत्ता को जानो और पहचानो, शास्त्रों का प्रत्येक को अध्ययन करना चाहिए।

## सास-बहू का रिश्ता: वास्तु शास्त्र से सामंजस्य की राह



आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ

हर परिवार में सास-बहू का बंधन अनमोल होता है, लेकिन कभी-कभी छोटे-मोटे मतभेद इसकी मिठास कम कर देते हैं। वास्तु शास्त्र कहता है कि घर की दिशाओं में संतुलन लाकर दोनों पक्षों से प्रयास करने पर ये रिश्ता और मजबूत हो सकता है। सास और बहू दोनों मिलकर ये उपाय अपनाएं, तो प्रेम और समझदारी घर की शान बनेगी।

- **दोनों के लिए शुभ आरंभ-** सास-बहू संयुक्त रूप से गुरुवार या शुक्रवार से उपाय शुरू करें, ये दिन पारिवारिक एकता के प्रतीक हैं। यदि तनाव ज्यादा हो, तो शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से प्रारंभ करें। सभी उपाय 40-45 दिनों तक निरंतर करें, फिर जीवनभर आदत बनाएं। इससे सकारात्मक ऊर्जा घर में बनी रहेगी।
- **वायु कोण: संवाद की कुंजी-** घर के उत्तर-पश्चिम कोण (वायु कोण) को साफ रखें, कचरा या टूटा सामान न रखें। चांदी की कटोरी में केसर-कपूर भरकर रखें, हर शनिवार बदलें। सास या बहू इसे 43 दिनों तक संभालें, संवाद में मधुरता आएगी।
- **अग्नि कोण: प्रेम का प्रकाश-** दक्षिण-पूर्व (अग्नि कोण) में शाम को लाल बल्ब जलाएं। सास या बहू कोई भी 45 दिनों तक रोजाना करें। ये उपाय गलतफहमियां दूर कर सास-बहू में विश्वास जगाता है।
- **ईशान कोण: शांति का आधार-** उत्तर-पूर्व दिशा हमेशा स्वच्छ रखें, कूड़ेदान न रखें। पूजा स्थल यहीं बनाएं। रोज साफ करने का संकल्प लें, 40 दिनों में शांति का प्रभाव दिखने लगेगा।



- **शयनकक्ष व्यवस्था: सम्मान का स्थान-** सास का कमरा दक्षिण-पश्चिम में, बहू का पश्चिम या दक्षिण में रखें। दोनों कमरों में लाल फ्रेम वाली संयुक्त फोटो लगाएं। शुक्रवार से स्थापित कर 21 दिनों तक रोज प्रणाम करें।
- **दैनिक वास्तु आदतें-** सूर्योदय पूर्व घर साफ करें, गुड़युक्त जल सूर्य को अर्घ्य दें। रोज पहली रोटी गुड़ सहित गाय को दें। गुरुवार से अपनाएं, 48 दिनों बाद स्थायी करें। झगड़े कम होते हैं।
- **सास के लिए खास उपाय-** अगर आप बहू हैं, तो रोज सुबह सास के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लें और अगर आप सास हैं, तो रोज सुबह बहू को आशीर्वाद दें भले वो आपका पैर छुए न छुए, फिर घर संभालने दें। गुरुवार को केसर तिलक लगाएं। 40 दिनों का कोर्स पूरा करें। ये वास्तु ऊर्जा संतुलित कर प्रेम स्थापित करते हैं।

### विशेष वास्तु उपाय

**भूमि कोण (दक्षिण-पूर्वी मध्य) रहस्य**

घर के दक्षिण-पूर्वी मध्य भाग (भूमि तत्व क्षेत्र) में एक छोटा सा तांबे का लोटा रखें, जिसमें 7 जौ के दाने और गुड़ का टुकड़ा डालें। इसे लाल कपड़े से ढकें और कभी न हिलाएं। सास इसे स्थापित करें, बहू रोज जल चढ़ाएं। 21 दिनों में मनमुटाव गायब हो जाएगा।

**नीलिमा यंत्र स्थापना**

ईशान कोण के नीचे भूमि में (या अलमारी में) नीले रंग का त्रिकोणाकार यंत्र (नीलिमा यंत्र) दबाएं, जो बहू-सास की एकता का प्रतीक है। इसे शुक्रवार को केसर से स्थापित करें। 108 दिनों तक सक्रिय रहेगा, झगड़े जड़ से समाप्त हो जाएगी।

**वास्तु पिरामिड संधि**

घर के केंद्र (ब्रह्मस्थान) में पारदर्शी कांच का छोटा पिरामिड रखें, जिसके नीचे सास-बहू की संयुक्त फोटो (बिना फ्रेम) हो। रोज शाम 5 मिनट ध्यान करें। ये ऊर्जा संधि उपाय दोनों के कर्म बंधन को जोड़ता है, 40 दिनों में प्रेम स्वाभाविक हो जाता है।

**शयन ऊर्जा समन्वय**

सास के बिस्तर के नीचे बहू के नाम वाली सफेद मोमबत्ती (बिना जलाई) रखें और बहू के बिस्तर के नीचे सास के नाम वाली सफेद मोमबत्ती (बिना जलाई) रखें। इसे हर पूर्णिमा बदलें। ये उपाय निद्रा के दौरान वास्तु तरंगों को एकाकार करता है, सपनों में भी प्रेम का संचार होता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,277.15 | 25,682.75 |
| बढ़त | 650.39 | 211.65 |
| प्रतिशत में | 0.79 | 0.83 |

सोना 1,59,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,50,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, मंगलवार, 17 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



न्यूज ब्रीफ

## चीनी निर्यात वर्ष 2025-26 में फरवरी तक 2.01 लाख टन

**नई दिल्ली।** भारत ने चालू वर्ष 2025-26 के विपणन वर्ष में फरवरी तक 2,01,547 टन चीनी का निर्यात किया। इसमें संयुक्त अरब अमीरात शीर्ष निर्यात गंतव्य रहा। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीनी निर्यात पर सरकार का नियंत्रण बना हुआ है जिसके तहत मिल के बीच आनुपातिक रूप से कोटा वितरित किया जाता है। केंद्र सरकार ने 2025-26 विपणन वर्ष के लिए कुल 20 लाख टन निर्यात को मंजूरी दी है जिसमें हाल ही में स्वीकृत अतिरिक्त पांच लाख टन भी शामिल है।

## चांदी में दो प्रतिशत की गिरावट, सोना 700 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें दो प्रतिशत घटकर 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 700 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 5,000 रुपये या 1.96 प्रतिशत घटकर सभी कर मिलाकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जो शुक्रवार को 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये बढ़कर सभी कर मिलाकर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जो पिछली बार 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया इस साल 4 नए मॉडल पेश करेगी

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया इस वर्ष चार नए मॉडल पेश करेगी, जिनमें एक 'प्लग-इन हाइब्रिड' एसयूवी भी शामिल है। कंपनी के एमडी ने कहा कि कंपनी ने प्रीमियम एसयूवी 'मेजेस्टर' पेश की है और अपनी उत्पादन क्षमता को वर्तमान के 1.2 लाख इकाई से बढ़ाकर तीन लाख वाहन सालाना करने जा रही है। इसके अलावा, कंपनी स्थानीय उत्पादन को भी बढ़ाएगी और नए मॉडल लाएगी। इसमें कुल मिलाकर 5,000 करोड़ रुपये तक का निवेश होगा।

# आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा दोगुना होकर 10 अरब डॉलर के पार

### जनवरी में वस्तुओं के निर्यात में 0.6% और सेवाओं के निर्यात 26.33% वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

वस्तुओं के आयात में तेज वृद्धि से इस साल जनवरी में देश का कुल व्यापार घाटा लगभग दोगुना होकर 10.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल जनवरी में वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर कुल व्यापार घाटा 5.39 अरब डॉलर रहा था।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में वस्तुओं का निर्यात साल दर साल 0.6 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर और सेवाओं का निर्यात 26.33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 43.90 अरब डॉलर रहा। वस्तुओं का आयात 19.19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 71.24 अरब डॉलर हो गया। जनवरी 2025 में यह 59.77 अरब डॉलर था। सेवाओं का आयात 17.30 प्रतिशत बढ़कर 19.60 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार कुल निर्यात 80.45 अरब डॉलर और कुल आयात 90.83 अरब डॉलर दर्ज किया गया। पिछले साल जनवरी में कुल आयात 71.90 अरब डॉलर और कुल निर्यात 76.48 अरब डॉलर पर था।



### पेट्रोलियम का सर्वाधिक आयात

भारत ने पेट्रोलियम का सबसे अधिक आयात किया। इसके बाद क्रमशः इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, सोना, मशीनरी और परिवहन उपकरण का रहा। देश से 101.13 अरब डॉलर की इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात किया गया। इसके बाद, 45.69 अरब डॉलर के पेट्रोलियम उत्पाद, 39.38 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, 25.73 अरब डॉलर की दवाओं और 23.53 अरब डॉलर के जवाहरात और गहनों का निर्यात हुआ।

### रूस से आयात घटा, चीन, यूएई अमेरिका, सऊदी अरब से बढ़ा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में चीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका और सऊदी अरब से भारत का आयात बढ़ा है जबकि रूस से आयात में कमी आई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल-जनवरी के दौरान क्रमशः चीन, यूएई, रूस, अमेरिका और सऊदी अरब से सबसे अधिक आयात किया गया। इनमें रूस को छोड़कर अन्य देशों से आयात में वृद्धि हुई है। खास बात यह है कि जनवरी 2026 में रूस से मात्र 2.86 अरब डॉलर का आयात किया गया जबकि उससे पहले के नौ महीने में पांच अरब डॉलर के औसत के साथ रूस से 44.98 अरब डॉलर का आयात हुआ था।

- सबसे ज्यादा निर्यात क्रमशः अमेरिका, यूएई, चीन, नीदरलैंड और ब्रिटेन को किया गया, अमेरिका, यूएई और चीन को निर्यात में वृद्धि, नीदरलैंड और ब्रिटेन को निर्यात कम

### सरकारी आंकड़े : थोक महंगाई जनवरी में 1.81 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में थोक मुद्रास्फीति जनवरी में लगातार तीसरे महीने बढ़ते हुए 1.81 प्रतिशत पर पहुंच गई। खाद्य वस्तुओं, गैर-खाद्य चीजों और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में मासिक आधार पर बढ़ोतरी इसकी मुख्य वजह रही। सोमवार को इस संबंध में सरकारी आंकड़े जारी किए गए। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर पिछले साल जनवरी में 2.51 प्रतिशत जबकि दिसंबर 2025 में 0.83 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय ने कहा, जनवरी 2026 में थोक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह मूल धातुओं के विनिर्माण, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य चीजों, खाद्य वस्तुओं तथा वस्त्रों आदि की कीमतों में वृद्धि रही। डब्ल्यूपीआई के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 1.55 प्रतिशत रही जबकि दिसंबर में इसमें 0.43 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। सब्जियों के मामले में जनवरी में महंगाई दर 6.78 प्रतिशत रही जबकि दिसंबर में इसमें 3.50 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

- गैर खाद्य चीजों, खाद्य वस्तुओं और वस्त्रों की कीमतों में वृद्धि कारण

## शेयर बाजार में गिरावट थमी, 650 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 650 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 212 अंक चढ़ गया। बिजली, बैंक और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई।



निफ्टी ने ली 212 अंकों की बढ़त

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट से उबरते हुए 650.39 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 83,277.15 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 211.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 25,682.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में पावरग्रिड सबसे अधिक लाभ में रहा। इसमें 4.45 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, आईटीसी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी इंडिया, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

## जनवरी में सोने का आयात 349% बढ़ा

नई दिल्ली। भारत ने जनवरी 2026 में 1,207.06 करोड़ डॉलर का सोना आयात किया जो पिछले साल जनवरी की तुलना में 349 प्रतिशत अधिक है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के के अनुसार, जनवरी में चांदी का आयात 127 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 200.38 करोड़ डॉलर का रहा। पिछले साल जनवरी में 268.70 करोड़ डॉलर का सोना और 88.28 करोड़ डॉलर की चांदी आयात की गई थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने (अप्रैल-जनवरी) में 6,146.39 करोड़ डॉलर का सोना और 977.53 करोड़ डॉलर की चांदी आयात की गई।

## वर्ष 2035 तक में घरेलू खुदरा बाजार दोगुना होने की उम्मीद

**मुंबई।** घरेलू खुदरा बाजार वर्ष 2035 तक बढ़कर 210-215 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जो 2025 में अनुमानित 90-95 लाख करोड़ रुपये का दोगुने से भी अधिक होगा। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया।

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने संयुक्त रूप से यह रिपोर्ट 'रिटेल लीडरशिप समिट 2026' में जारी की। रिपोर्ट कहती है कि प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर प्रदर्शन और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर होने से भारत खुदरा बाजार में वृद्धि का प्रमुख चालक रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, खुदरा क्षेत्र के अगले चरण की वृद्धि में वे कंपनियां आगे रहेंगी जो स्पष्ट रणनीतिक ध्यान, अनुशासित क्रियान्वयन और कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित बदलाव को अपनाएंगी। उपभोक्ता जुड़ाव, परिचालन मॉडल और प्रतिभा प्रबंधन में संरचनात्मक परिवर्तन अपनाने वाले खुदरा विक्रेता 200 लाख करोड़ रुपये के बाजार की यात्रा में असमानुपातिक मूल्य अर्जित कर सकेंगे।

## जनवरी में बेरोजगारी दर बढ़कर 5% पर

**नई दिल्ली।** देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों के बीच बेरोजगारी दर जनवरी में बढ़कर पांच प्रतिशत हो गई जो दिसंबर 2025 में 4.8 प्रतिशत थी।

नवीनतम आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों से पता चलता है कि बेरोजगारी दर में वृद्धि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में दर्ज की गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने एक बयान जारी करके कहा कि श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) एवं श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में गिरावट और बेरोजगारी दर में वृद्धि मुख्य रूप से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी कारणों से हुई।

- देश के शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में बढ़ी बेरोजगारी

आधिकारिक बयान में दावा किया गया है कि फसल कटाई के बाद कृषि गतिविधियों में स्वाभाविक सुस्ती, निर्माण, कृषि-संबद्ध कार्य, परिवहन एवं छोटे व्यापार जैसे क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान सुस्ती रहने और कुछ श्रमिकों का अस्थाई रूप से काम की तलाश न करना इसके प्रमुख कारण रहे। हालांकि, एनएसओ ने स्पष्ट किया कि शहरी क्षेत्रों में श्रम बाजार की स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर रही।

## एआई से उत्पन्न गलत सूचना लोकतंत्र के लिए खतरा: जितिन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने सोमवार को एआई उपकरणों के इस्तेमाल में सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिये तैयार की गई गलत सूचना में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को कमजोर करने की ताकत है।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में एक सत्र के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री ने कहा कि एआई छात्रों और शिक्षकों के लिए सीखने की प्रक्रिया को काफी बेहतर बना सकता है, लेकिन इसे ऐसा शॉर्टकट नहीं माना जाना चाहिए जिससे आलोचनात्मक सोच या जिज्ञासा कमजोर पड़े।



- केंद्रीय राज्यमंत्री ने समिट में कहा- एआई को शॉर्टकट न माना जाए

जितिन ने कहा कि एआई शिक्षकों की जगह नहीं ले सकता और शिक्षा में इसके जोखिमों से सावधानीपूर्वक निपटना होगा। मंत्री ने कहा, अगर डिजिटल साक्षरता नहीं होगी तो साइबर खतरों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है। साइबर सुरक्षा एक बहुत बड़ा मुद्दा है और एआई डीपफेक के जरिये गलत सूचना फैलाई जाती है। भारत जैसा देश जो वास्तव में लोकतांत्रिक है जहां केंद्रीय, राज्य या निगम स्तर पर साल भर चुनाव होते रहते हैं, अगर एआई के जरिए गलत सूचना फैलाई गई तो यह लोकतंत्र को पटरी से उतार सकती है। उन्होंने कहा, यह लोगों की सोच को गलत दिशा में मोड़ सकती है और एक बार मतदान हो गया तो वह बेहद नुकसानदेह हो सकता है क्योंकि लोग झूठी जानकारी के आधार पर वोट दिया होगा।

उन्होंने कहा कि यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। सरकार नीतियां बनाएगी और नागरिकों की सुरक्षा तथा उनके भविष्य की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगी, लेकिन इसमें सबको योगदान देना होगा।



# वांगचुक का भाषण तीन मिनट का तो उसका अनुवाद आठ मिनट का क्यों

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा सवाल, वास्तविक लिखित प्रतिलिपि पेश करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के खिलाफ केंद्र की ओर से प्रस्तुत वीडियो के ट्रांसक्रिप्ट (लिखित प्रतिलिपि) को लेकर सवाल उठाए और कहा कि एआई के दौर में अनुवाद बिल्कुल सटीक होना चाहिए। दरअसल, वांगचुक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी थी कि अनुवाद में ऐसे शब्द भी जोड़ दिए गए हैं जो वांगचुक ने कहे ही नहीं थे। कोर्ट ने केंद्र को भाषण की वास्तविक ट्रांसक्रिप्ट पेश करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से कहा कि सरकार वांगचुक के बयानों की वास्तविक ट्रांसक्रिप्ट पेश करे। पीठ ने कहा, मिस्टर सॉलिसिटर, हमें भाषण की वास्तविक ट्रांसक्रिप्ट चाहिए। जिस पर उन्होंने भरोसा किया है और जो आप कह रहे हैं, वह अलग है। हम निर्णय करेंगे। उन्होंने जो कहा है, उसकी वास्तविक प्रतिलिपि होनी चाहिए। पीठ ने कहा, उन्होंने जो कहा, कम से कमउसका सही अनुवाद होना चाहिए। आपका अनुवाद सात से आठ मिनट तक चलता है, जबकि भाषण केवल तीन मिनट का है। हम एआई के युग में हैं, अनुवाद में कम से कम 98 प्रतिशत सटीकता होनी चाहिए। इस मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को फिर से होगी।



### जो बात कही नहीं, वह भी अदालत में : सिब्बल

- सिब्बल ने अनुवाद पर सवाल उठाते हुए कहा, वांगचुक ने अपना अनशन जारी रखा और नेपाल का संदर्भ देकर युवाओं को उकसाना भी जारी रखा यह पंक्ति कहां से आ रही है। यह एक बहुत ही अनोखा नजरबंदी आदेश है, आप ऐसी बात पर भरोसा कर रहे हैं जो मौजूद ही नहीं है और फिर कहते हैं कि यह व्यक्तिपरक संतुष्टि पर आधारित है।

### वांगचुक स्वस्थ, रिहा नहीं कर सकते: केंद्र

- केंद्र ने इससे पहले शीर्ष अदालत को बताया था कि वांगचुक की हिरासत के बाद से 24 बार चिकित्सकीय जांच की गई है और वह स्वस्थ और ठीक हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि जिन आधारों पर वांगचुक की नजरबंदी का आदेश जारी किया गया था, वे अब भी बने हुए हैं और स्वास्थ्य कारणों से उन्हें रिहा करना संभव नहीं होगा।

### हिमंत के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार, हाईकोर्ट जाने को कहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ कार्रवाई संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। इन याचिकाओं में उस वायरल वीडियो को लेकर कार्रवाई का आग्रह किया गया था, जिसमें शर्मा एक विशेष समुदाय के सदस्यों की ओर राइफल से निशाना साधते और गोली चलाते हुए दिखे थे। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने पक्षकारों के सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख करने की प्रवृत्ति पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए याचिकाकर्ताओं को अपनी शिकायत लेकर गुवाहाटी हाईकोर्ट के समक्ष जाने को कहा। शीर्ष अदालत ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मामले की सुनवाई तेजी से करने को भी कहा। पीठ ने पक्षकारों से कहा, आप गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। उसकी शक्ति को कम मत आंकिए।

### 'तार्किक विसंगति' श्रेणी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर में 'तार्किक विसंगति' श्रेणी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अनुच्छेद-32 के तहत शीर्ष अदालत का रुख करने पर सवाल भी उठाया। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा, आप चाहते हैं कि हम अनुच्छेद-32 के तहत दायर याचिका पर विचार कर यह तय करें कि आपके पिता, आपकी माता और आपका भाई कौन है।

## असम : राहुल से बात करने के बाद भूपेन बोरा ने इस्तीफा वापस लिया

गुवाहाटी, एजेंसी

असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा ने सोमवार सुबह पार्टी में उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेज दिया लेकिन राहुल गांधी और कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं से बातचीत के बाद उसे वापस ले लिया।

बोरा के त्यागपत्र की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के असम प्रभारी जितेंद्र सिंह, पार्टी की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने बोरा से उनके आवास पर मुलाकात की। इसके बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी उनसे फोन पर बात की। जितेंद्र सिंह ने कहा कि बोरा ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने कहा, भूपेन जी हमारे बहुत ही वरिष्ठ नेता हैं। परिवार के अंदर कभी-कभी मनमुटाव हो जाता है लेकिन यह हमारा आंतरिक मामला है। भूपेन जी ने असम की जनता के लिए लड़ाई लड़ी है और कांग्रेस में लंबा राजनीतिक जीवन बिताया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उनसे इस्तीफा वापस लेने का आग्रह किया, उनकी राहुल गांधी जी और केसी वेणुगोपाल जी से बात हुई।

इस बीच बोरा ने कहा कि उन्होंने अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कांग्रेस आलाकमान से समय मांगा है। गोगोई ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बोरा से बात की है और उनका इस्तीफा आलाकमान ने स्वीकार नहीं किया है। गोगोई ने कहा, अगर पार्टी में कुछ मुद्दों के कारण भूपेन बोरा को ठेस पहुंची है तो हम उनसे माफी मांगते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे अपने त्यागपत्र में बोरा ने दावा किया था कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें उपेक्षित किया जा रहा है और राज्य इकाई में उन्हें उनका हक नहीं दिया जा रहा है। बोरा 2021 से 2025 तक असम कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष थे और पिछले साल उनकी जगह गौरव गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कमान सौंप दी गई।

- पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी में उपेक्षा का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था

### हिमंत ने बोरा को भाजपा में दिया न्योता, नहीं बनी बात

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद भाजपा के दरवाजे उनके लिए खुले हैं। अगर वह भाजपा में शामिल होते हैं तो वह उन्हें किसी सुरक्षित सीट से चुनाव जितवाने की कोशिश करेंगे। हिमंत ने कहा, उनके इस्तीफे से यह प्रतीकात्मक संदेश मिलता है कि कांग्रेस में किसी सामान्य परिवार का व्यक्ति तरक्की नहीं कर सकता। वह कल शाम बोरा के आवास पर जाएंगे और उनकी भविष्य की योजनाओं पर बातचीत करेंगे। हालांकि बोरा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। राहुल गांधी से बातचीत के बाद उनका इस्तीफा वापस लिए जाने की घोषणा कर दी गई।

### प्रश्नपत्र लीक होने की अफवाहों पर ध्यान न दें विद्यार्थी : सीबीएसई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने विद्यार्थियों से मंगलवार से शुरू होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक होने की अफवाहों से गुमराह न होने का आग्रह किया है। सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, जैसा कि पहले भी देखा गया है, कुछ अनैतिक तत्व परीक्षाओं के दौरान विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर फर्जी खबरें फैलाकर छात्रों और अभिभावकों को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। इस तरह की गलत सूचनाओं में अक्सर प्रश्नपत्र लीक होने और बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के कथित प्रश्नपत्रों के प्रसार के झूठे दावे शामिल होते हैं। अधिकारी ने कहा, इसलिए, सीबीएसई अभिभावकों, विद्यार्थियों, विद्यालयों और सभी संबंधित हितधारकों से आग्रह करता है कि वे सतर्क रहें और अपुष्ट समाचारों, अफवाहों या फर्जी खबरों से गुमराह न हों। इस तरह की निराधार सामग्री पर भरोसा करना, उससे जुड़ना या उसे आगे बढ़ाना अनावश्यक चिंता और भ्रम पैदा कर सकता है और तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

### शिंदे गुट के मुस्लिम विधायक के आने के बाद भाजपा ने मंदिर में गोमूत्र छिड़का

छत्रपति संभाजीनगर। शिवसेना शिंदे गुट के मुस्लिम विधायक एवं पूर्व मंत्री अब्दुल सत्तार के छत्रपति संभाजीनगर के सिल्लोड में एक मंदिर में दर्शन करने के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गोमूत्र से मंदिर का शुद्धिकरण किया। महाशिवरात्रि पर विधानसभा क्षेत्र सिल्लोड के रहीमाबाद स्थित शिव मंदिर में मुस्लिम विधायक के जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसपर भाजपा और अन्य संगठनों ने विरोध जताया है। भाजपा की सिल्लोड इकाई के प्रमुख मनोज मोरेलू ने दावा किया, सत्तार गोमांस खाते हैं और उन्होंने मंदिर में प्रवेश कर उसकी पवित्रता को भंग किया है। इसलिए हमने मंदिर को शुद्ध करने के लिए गोमूत्र छिड़का। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तार हाल में हज पर गए थे और अब मंदिर जा रहे हैं।

### ईडी ने न्यूजक्लिक, प्रबीर पुरकायस्थ पर 184 करोड़ का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** ईडी) ने समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' और उसके प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ पर फेमा के तहत 184 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पोर्टल के स्वामित्व वाली कंपनी पीपीके न्यूजक्लिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड पर 120 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जबकि पुरकायस्थ पर कथित उल्लंघनों के लिए 64 करोड़ रुपये का जुर्माना किया गया है। इन्हें विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए पाया गया है, मुख्य रूप से एक तो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) निधियों का गलत विवरण देने और दूसरे सेवाओं और निर्यात की गलत घोषणा। इस घटनाक्रम पर 'न्यूजक्लिक' से अभी प्रतिक्रिया नहीं मिली है। ईडी ने सबसे पहले सितंबर 2021 में राष्ट्रीय राजधानी के सैदुलजाब इलाके में स्थित न्यूजक्लिक परिसर में धनशोधन के आरोपों में छापेमारी की थी। एजेंसी ने इस मामले में पुरकायस्थ समेत 25 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं। भाजपा ने 2023 में 'न्यूयॉर्क टाइम्स' अखबार के एक समाचार का हवाला देते हुए पोर्टल और उसके प्रवर्तकों पर कदाचार का आरोप लगाया था।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबू बक्र अहमद से बातचीत की

**नई दिल्ली।** भारत के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबू बक्र अहमद ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और दोनों ने कई मुद्दों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेरी भारत के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबू बक्र अहमद साहब के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने कई मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने कहा, सामाजिक सद्भाव, भाईचारा बढ़ाने और शिक्षा में सुधार लाने के उनके प्रयास सराहनीय हैं।

प्रधानमंत्री ने मुलाकात की तस्वीरें भी साझा कीं। शेख अबू बक्र अहमद भारत के 10वें और वर्तमान ग्रैंड मुफ्ती हैं, जिन्हें फरवरी 2019 में नियुक्त किया गया था। केरल के एक प्रमुख सुन्नी विद्वान के रूप में, वह अखिल भारतीय सुन्नी जमीयतुल उलमा का नेतृत्व करते हैं।

## अवैध हिरासत का दावा: अबू सलेम की याचिका पर सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर अबू सलेम की उस याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि उसे 10 महीने से अधिक समय से अवैध हिरासत में रखा गया है, जबकि वह 1993 के मुंबई विस्फोट मामले में उसे दी गई 25 साल की सजा पहले ही काट चुका है। वर्ष 1993 के मुंबई धमाकों के दोषी सलेम को लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 11 नवंबर, 2005 को पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया था। प्रत्यर्पण समझौते की शर्तों के अनुसार, सलेम को मृत्युदंड नहीं दिया जा सकता और उसके कारावास की अवधि 25 वर्ष से अधिक नहीं हो सकती। सलेम ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रिहाई की मांग की थी, जिसमें दावा किया था कि अच्छे व्यवहार के लिए दी छूट को शामिल करने पर वह पहले ही 25 साल की कैद काट चुका है।

## पहलगाम हमले के मृतक की बेटी को 10 महीने बाद भी नहीं मिली सरकारी नौकरी

**पुणे/मुंबई।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पिता की मौत के दस महीने बाद भी असावरी जगदाले महाराष्ट्र सरकार के सरकारी नौकरी के वादे के पूरा होने का इंतजार कर रही हैं।

असावरी के पिता संतोष जगदाले उन 26 लोगों में एक थे जिनकी मौत पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों की गोलीबारी में हुई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने महाराष्ट्र के छह पीड़ित परिवारों को 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और परिजनों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी। असावरी ने कहा, वादा किए हुए 10 महीने हो गए हैं, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है। राज्यसभा सदस्य मेधा कुलकर्णी ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर राज्य सरकार के आश्वासनों से अवगत कराया है। असावरी ने कहा, मैंने एकनाथ शिंदे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालयों से संपर्क किया है। मेरा परिवार तंगी का सामना कर रहा है और सारी बचत खत्म हो गई है।

- महाराष्ट्र सरकार ने किया था वादा, तंगी से जूझ रहा है परिवार

# भारत में शिखर सम्मेलन एआई के पूर्ण लाभ को प्राप्त करने का अहम अवसर

- एआई इंपैक्ट समिट को लेकर ब्रिटिश सरकार की टिप्पणी

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की सरकार ने कहा है कि सोमवार से भारत में शुरू होने जा रहे एआई इंपैक्ट समिट में ब्रिटेन का ध्यान इस बात को रेखांकित करने पर रहेगा कि कृत्रिम मेधा (एआई) किस प्रकार विकास को गति दे सकती है, नए रोजगार सृजित कर सकती है, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार कर सकती है और किस प्रकार दुनिया भर के लोगों को लाभ पहुंचा सकती है।

उपप्रधानमंत्री डेविड लैमी और एआई मंत्री कनिष्क नारायण के नेतृत्व में ब्रिटेन का प्रतिनिधिमंडल इस बात पर प्रकाश डालने के लिए उत्सुक है कि एआई दुनिया के हर कोने में रोजमर्रा की जिंदगी को कैसे बेहतर बना सकता है और एक नवीनीकरण इंजन के रूप में यह किस तरह डॉक्टरों को तेजी से निदान करने, शिक्षकों को व्यक्तिगत शिक्षण प्रदान करने, परिषदों को मिनटों में सेवाएं प्रदान करने और व्यवसायों को अगली पीढ़ी के अच्छे रोजगार सृजित करने में मदद कर सकता है। लैमी ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन तय करेगा कि हम एआई के लाभों के लिए मिलकर कैसे काम करें।

### भारत-अमेरिका साझेदारी से बड़े अवसर मिलेंगे

**न्यूयॉर्क।** एआई संचालन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी रूब्रिक के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिपुल सिन्हा ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में भारत तथा अमेरिका की मजबूत साझेदारी स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, रोजगार प्रशिक्षण एवं डिजिटल साक्षरता जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं पैदा कर सकती है। सिन्हा ने यहां कहा कि मैं भारत-अमेरिका संबंधों का बड़ा पक्षधर रहा हूं।

## पर्यावरण के लिए खतरे का संकेत

दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी (कृत्रिम मेधा) की धूम मची है। शिक्षा, रोजगार, विज्ञान, व्यापार, तकनीक से लेकर जीवन के हर क्षेत्र को यह नई विधा प्रभावित कर रही है। किसी काम को चुटकियों में कर देने के गुण के कारण इसका इस्तेमाल आम जीवन में बढ़ गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती भूख ने पर्यावरण को नया झटका दिया है। एक नई रिसर्च के अनुसार, 2025 में एआई सिस्टम्स की पानी की खपत वैश्विक बोतलबंद पानी की कुल खपत से ज्यादा हो गई है। डेटा सेंटर्स में एआई सर्वर्स को ठंडा रखने और बिजली उत्पादन के लिए अरबों लीटर पानी खर्च हो रहा है, जो जल संकट को और गहरा सकता है। ये स्टडी सिर्फ चेतावनी है। एआई का फायदा तो है, लेकिन पर्यावरण की कीमत कौन चुकाएगा ये बड़ा सवाल है?

# पानी गटक रहा एआई




### क्या कहती है रिसर्च

- एआई सर्वरों में पानी की खपत को लेकर एक शोध भी हुआ है। डेटा केंद्रों का कार्बन और जल पदचिह्न और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए इसके संभावित निहितार्थ नाम से प्रकाशित हुई है। इस शोध का नेतृत्व डच शोधकर्ता एलेक्स डी व्रीस-गाओ ने किया। स्टडी का फोकस उन डेटा सेंटर्स पर रहा जिन पर एआई सिस्टम चलते हैं और जिनकी वजह से ऊर्जा और पानी की भारी खपत होती है। हालांकि रिसर्च में यह भी माना गया है कि सटीक आंकड़े निकालना आसान नहीं है क्योंकि कंपनियां अपने पर्यावरणीय रिपोर्ट्स में एआई और नॉन-एआई वर्कलोड को अलग-अलग नहीं दिखातीं। सीधे आंकड़ों की कमी के चलते शोधकर्ताओं ने एक अलग तरीका अपनाया। उन्होंने गूगल, मेटा, अमेजन जैसी बड़ी टेक कंपनियों के डेटा सेंटर्स से जुड़े पर्यावरणीय रिपोर्ट्स, औसत उत्सर्जन आंकड़ों और पानी की खपत से जुड़े डाटा का विश्लेषण किया। इसके आधार पर यह अनुमान लगाया गया कि एआई वर्कलोड को संभालने के लिए कितनी बिजली और पानी की जरूरत पड़ रही है।

### कैसे करता है पानी की खपत

- असल में एआई खुद पानी नहीं पीता बल्कि उसे चलाने वाली मशीनें और डेटा सेंटर्स बहुत अधिक पानी इस्तेमाल करते हैं। जब कोई भी एआई सिस्टम काम करता है तो उसके पीछे विशाल डेटा सेंटर्स चलते हैं, इन डेटा सेंटर्स में हजारों सर्वर लगे होते हैं जो गर्म होते रहते हैं। इन्हें ठंडा रखने के लिए कूलिंग सिस्टम का इस्तेमाल होता है और इसी कूलिंग में लाखों लीटर पानी खर्च हो जाता है। कई जगहों पर यह पानी सीधे वॉटर कूलिंग सिस्टम में जाता है तो कहीं बिजली बनाने के दौरान इस्तेमाल हुए पानी की खपत भी इसमें जुड़ जाती है। नए एआई मॉडल तैयार करने में सर्वर फुल कैपेसिटी पर चलते हैं। इस दौरान बिजली की खपत बढ़ती है, बिजली उत्पादन व सिस्टम को ठंडा रखने में काफी पानी खर्च होता है।

पर्यावरण पर सबसे ज्यादा असर एआई के रोज़ाना इस्तेमाल से पड़ता है। जब सवाल पूछते हैं, इमेज या वीडियो बनवाते हैं तो सर्वर पर भारी लोड पड़ता है।

### बोतल बंद पानी से ज्यादा इस्तेमाल

- शोध के मुताबिक, साल 2025 में सिर्फ एआई सिस्टम से निकलने वाला कार्बन उत्सर्जन करीब 3 .26 करोड़ से लेकर 7 .97 करोड़ टन कार्बन डाइ ऑक्साइड के बीच हो सकता है। यह मात्रा न्यूयॉर्क सिटी जैसे बड़े महानगर के सालाना कार्बन फुटप्रिंट के बराबर मानी जा रही है। वहीं पानी की खपत का आंकड़ा और भी चौंकाने वाला है। एआई से जुड़े डेटा सेंटर्स हर साल करीब 312 से 764 अरब लीटर पानी इस्तेमाल कर सकते हैं जो पूरी दुनिया में एक साल में इस्तेमाल होने वाले बोतलबंद पानी से भी ज्यादा है। इससे साफ है कि एआई सिर्फ ऊर्जा की नहीं बल्कि पानी की सुरक्षा का भी बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### एल सल्वाडोर में जब्त की 6.6 टन कोकीन

**मेक्सिको सिटी।** एल साल्वाडोर की नौसेना ने 6 .6 टन कोकीन ले जा रहे जहाज़ को पकड़ा है, जो देश के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती है। एल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने सोमवार को यह घोषणा की। इस कोकीन की कीमत करीब 16 .5 करोड़ डॉलर है। बुकेले ने सोशल मीडिया पर लिखा, हमारी राष्ट्रीय नौसेना ने एल साल्वाडोर के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती को अंजाम दिया है। बुकेले के मुताबिक, यह अभियान एल साल्वाडोर के तट से 380 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में हुआ।

### मुक्त व्यापार डील के करीब ऑस्ट्रेलिया-ईयू

**कैनबेरा।** ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत अपने अंतिम दौर में है और आने वाले हफ्तों में इस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के समाचार चैनल एबीसी न्यूज ने ईयू और ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सला वॉन डेर लेयन बचे हुए विवादास्पद मुद्दों को हल करने के बाद समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, ये विवादास्पद मुद्दे लाल गोश्त के निर्यात से संबंधित हैं। सुश्री वॉन डेर लेयन ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी कर सकती हैं।

### चीन में पटाखों में धमका, आठ की मौत

**बीजिंग।** पूर्वी चीन में चंद्र नववर्ष से पहले पटाखों की एक दुकान में विस्फोट होने से आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य मामूली रूप से झुलस गए। डोंगहाई काउंटी सरकार ने एक बयान में कहा कि जियांग्सू प्रांत के एक गांव में रविवार दोपहर विस्फोट तब हुआ जब एक व्यक्ति ने दुकान के पास पटाखा जला दिया। चीन में चंद्र नववर्ष की आधी रात पटाखे जलाना एक परंपरा है लेकिन हाल के वर्षों में वायु प्रदूषण से कई स्थानों पर पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### महिला से अभद्रता में भारतीय को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उसके खिलाफ आपराधिक बल प्रयोग करने के जुर्म में पांच महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। खबर के मुताबिक, शुक्रवार को सजा के एलान के दौरान अदालत ने कहा कि 42 वर्षीय ओम कुमार राय ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। अदालती दस्तावेज से पीड़िता का विवरण हटा दिया गया है।

# ईरान बोला-अगर अमेरिका प्रतिबंध हटाए तो हम समझौते के लिए तैयार

## परमाणु मुद्दे पर जिनेवा में होने वाली दूसरे दौर की वार्ता के पूर्व ईरान ने दिए संकेत

- अमेरिका से समझौते के लिए ईरान ने अपनाया लचीला रुख

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान ने संकेत दिया है कि अगर अमेरिका प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा के लिए तैयार है तो वह वह अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता समझौते की पेशकश कर सकता है। अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है, जिसमें अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद है।

यह वार्ता छह फरवरी को ओमान में हुए पहले अप्रत्यक्ष दौर के बाद हो रही है, जहां ईरान ने यूरेनियम संवर्धन के अधिकार की मांग की थी, जबकि अमेरिका ने बैलिस्टिक मिसाइलों और हिजबुल्लाह जैसे क्षेत्रीय सहयोगियों पर व्यापक चर्चा के लिए दबाव डाला था। दोनों पक्षों ने पिछली बैठक को एक अच्छी शुरुआत बताया था, हालांकि बड़े मतभेद अभी भी बने हुए हैं। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि ईरान परमाणु समझौते पर अमेरिका के साथ समझौते के लिए तैयार है, बशर्ते अमेरिकी प्रशासन प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा करने का इच्छुक हो। ईरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची ने भी एक साक्षात्कार में कहा कि अब गेंद अमेरिका के पाले में है कि वह यह साबित करे कि वे समझौता करना चाहते हैं। यदि वे ईमानदार हैं, तो मुझे यकीन है कि हम समझौते की राह पर होंगे। रवांची ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) से कहा कि अगर वे प्रतिबंधों के बारे में बात करने के लिए तैयार हैं, तो हम अपने कार्यक्रम से संबंधित इस और अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं।



### ...तो इजराइली हमलों का समर्थन करेंगे ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से वादा किया है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत असफल होती है, तो वह ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर इज़राइली हमलों का समर्थन करेंगे। अमेरिकी समाचार पोर्टल सीबीएस न्यूज ने यह दावा किया है। रविवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने यह बात दिसंबर में फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में नेतन्याहू से मुलाकात के दौरान कही, जिसमें इस मामले से जुड़े दो स्रोतों का ज़िक्र है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सैन्य और खुफिया अधिकारियों ने इस बात पर भी चर्चा की है कि अमेरिका ईरान की मिसाइल अवसंरचना के खिलाफ संभावित अभियान में इज़रायल की मदद कैसे कर सकता है। इसमें इज़राइली लड़ाकू विमानों के लिए हवा में ईंधन भरने देना और संबंधित क्षेत्रीय देशों से उनके एयरस्पेस में दाखिल होने की इजाज़त मांगना शामिल है।

### वार्ता के लिए जिनेवा रवाना हुए अराघची

**काहिरा।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर के लिए स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा रवाना हो चुके हैं, हालांकि समझौते की शर्तों पर अभी तक दोनों देशों के बीच कोई तालमेल नहीं नज़र आ रहा। ईरानी विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, अराघची मंगलवार को होने वाली वार्ता में कूटनीतिक और विशेषज्ञ प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस दौरान उनकी स्विट्ज़रलैंड के विदेश मंत्री इग्नाज़ियो कैसिस, ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल-बुसैदी तथा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी और अन्य अधिकारियों से मुलाकात होने की उम्मीद है। अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ करेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 को जाएंगे इजराइल

**यरुशलम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 और 26 फरवरी को दो दिवसीय इज़राइल दौरे पर रहेंगे। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को संपन्न कॉन्फ्रेंस ऑफ प्रेसिडेंट्स ऑफ मेजर अमेरिकन ज्यूइश ऑर्गनाइजेशंस को संबोधित करते हुए मोदी की यात्रा की घोषणा की। नेतन्याहू ने कहा, संसद में संबोधन प्रस्तावित है। अगले सप्ताह यहां कौन आ रहे हैं? नरेन्द्र मोदी। उन्होंने कहा, इज़राइल और भारत के बीच गहरी साझेदारी है और हम विभिन्न प्रकार के सहयोग पर चर्चा करने जा रहे हैं। आप जानते हैं कि भारत कोई छोटा देश नहीं है। इसकी आबादी 1.4 अरब है। भारत अत्यंत शक्तिशाली और अत्यंत लोकप्रिय है। एक सूत्र ने यहां बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा संक्षिप्त (25 से 26 फरवरी तक) रहने की संभावना है, लेकिन इसका प्रभाव गहरा होगा, क्योंकि मोदी को न केवल इज़राइल में, बल्कि दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल है। यात्रा का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है और इस दौरान मोदी के इज़राइली संसद 'नेसेट' को संबोधित करने की संभावना है। समझा जाता है कि दो दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी द्विपक्षीय और क्षेत्रीय महत्व के सभी मुद्दों को उठाएंगे।

# कनाडा से द्विपक्षीय संबंध और मजबूत करेगा भारत

- विदेशमंत्री जयशंकर ने अपने कनाडाई समकक्ष से की वार्ता

म्यूनिख, एजेंसी



विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने अगले महीने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की संभावित भारत यात्रा से पहले म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय सहयोग प्रगाढ़ करने और साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की। ग्लोबल अफेयर्स कनाडा (जीएसी) द्वारा रविवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि सितंबर 2025 के बाद से मंत्रियों के बीच यह पांचवीं बैठक है, जो कनाडा-भारत संबंधों में बढ़ती गति को दर्शाती है।

जयशंकर ने शनिवार को हुई बैठक के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मुलाकात और बातचीत बहुत अच्छी रही। भारत-कनाडा संबंध लगातार प्रगति कर रहे हैं। दोनों मंत्रियों ने ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ करने पर चर्चा की। आनंद ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कनाडा-भारत संबंधों और हमारे साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए आगामी कार्यों पर चर्चा करने के लिए मेरे भारतीय समकक्ष डॉ. एस जयशंकर से मिलकर अच्छा लगा। आनंद ने कनाडा के लिए एक साझेदार के रूप में भारत के महत्व को रेखांकित किया, दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के महत्वपूर्ण साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की।

### समुद्री सुरक्षा को और बढ़ावा देंगे भारत-ग्रीस

**नई दिल्ली।** भारत और ग्रीस ने समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने, नौसेनाओं के संचालन में पारस्परिक सामंजस्य को मजबूत बनाने तथा पेशेवर सहभागिता को और प्रगाढ़ करने के लिए साझा प्रतिबद्धता दोहराई है। ग्रीस की नौसेना के प्रमुख, वाइस एडमिरल दिमित्रियोस एलेफ्थेरियोस कातारास ने यहां नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ वार्ता की। नौसेना ने एक पोस्ट में बताया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा की।

## चार अदालतों को बम से उड़ाने की दी गई धमकी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ और मांड्या, कोडगु तथा बेंगलुरु दक्षिण की जिला अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद सोमवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस ने बताया कि एहतियात के तौर पर धारवाड़, मांड्या जिलों, बेंगलुरु दक्षिण और कोडगु जिलों में अदालत परिसरों से वकीलों और कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने परिसर को घेर लिया और गहन जांच की। व्यापक तलाशी अभियान के बाद संबंधित जिलों की पुलिस ने इसे फर्जी ईमेल करार दिया, क्योंकि किसी भी अदालत में संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, दोपहर में ईमेल प्राप्त हुआ।

# चेक बाउंस के मामले में राजपाल यादव को बेल

- दिल्ली हाईकोर्ट ने स्थगित की अभिनेता की सजा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने चेक बाउंस मामलों में अभिनेता राजपाल यादव की सजा 18 मार्च तक स्थगित कर दी और उन्हें जेल से रिहा किए जाने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने यह आदेश इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए पारित किया कि यादव ने शिकायतकर्ता कंपनी मैसर्स मुरली प्रोजेक्ट्स प्रालि के बैंक खाते में 1.5 करोड़ रुपये जमा कर दिए हैं।

न्यायाधीश ने कहा कि हम अंतरिम रूप से आपकी सजा को स्थगित कर रहे हैं।। यादव ने 19 फरवरी को अपने परिवार में होने वाली शादी के आधार पर उनकी सजा को स्थगित करने का अनुरोध किया था। अदालत ने यादव को अपना पासपोर्ट सौंपने और बिना अनुमति के देश न छोड़ने का निर्देश दिया। अदालत ने यादव को सुनवाई की अगली तारीख 18 मार्च को भौतिक रूप से या ऑनलाइन माध्यम से पेश होने का निर्देश दिया। अदालत बॉलीवुड अभिनेता व उनकी पत्नी की पुनरीक्षण याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।



## एसडीपीआई के अध्यक्ष फैजी को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.के. फैजी को सोमवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने यह आदेश सुनाया। एसडीपीआई की स्थापना 2009 में हुई थी और इसका मुख्यालय दिल्ली में है। एसडीपीआई पर अब प्रतिबंधित पीएफआई की राजनीतिक इकाई होने का आरोप है। इससे पहले ईडी ने एसडीपीआई को पीएफआई की राजनीतिक इकाई बताया था। केंद्र सरकार ने सितंबर 2022 में पीएफआई को गैरकानूनी संगठन बताते हुए उस पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# गाजा में शांति को पांच अरब डॉलर देगा शांति बोर्ड : ट्रंप

- अमेरिका के राष्ट्रपति ने की अंतर्राष्ट्रीय योगदान की घोषणा

वाशिंगटन,एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाज़ा शांति योजना में अंतर्राष्ट्रीय योगदान की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि शांति बोर्ड के सदस्य देशों ने क्षेत्र में मानवीय एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। ट्रंप ने कहा कि इस पहल को 19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में डोनाल्ड जे ट्रंप शांति संस्थान में अंतिम रूप दिया जाएगा। यहां शांति बोर्ड के सदस्य बैठक करेंगे।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, शांति बोर्ड में असीम संभावनाएं हैं। वाशिंगटन डीसी के डोनाल्ड जे ट्रंप शांति संस्थान में 19 फरवरी 2026 को शांति बोर्ड के सदस्य मेरे साथ होंगे जहां हम घोषणा करेंगे कि सदस्य देशों ने गाज़ा के मानवीय और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। साथ ही गाज़ा के लोगों के लिए सुरक्षा और शांति बरकरार रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्थायीकरण बल एवं स्थानीय पुलिस बल में हजारों कर्मी उतारने का भी वादा किया है। ट्रंप ने दावा किया कि अक्टूबर 2025 में गाजा संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने की एक योजना बनाई थी, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने स्वीकार कर लिया था। कहा कि उनकी पहल ने मानवीय राहत को रिकॉर्ड रफ्तार से जरूरतमंदों तक पहुंचाया।

## न्यूजीलैंड में तूफान से हवाई यातायात ठप


**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप में भारी बारिश एवं तेज हवाओं के कारण हवाई यातायात बाधित हो गया है। इसकी वजह से कई उड़ानें रद्द की गई हैं और 30,000 से अधिक घरों में बिजली गुल हो गई है। वेलिंगटन हवाई अड्डे के अनुसार, आज सुबह ओशिनिक द्वीप और देश की राजधानी के बीच आवागमन करने वाली अधिकांश उड़ानें रद्द या विलंबित रहीं। एयर न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन, नेपियर और पामर्स्टन नॉर्थ हवाई अड्डों पर अस्थायी रूप से उड़ानें निलंबित कर दी हैं। खराब मौसम के कारण कुछ सड़कें बंद कर दी गई हैं और ट्रेन एवं फेरी सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। वेलिंगटन के अधिकारियों ने वाहन चालकों से यात्रा करने से बचने का आग्रह किया है।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 17 फरवरी, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अमावस्या 17 .30 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- धनिष्ठा 09 .16 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** — आज शिक्षण कार्यों से जुड़े लोगों की प्रसिद्धि बढ़ेगी। आप लोगों की सहायता करने का प्रयास करेंगे। नए व्यवसाय की शुरुआत करने के लिए आप प्रेरित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। दूसरों पर अधिक निर्भर न रहें।

**वृष** — आज महत्वपूर्ण कार्य देरी से पूरे हो सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से बचें। स्टॉक मार्केट में सावधानीपूर्वक निवेश करें। विदेश में रहने वाले लोगों को कुछ समस्या हो सकती है। बच्चों को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। कमर दर्द को लेकर समस्या हो सकती है।

**मिथुन** — आज कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। किसी पुरानी बात को लेकर आप सोच-विचार करेंगे। साहसिक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं। भविष्य को लेकर बड़ा निर्णय लेंगे। संपत्ति विवाद के तूल पकड़ने की आशंका है।

**कर्क** — आज व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न हो इसका ध्यान रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निर्माण संबंधी कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। घरेलू उपयोग के लिए वस्तुओं को खरीद सकते हैं। अपनी रुचि के अनुसार कार्य करना पसंद करेंगे।

**सिंह** — आज आपको अपने काम करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता है। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। घर के लोगों से अपना व्यवहार अच्छा रखें। किसी जरूरत की वस्तु को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

**कन्या** — आज आपके व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। स्वास्थ्य को लेकर आज अत्यंत सजग रहेंगे। लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। काम में आ रही रुकावटों के कारण जो चिंता थी वो काफी हद तक दूर हो जायेगी।

**तुला** — आज रक्तचाप के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। अधिक मसालेदार और गरम भोजन का सेवन न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करना आपको भारी पड़ सकता है। मन में कुछ शंका पनपती रहेगी। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है।

**वृश्चिक** — आज आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा। आर्थिक लेन-देन के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। उच्च अधिकारियों से आपको सहायता मिलेगी। अधूरे छोड़े हुए कार्यों को आज पुन: प्रारम्भ करने का प्रयास करेंगे।

**धनु** — आज आपके मन में प्रसन्नता और उत्साह का भाव रहेगा। ऑनलाइन भुगतान के दौरान सावधानी रखें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवन के प्रति सकारात्मकता बढ़ेगी। अपच के कारण एसीडिटी जैसी समस्या हो सकती है।

**मकर** — आज आपको किसी व्यापारिक यात्रा के लिए जाना पड़ सकता है। परिवार में किसी अनहोनी घटना का भय बना रहेगा। अनावश्यक बहसबाजी से दूर रहें। माता-पिता आप पर अविश्वास जतायेंगे। लोग आपके स्वाभिमान को चोट पहुँचा सकते हैं।

**कुंभ** — आज तत्परता के साथ काम पूरा करने पर आपका फोकस रहेगा। रिटेल व्यापार संबंधित कार्यों में अच्छी प्रगति होगी। आपके ऊपर लक्ष्यों को प्राप्त करने का दबाव रहेगा। कड़ी धूप के सीधे संपर्क में आने से बचें, अन्यथा सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

**मीन** — आज युवाओं के विवाह की चर्चा आगे बढ़ सकती है। बच्चों की सफलता से स्वयं को गौरवान्वित महसूस करेंगे। धन की कमी के कारण समस्या होगी। निम्न रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। कारोबार में विस्तार के लिए लोन लेना पड़ सकता है।

## सुडोकू -64

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | 7 | | 4 |
| 4 | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | 1 | | 3 | | | 8 |
| | | 5 | | 3 | | | 8 | |
| | 4 | | | | | 2 | | |
| | 3 | | | 9 | | 1 | | |
| 3 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 2 | 4 | | 6 | | | | 9 |
| 6 | | | | | 7 | | | |

### सुडोकू - 63 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 | 5 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 6 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 1 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |



“भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच के दौरान अतिरिक्त दबाव होता है, लेकिन खिलाड़ी सदियों पुरानी प्रतिद्वंद्विता को लेकर बाहर हो रही चर्चाओं पर गौर न करके शांतचित्त होकर अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते हैं।

–अक्षर पटेल


स्टेडियम

कानपुर नगर, मंगलवार, 17 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


# अब सेमीफाइनल या फाइनल में ही महा मुकाबला संभव

### आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| कनाडा–न्यूजीलैंड | पूर्वाह्न 11 बजे |
| आयरलैंड–जिम्बाब्वे | दोपहर 3 बजे |
| नेपाल–स्कॉटलैंड | शाम 7 बजे |

मनीष श्रीवास्तव, खेल डेस्क

**अमृत विचार।** भारतीय टीम द्वारा कोलंबों में पाकिस्तान को टी-20 वर्ल्ड कप मैच में करारी शिकस्त देने से फैंस का जोश और रोमांच सातवें आसमान पर है, और वह एक बार फिर से दोनों देशों के बीच हाईवोल्टेज मुकाबले की संभावनाएं देख रहे हैं।

टूर्नामेंट में अभी तक भारत और पाकिस्तान ने तीन-तीन मुकाबले खेले हैं। ग्रुप-ए में भारत तीन जीत के साथ सुपर-8 राउंड में पहुंच गया है, वहीं दो मैच जीतने वाले पाकिस्तान के सामने 18 फरवरी को नामीबिया पर जीत हासिल करने की चुनौती है। जहां तक सुपर-8 में भारत और पाकिस्तान का मैच होने की बात है, तो यह कतई नहीं हो सकता है।

- टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में भारत और पाकिस्तान मैच नहीं



सुपर-8 में भारत-पाक टीमों के बीच मैच नहीं होने की वजह यह है कि प्री-सीडिंग व्यवस्था के अंतर्गत भारत और पाकिस्तान को सुपर-8 के अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है। इस चरण में पहुंचने वाली टीमें केवल अपने ग्रुप में विरोधी टीमों का सामना करेंगी, इसलिए सुपर-8 में भारत-पाक के बीच दोबारा मुकाबला होना संभव नहीं है, लेकिन भारत और पाकिस्तान की टीमें अगर सेमीफाइनल में पहुंचती हैं तो दोनों के बीच एक बार फिर भिड़ंत हो सकती है।



**अपने ग्रुप में पहले या दूसरे स्थान पर ही दोबारा भिड़ंत :** सेमीफाइनल में भारत-पाक मैच के लिए शर्त यह है कि जब एक टीम अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहे और दूसरी टीम दूसरे ग्रुप में दूसरे स्थान पर आए। अगर भारत और पाकिस्तान दोनों टीमें अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर या दूसरे स्थान पर रहती हैं तो दोनों के बीच सेमीफाइनल में भी भिड़ंत संभव नहीं होगी। टी-20 वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल 4 मार्च और दूसरा 5 मार्च को खेला जाना है। अगर दोनों टीमें सेमी फाइनल में पहुंचकर अपने-अपने मैच जीतती हैं, तो फाइनल में महा मुकाबले की तस्वीर बनेगी।

### सुपर-8 की यह है तस्वीर

सुपर-8 में पहुंचने वाली टीमों के दो ग्रुप बनाए जाएंगे। ग्रुप-1 की 4 टीमों को अपने ग्रुप में आपस में मैच खेलने होंगे। यही कहानी ग्रुप-2 में भी होगी। सुपर-8 के लिए दोनों ग्रुप के लिए पहले से तय सीडिंग के आधार पर क्वालीफाई करने पर ग्रुप-1 में भारत को एक्स-1, आस्ट्रेलिया को एक्स-2, वेस्ट इंडीज को एक्स-3 और दक्षिण अफ्रीका को एक्स-4 टीम के रूप में नामित किया गया है। इसी तरह ग्रुप-2 में इंग्लैंड को वाई-1, न्यूजीलैंड को वाई-2, पाकिस्तान को वाई-3 और श्रीलंका को वाई-4 के रूप में नामित किया गया है। अब इनमें से जो टीम सुपर-8 में नहीं पहुंचेगी, उसके स्थान पर उसके ग्रुप से पहुंचने वाली दूसरी टीम शामिल हो जाएगी।

### सुपर-8 में द. अफ्रीका, वेस्ट इंडीज से मैच तय, श्रीलंका या जिम्बाब्वे से संभावित

प्री सीडिंग के अनुसार सुपर-8 में पहुंचने के साथ ही भारत (एक्स-1) के मैचों की स्थिति भी स्पष्ट हो गई है। सुपर-8 में भारत की पहली भिड़ंत दक्षिण अफ्रीका (एक्स-4) से 22 फरवरी को अहमदाबाद में होगी, जबकि 26 फरवरी को संभावित रूप से चेन्नई में श्रीलंका या जिम्बाब्वे के साथ मुकाबला करना होगा। एक मार्च को भारत अपना सुपर-8 का अंतिम मैच वेस्ट इंडीज (एक्स-3) के साथ खेलेगा।

## हाईलाइट

### अभिषेक शर्मा क्रीज पर ज्यादा समय व्यतीत करें : शास्त्री

**कोलंबो।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपनी पारी की शुरुआत में अधिक धैर्य रखने की सलाह दी है। पाकिस्तान पर भारत की 61 रन की जबरदस्त जीत के दौरान अभिषेक बिना किसी रन के आउट होने पर शास्त्री ने कहा कि अभिषेक को आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर अधिक समय बिताने की सलाह दी है। आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा मुझे लगता है कि वह खेलने लायक है, लेकिन उसे स्वयं को थोड़ा और समय देना होगा। ऐसी चीजे होती हैं, और आप गुस्से में आ सकते हैं, लेकिन उसे वापस पटरी पर आने तक खुद को थोड़ा और समय देना होगा। उन्होंने कहा कि क्योंकि उसके लिए बाद में उन डॉट बॉल को बाउंड्री और छक्के में बदलना मुश्किल नहीं है।

### पहली पारी में ही गंवा दिया था मैच : वकार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने भारत के



खिलाफ टी20 विश्व कप में 61 रन की करारी शिकस्त के बारे में कहा कि जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाए तो पाकिस्तान की टीम उसी समय इस मैच से बाहर हो गई थी। वकार ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा पाकिस्तान ने पहली पारी में ही मैच गंवा दिया। एक बार जब भारत ने 175 रन बना लिए तो मैच पाकिस्तान की पकड़ से बाहर हो गया था। गेंद स्पिन हो रही थी और सूर्यकुमार यादव ने गेंदबाजी में पूरी समझदारी से बदलाव किए। उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान ने अपने स्पिन गेंदबाजों का उतना अच्छा इस्तेमाल किया जितना भारत ने किया। लेकिन मैच पहली पारी में ही खत्म हो गया था क्योंकि भारत ने बहुत ज्यादा रन बना लिए थे।

### साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी बनीं मंधाना

**नई दिल्ली।** महिला वनडे विश्व कप 2025 में भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सोमवार को यहां एक भव्य समारोह में 2025 की बीबीसी 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर (साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी)' पुरस्कार के लिए चुना गया। शतरंज की युवा प्रतिभा दिव्या देशमुख को 20 वर्ष की उम्र में फिडे महिला विश्व कप जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। पैरा एथलीट प्रीति पाल को 2024 पेरिस पैरालंपिक में ट्रैक एवं फील्ड में दो कांस्य पदक जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पैरा खिलाड़ी चुना गया। पूर्व निशानेबाज अंजलि भागवत को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# श्रीलंका से भी पिटा ऑस्ट्रेलिया मुश्किल में मेजबान ने सुपर-आठ में जगह की पक्की

## टी-20 विश्व कप : निसांका के नाबाद शतक से कंगारू टीम आठ विकेट से परास्त

पालेकल, एजेंसी

पथुम निसांका की नाबाद शतकीय पारी के बूते श्रीलंका ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 12 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। निसांका की 52 गेंद में नाबाद 100 रन की पारी से श्रीलंका ने जीत के लिए मिले रिकॉर्ड 182 रन के लक्ष्य को 18 ओवर में दो विकेट गंवाकर आसानी से हासिल कर लिया। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाने के अलावा दूसरे विकेट के लिए कुसल मेंडिस (38 गेंद में 51) के साथ 66 गेंद में 97 जबकि पवन रथनायके (15 गेंद में नाबाद 28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 34 गेंद में 79 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को आसान जीत दिला दी। इस हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं। अब उसे अपने अंतिम मैच में ओमान के खिलाफ बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी और बेहतर नेट रन रेट के लिए अन्य परिणामों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। जिम्बाब्वे ने मं अगर आयरलैंड को हरा दिया तो ऑस्ट्रेलिया का सफर ग्रुप चरण में ही खत्म हो जायेगा। इससे पहले कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड के विस्फोटक अर्धशतकों के दम पर मजबूत शुरुआत करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की पारी 181 रन पर सिमट गयी। चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाए मार्श ने वापसी करते ही आक्रामक अंदाज अपनाया और 27 गेंदों में 54 रन ठोक डाले। हेड ने भी 29 गेंदों में 56 रन की तूफानी पारी खेली। दोनों ने मिलकर नौ ओवर से कम समय में 104 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को 200 से अधिक के स्कोर की राह पर ला खड़ा किया। श्रीलंका के गेंदबाजों ने हालांकि आखिरी 10 ओवरों में शानदार वापसी की। लेग स्पिनर दुशान हेमंथा (चार ओवर में 37 रन पर तीन विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी चार विकेट महज छह रन के अंदर गंवा दिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका को मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर कुसल मेंडिस के आउट होने से शुरुआती झटका तब लगा । उनके आउट होते ही दर्शकों से खचाखच भरा पालेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कुछ पल के लिए सन्नाटा पसर गया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' निसांका और कुसल मेंडिस की जोड़ी ने हालांकि दूसरे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी के साथ टीम के लिए मजबूत नींव तैयार किया। टीम को जब 10 ओवर में 89 रन की जरूरत थी तब स्टोइनिस ने मेंडिस को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को दूसरी सफलता दिलाई लेकिन निसांका के सामने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज बेबस नजर आये। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा शतक है। पहले गेंदबाजी करने का श्रीलंका का फैसला शुरुआत में गलत साबित हुआ। मार्श और हेड ने चौकों-छक्कों की झड़ी लगाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। जिम्बाब्वे से 23 रन की हार के बाद उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दुष्मंथा चमीरा (36 रन पर दो विकेट) के पहले ही ओवर में 16 रन बटोर लिए। मार्श ने बैकफुट से ऑफ साइड में शानदार शॉट लगाकर अपने इरादे जाहिर किए, जबकि हेड ने शॉर्ट पिच गेंद पर पर चौका जड़ा। मार्श ने मिडविकेट के ऊपर छक्का लगाकर दबाव बढ़ाया। हेड ने महीश तीक्षणा के खिलाफ दो चौके जड़कर रनगति बरकरार रखी। श्रीलंका को तीसरे ओवर में बड़ा झटका लगा जब 23 वर्षीय तेज गेंदबाज मथीश पथिराना मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़कर बाहर चले गए और दासुन शनाका को ओवर पूरा करना पड़ा। शनाका की पहली ही गेंद पर हेड ने चौका जड़ा और फिर डीप स्क्वायर लेग के ऊपर छक्का लगाकर आक्रमण



शतक लगाने के बाद जश्न मनाते श्रीलंका के बल्लेबाज पतुम निसंका।

### इटली को हराकर सुपर-आठ में पहुंचा इंग्लैंड



**कोलकाता।** विल जैक्स के हरफनमौला प्रदर्शन से इंग्लैंड ने आखिर तक जुझारू प्रदर्शन कर रही इटली को 24 रन से हराकर सोमवार को टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जैक्स की आक्रामक पारी के दम पर इंग्लैंड ने आखिरकार अपनी लय हासिल करते हुए सात विकेट पर 202 रन बनाए। जैक्स ने 22 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 54 रन बनाए और टूर्नामेंट में पहली बार टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। जवाब में इटली ने शानदार प्रदर्शन किया। एक समय लग रहा था कि कोई उलटफेर हो जाएगा पर इंग्लैंड ने वापसी की। इटली के लिए बेन मानेंटी ने 25 गेंद में 60 और ग्रांट स्टीवर्ट ने 23 गेंद में 45 रन बनाए। जैक्स ने समय पर मानेंटी को आउट करके इंग्लैंड को मैच में लौटाया। इटली की टीम 20 ओवर में 178 रन ही बना सकी।

### अफगानिस्तान ने जीवंत रखीं उम्मीदें



**नई दिल्ली।** अजमतुल्लाह उमरजई के ऑलराउंड प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान के अर्धशतक से अफगानिस्तान ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में सोमवार को यहां यूएई को पांच विकेट से हराकर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखा। यूएई के 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने जादरान (53 रन, 41 गेंद, छह चौके, एक छक्का), दारविश रसूली (23 गेंद में 33 रन) और अजमतुल्लाह (21 गेंद में नाबाद 40 रन, तीन छक्के, दो चौके) की पारियों से 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। पहले दो मैच में शिकस्त झेलने वाले अफगानिस्तान के ग्रुप में अब दो अंक हैं। यूएई के भी दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका छह अंक के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुका है जबकि न्यूजीलैंड के चार अंक हैं। इन सभी टीम ने तीन-तीन मैच खेले हैं।



दोहरा शतक लगाने के बाद जश्न मनाते कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल। अमृत विचार

# पडिक्कल के दोहरे शतक से उत्तराखंड बेदम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल : दूसरे दिन खेल समाप्ति तक कर्नाटक ने छह विकेट पर बनाए 689 रन

**अमृत विचार।** लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन बल्लेबाजों का ऐसा दबदबा देखने को मिला। दिन का सबसे बड़ा आकर्षण युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का ऐतिहासिक दोहरा शतक रहा, जिसके चलते कर्नाटक ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 689 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।

दूसरे दिन कर्नाटक ने दो विकेट पर 355 रन से आगे खेलना शुरू किया और आक्रामक अंदाज में रन गति को आगे बढ़ाया। क्रीज पर जमे देवदत्त पडिक्कल ने अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर के साथ पारी को मजबूती दी। नायर ने 108 गेंदों में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 60 रन बनाए। पडिक्कल ने 288 गेंदों में अपने प्रथम श्रेणी करियर का पहला दोहरा शतक जड़ते हुए 232 रनों की यादगार पारी खेली। उनकी पारी में 29 चौके और तीन छक्के शामिल रहे। रविचंद्रन स्मरण ने 10 चौकों की मदद से शतक पूरा किया। उत्तराखंड टीम की ओर से आदित्य रावत ने तीन विकेट हासिल किए।

### जम्मू कश्मीर-बंगाल मैच में रोमांच बढ़ा

**कल्याणी।** मोहम्मद शमी के तीन विकेट के बावजूद जम्मू कश्मीर ने बंगाल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को पांच विकेट पर 198 रन बना लिए जिससे मुकाबला अभी भी बराबरी का है। बंगाल ने पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 328 रन बनाए।

### 39वें स्थान पर रहे आरिफ मोहम्मद

**बोर्मियो (इटली)।** भारत के शीर्ष अल्पाइन स्की खिलाड़ी आरिफ मोहम्मद खान ने मिलान कोर्टिना शीतकालीन ओलंपिक में पुरुष स्लालोम स्पर्धा में दो संयुक्त रन के बाद 39वां स्थान हासिल किया। आरिफ ने स्टेलवियो स्की सेंटर पर दोनों रन मिलाकर दो मिनट 41.60 सेकंड का समय निकाला। दोनों रन पूरे करने वाले खिलाड़ियों में वह अंतिम स्थान (39वां) पर रहे, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने शीतकालीन ओलंपिक में पुरुष स्लालोम में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया।

## शानदार

पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई शानदार पारी की हो रही जमकर तारीफ

# ईशान किशन : आज में जीने वाला जिंदादिल खिलाड़ी



नई दिल्ली, एजेंसी

बॉलीवुड की 1965 में आई फिल्म 'वक्त' में आशा भोंसले का गाया गाना "आगे भी जाने ना तू, पीछे भी जाने ना तू, जो भी है बस यही एक पल है" समय की अनिश्चितता को दर्शाता है कि जिंदगी कभी भी बदल सकती है, भविष्य अनजान है और अतीत को बदला नहीं जा सकता है लेकिन ईशान किशन के लिए ये शब्द एक अलग मायने रखते हैं। यह शायद किशन का पसंदीदा गाना नहीं हो लेकिन इन पंक्तियों का भाव उनके करियर की कहानी से मिलती है।

पटना के 27 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने उस दौर से वापसी की जब भारतीय क्रिकेट जगत उनसे उम्मीद छोड़ने लगा था। ऋषभ पंत टी20 विश्व कप विजेता टीम में वापसी कर चुके थे, ध्रुव जुरेल प्रभावी प्रदर्शन कर रहे थे, संजू सैमसन हमेशा की तरह दावेदार थे और जितेश शर्मा भी अपनी उपयोगिता साबित कर रहे थे। ऐसे में चयन क्रम में पांचवें स्थान पर खड़े किशन के लिए राह लगभग बंद दिख रही थी। आक्रामक शैली के इस बल्लेबाज के लिए लगातार अनिश्चितता के सहारे जीवन बिताना आसान नहीं था। किशन ने मानसिक थकान के चलते ब्रेक लेने का फैसला किया। लेकिन इसके बाद उन्हें चयन से बाहर किया गया, केंद्रीय अनुबंध रद्द हुआ और उन पर घरेलू क्रिकेट को लेकर गंभीर नहीं होने के आरोप लगे।

उनके करीबी मित्र अंशुमत श्रीवास्तव ने कहा अगले ही दिन से लोगों ने मान लिया कि वह क्रिकेट को लेकर गंभीर नहीं हैं। तरह-तरह की बातें लिखी गईं। किशन ने हालांकि इन बातों पर कभी प्रतिक्रिया नहीं दी। मुस्कुराते रहे और मेहनत करते रहे। वर्तमान में जीना कठिन होता है, लेकिन उन्होंने इस प्रक्रिया को सर्वोपरि मान लिया।

अंशुमत के अनुसार आज आप जो पाकिस्तान के खिलाफ देख रहे हैं, वह दो साल पहले शुरू की गई प्रक्रिया का परिणाम है। ये रन उस प्रक्रिया का एक हिस्सा है। अंशुमत पटना स्थित 'इशान किशन क्रिकेट अकादमी' के सह-संस्थापक भी हैं और इस दौरान उनकी मेहनत के साक्षी रहे। इस मुश्किल दौर में अंशुमत के अलावा किशन के परिवार और करीबी लोगों का सुरक्षा घेरा बना रहा।

### बेखौफ किशन ने हमसे मैच छीन लिया : हेसन

**कोलंबो।** पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने कहा कि बेखौफ होकर खेल रहे ईशान किशन के तूफानी अर्धशतक ने उनकी टीम और भारत के बीच अंतर पैदा किया। किशन की 40 गेंद पर 77 रन की तूफानी पारी की मदद से भारत ने रविवार को यहां पाकिस्तान को 61 रन से हराकर सुपर आठ में जगह पक्की कर ली। हेसन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा मुझे लगता है कि वह बेखौफ होकर खेलता है। वह मैदान के दोनों तरफ रन बना सकता है। इसलिए वह सिर्फ लेग साइड तक ही सीमित नहीं है। हम जानते हैं कि वह लेग साइड का मजबूत बल्लेबाज है, लेकिन वह रिवर्स शॉट भी खेल सकता है। इसलिए, अगर विशेष कर पावर प्ले में स्पिन गेंदबाज गेंदबाजी कर रहे हो तो उसे रोकना चुनौती हो सकती है। हेसन ने स्वीकार किया कि किशन ने प्रेमदासा की धीमी पिच पर पाकिस्तान के धीमे गेंदबाजों के खिलाफ 37 गेंदों में 66 रन बनाकर उनकी स्पिन-प्रधान रणनीति को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि जिस तरह से वह शानदार फॉर्म में हैं, उससे हमारे स्पिनरों पर दबाव पड़ा और वे 'बेसिक्स' से भटक गए।

### खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर और शाहीन की हो सकती है छुट्टी

**कराची।** भारत के खिलाफ कोलंबो में अहम मुकाबले में नाकाम रहने के बाद नामीबिया के खिलाफ टी20 विश्व कप के अगले मैच में खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी की पाकिस्तानी टीम से छुट्टी हो सकती है। पाकिस्तानी टीम प्रबंधन के विश्वस्त सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भारत से मिली 61 रन से हार के बाद टीम मैनेजर नावेद अकरम चीमा को नाराजगी जता दी है। सूत्र ने कहा पीसीबी अध्यक्ष प्रेमदासा स्टेडियम से मैच खत्म होने से पहले ही चले गए क्योंकि पाकिस्तान की हार तय हो चुकी थी। सूत्र ने यह भी कहा कि नकवी ने पीसीबी के एक आला अधिकारी के जरिये मैनेजर को संदेश दिया है कि इस तरह का प्रदर्शन स्वीकार्य नहीं है। कोच माइक हेसन ने भी ड्रेसिंग रूम में टीम से बात करके कहा कि उन्होंने अपनी क्षमता के अनुरूप नहीं खेला। टीम प्रबंधन ने तय किया है कि अब बहुत हो चुका और बाबर आजम तथा शाहीन को आराम देकर सलमान मिर्जा और नसीम शाह या फखर जमां को उतारा जाए।

# व्यावसायिक महत्व जल्द हो जाएगा कम

कराची, एजेंसी

- पाकिस्तानी क्रिकेट विशेषज्ञों ने लगातार हार पर जताई चिंता

पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ियों और क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला लगातार एकतरफा होने और भारत के दबदबे के कारण इन मुकाबलों का व्यावसायिक महत्व कम होता जा रहा है।

भारत की रविवार को आसान जीत ने पाकिस्तान को पहले से कहीं ज्यादा झटका दिया है क्योंकि ऐसी उम्मीदें थीं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ हाल के गतिरोध के दौरान देश के प्रशासकों के कड़े रुख के बाद खिलाड़ी भी मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। लेकिन भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से करारी शिकस्त दी जिससे दोनों टीमों के बीच अंतर भी स्पष्ट हो गया। टी20 विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को नौ में से आठ मैचों में हराया है। इसके अलावा पिछले साल एशिया कप में सलमान अली आगा की अगुवाई वाली टीम को भारत से लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा था। 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जीत के बाद से पाकिस्तान अपने चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक भी वनडे मैच नहीं जीत पाया है।



पाकिस्तानी ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज।